वर्मा यात्रप चेक लेकर नम्बर एक की खिडकी पर एक सौ रुपये का स्लिप अपने हिसाब में जमा कराने के लिए देते हैं और अपनी हिसाब की किताब भी बाबू जी को दे देते हैं।

बाबू: (वर्मा से एक सौ रुपये का स्लिप उनकी किताब में जमा करने के लिए ले लेते हैं) आपके हिसाब में एक सौ रुपये जमा कर दिये हैं। यह लीजिये किताब की रसीद। इसे हमें भेज दें और चार-पाँत दिन में अपनी किताब मँगवा लें।

वर्मा: अच्छा जी, मैं दिल्ली से लौटकर अपनी किताब मँगवा लूँगा। नमस्ते, अब दिल्ली से आकर मिलूँगा।

बाबू: नमस्ते जी।

१४. संख्याओं को याद कीजिये।

८१ इकासी, ८२ बयासी, ८३ तिरासी, ८४ चौरासी, ८५ पचासी, ८६ छियासी, ८७ सत्तासी, ८८ अठासी, ८९ नवासी, ९० नव्वे.

चुटकुले (шутки)

१. सुनो जी, आज मैंने बाजार में एक ऐसी पोशाक देखी कि...

पहनकर दिखा ही दो कि कैसी है।

२. पिता की मृत्यु के कुछ दिन बाद एक मित्र ने पुत्र से पूछा, “मरते समय तुम्हारे पिता जी ने कुछ कहा था?”

“जी नहीं, माँ यस समय उनके साथ थीं।

३. एक आदमी ने देखा कि उसका लडका घोडे पर बैठा कुछ लिख रहा है। उसने अपने लडके से पूछा, “तुम क्या कर रहे हो?”

लडका: मैं एक कहानी लिख रहा हूँ।

पिता जी: घर में क्यों नहीं लिखते?

लडका: अध्यापक जी ने घोडे पर एक कहानी लिखने को कहा था, इसलिए घोडे पर चढा और लिख रहा हूँ।

УРОК 10

व्याकरण

Вставные слова и сочетания слов

Вставные слова и сочетания слов служат для выражения добавочного сообщения или пояснения части предложения. Они всегда выделяются интонационно, что на письме обозначается тире или скобками: यह देश (भारत) संसार का एक प्राचीनतम देश है, यह आदमी (मदन लाल) पिता जी का मित्र है, मैंने बैंक - नगर के एक निजी बैंक – में हिसनब खोला है.

Условное придаточное предложение (продолжение)

Наряду с условными придаточными предложениями, в обеих частях которого выступают формы изъявительного наклонения, в хинди употребляются предложения, где предикат придаточной части представлен формами сослагательного наклонения, поскольку выдвигаемое здесь условие мыслится как нереальное (предполагаемое): यदि उससे यह सवाल किया जाए तो वह क्या जवाब देगा?, अगर मुझसे कोई यह पूछे तो मैं कह सकता हूँ कि यह परिवार का प्रश्न है.

Повторение

Причастные временные формы глагола в изъявительном наклонении

Настоящее общее (обычное) время

Данная форма времени образуется сочетанием ПНВ со спрягаемыми формам глагола-связки ह:

मैं	लिखता	हूँ	हम	लिखते	हैं
तू	लिखता	है	तुम	लिखते	हो
यह	लिखता	है	आप	लिखते	हैं
वह	लिखता	है	वे	लिखते	हैं

Данная форма выражает обычное, регулярно повторяющееся действие, относящееся ко всему настоящему временному плану. Реже эта форма выражает действие, совпадающее с моментом речи.

Настоящее время момента речи

Данная форма времени образуется сочетанием ПП со спрягаемыми формами глагола-связки है:

मैं	जा रहा	हूँ	हम	जा रहे	हैं
तू	जा रहा	है	तुम	जा रहे	हो
यह	जा रहा	है	आप	जा रहे	हैं
वह	जा रहा	है	वे	जा रहे	हैं

Данная форма выражает действие, происходящее в момент речи. Реже она указывает на действие, которое может осуществиться в ближайшем будущем.

Прошедшее несовершеное время

Данная форма времени образуется сочетанием ПНВ с формами глагола-связки था:

मैं	रहता	था	हम	रहते	थे
तू	रहता	था	तुम	रहते	थे
यह	रहता	था	आप	रहते	थे
वह	रहता	था	वे	रहते	थे

Данная форма выражает незаконченное действие, относящееся ко всему прошедшему временному плану.

Прошедшее совершенное (общее) время

Данная форма времени образуется простым ПСВ, выступающем в функции предиката:

मैं, तू, यह, वह	आया	हम, तुम, आप, वे	आये

Данная форма выражает однократное законченное действие, которое могло осуществиться в любой точке прошедшего времени. Реже эта форма передает «пучок» однократных законченных действий, происходивших в нескольких точках прошедшего времени (वह भारत कई बार गया).

Настоящее совершенное время

Данная форма времени образуется сочетанием ПСВ со спрягаемыми формами глагола-связки है:

मैं	आया	हूँ	हम	आये	हैं
तू	आया	है	तुम	आये	हो
यह	आया	है	आप	आये	हैं
वह	आया	है	वे	आये	हैं

Данная форма выражает законченное результативное состояние, актуальное для настоящего временного плана.

Предпрошедшее время

Данная форма времени образуется сочетанием ПСВ с формами глагола-связки था:

मैं, तू, यह, वह	आया था	हम, तुम, आप, वे	आये थे

Данная форма выражает результативное состояние, которое возникло до момента времени в прошлом, т.е. передает процесс, который совершился ранее другого прошедшего процесса или ранее определенного момента в прошлом.

Следует помнить, что во всех формах времени с участием переходных ПСВ предикат согласуется не с субъектом действия, выступающем с послелогом ने, а с беспослеложным подлежащим:

मैं (तू, इस, उस, हम, तुम, आप, इन्हों, उन्हों) ने	किताब	लिखी	है (थी)
मैं (तू, इस, उस, हम, तुम, आप, इन्हों, उन्हों) ने	किताबें	लिखीं (लिखी)	(हैं, थीं)

Настоящее намерительное

Данная форма времени образуется сочетанием ППК со спрягаемыми формами глагола-связки ह:

मैं	जाने वाला	हूँ	हम	जाने वाले	हैं

तू	जाने वाला	है	तुम	जाने वाले	हो
यह	जाने वाला	है	आप	जाने वाले	हैं
वह	जाने वाला	है	वे	जाने वाले	हैं

Данная форма указывает на намерение совершить действие в широком плане настоящего времени.

Прошедшее намерительное

Данная форма времени образуется сочетанием ППК с формами глагола-связки **था**:

मैं, तू, यह, वह	जाने वाला था	हम, तुम, आप, वे	जाने वाले थे

Данная форма выражает намерение осуществитель действие в широком плане прошедшего времени.

व्याकरण के अभ्यास

१. अनुवाद कीजिये।

क. मैं राम विलास शर्मा हूँ। मैं हिन्दी अध्यापक हूँ। मैं दिल्ली में रहता हूँ और यहाँ हिन्दी पढाता हूँ।

मैं रमेश हूँ। मैं रेल मंत्रालय में काम करता हूँ। मैं भी दिल्ली में रहता हूँ। मैं यहाँ हिन्दी सीखता हूँ।

मैं कमला हूँ। मैं कृषि मंत्रालय में काम करती हूँ। मैं भी दिल्ली में रहती हूँ। आजकल यहाँ हिन्दी सीखती हूँ।

ख. आज सुबह से वर्षा हो रही है। सडक पर बहुत पानी है। गाडियाँ धीरे-धीरे («медленно») चल रही हैं। शाम के सात बजे हैं। पानी अब भी पड रहा है। सुरेश बाबू रोजाना पाँच बजे घर लौटते हैं। आज बाहर वर्षा हो रही है इसलिए वह अभी तक काम पर रहे हैं। वह पुरानी किताबें देख रहे हैं और अपने मित्र से बातें कर रहा है तथा चाय पी रहे हैं।

ग. पिछ्ले महीने मैं अपने परिवार के साथ जयपुर गया। हम लोग रात की गाडी में गये और सुबह पाँच बजे जयपुर पहुँच आये। सूर्य के उदय में अभी देर थी। हमने कुली को बुल(ाया। कुली ने सामान “क्लोक रूम” में जमा किया। थोडी देर तक हम लोगों ने “वेटिंग रूम” में आराम किया। इतने में दिन निकल आया।

“वेटिंग रूम” में हाथ-मुँह धोकर और तैयार होकर हम दोग स्टेशन के बाहर निकले। सामने कहुत सी दुकानें थीं। कुछ होटल भी थे। एक होटल में बैठकर हम लोगों ने नाश्ता किया। नाश्ता करके हम लोग नगर को देखने गये। इस में काफी घूमे। आठ के बजते-बजते हम लोगों ने खाना खाया और स्टेशन आ गये। “क्लोक रूम” से अपना सामान लिया और साढे नौ बजे दिल्ली की गाडी में सवार हुए।

घ. प्रिय («дорогой») गोपाल जी,

नमस्ते,

पिछ्ले हफ्ते आपका पत्र मिला था। आपने हम लोगों को अपनी लडकी की शादी («свадьба») में बुलाया है और शादी के लिए कुछ सामान खरीदने के लिए लिखा है। कल ही हमने आपको पत्र भेजा है जिसमें लिखा है कि हम शादी में आने वाले हैं। पर कल ही घर से पिता जी का पत्र आया है। उन्होंने पलखा है कि माता जी बीमार पड गयी हैं। ऐसी स्थिति में अब हम लोग आज शाम की गाडी से घर जा रहे हैं। आपके सामान में से हमने कुछ चीजों को खरीद भी लिया है। अब हम उन चीजों को डाक से भेज रहें हैं। हमारे एक मित्र

अगले हफ्ते मैसूर जा रहे हैं वे यह सामान आपके पास पहुँचा देंगे। हाँ, आपने लिखा था कि आपको हलके संगीत का एक कैसेट चाहिए। वह मैं घर जाकर एक दो दिन में भेज दूँगा।

आपका, समीर।

२. वाक्य बदलिये।

नमूना: गोपाल ने इस साल एक रेडियो खरीदा है। (पिछले साल) गोपाल ने पिछले साल एक रेडियो खरीदा था।

मैंने अभी तक आपकी गाडी नहीं देखी है। (कल तक)
रीता ने इस बार अच्छी किताब दी है। (पिछली बार)
रमेश ने यह पुस्तक आज पढी है। (पिछले साल)
मैंने यह गाडी आज ही खरीदी है। (कई साल पहले)
शीला ने कल रुपये भेजे हैं। (कई दिन पहले).

३. अनुवाद कीजिये।

А. 1)Все знают, что Земля вращается вокруг Солнца. Вращается она и сейчас и будет вращаться в будущем. 2)Мой отец работает в Министерстве здравоохранения. Писатель сейчас работает над новой книгой. 3)Я хожу в школу по этой улице, но сейчас я иду по этой улице в магазин. 4)По городу движется много автомобилей. Этой автомобиль идет на вокзал. 5)Все посылают письма по почте. Сейчас я посылаю открытку своему другу. 6)Бабушка обычно покупает фрукту на базаре, но сегодня она покупает манго на индийской выставке. 7)Обычно поезда прибывают вовремя, но сегодня этот поезд прибывает с опозданием. 8)Обычно этот продавец продает конверты и открытки, но сегодня он продает только марки. 9)Обычно почта доставляет газеты рано утром, но сегодня она доставляет их после полудня. 10)Обычно я завтракаю в восемь часов, но сегодня выходной день, и я завтракаю в десять часов.

Б. 1)Пришел ли наш друг? Да, он только что пришел и сидит в гостиной. 2)Наш преподаватель уехал в Индию. Сейчас он живет в Дели. 3)Он открыл окно, и я замерз. 4)В этом месяце я получил письмо из дома, прочитав которое, я узнал, что мой брат заболел и его доставили в больницу. 5)Мы только что перевели этот рассказ, который был написан в прошлом веке. 6)Мои родители только что вернулись с работы. 7)Письмо только что доставили. 8)Кто обычно сидит на этом кресле? Мой отец. А сейчас кто сидит там? Брат моего отца. 9)Этот город раскинулся по обеим берегам реки. 10)Наш университет относится к Министерству иностранных дел.

В. 1)Мы позавтракали раньше, чем он пришел. 2)Один русский путешественник прибыл в Индию в 15 веке. 3)Несколько месяцев назад я написал письмо другу, но до сих пор не получил ответа. 4)Студенты уже закончили перевод, когда прозвенел звонок. 5)Судно несколько часов назад уже прибыло в порт, и мы смогли вернуться в наши каюты. 6)Перед тем как пойти спать, он выпил немного воды. 7)Отец сказал, что отправил ему телеграмму еще вчера. 8)Мы вернулись домой до наступления сезона дождей. 9)Я узнал об этом до моего возвращения из поездки.

Г. 1)Прошлой зимой мы собирались поехать в Индию. Собираемся мы поехать и в этом году. 2)Мы собираемся купить новый автомобиль. Мы собирались купить его в прошлом году, но у нас не хватило денег. 3)Мои бабушка и дедушка собираются продать свой старый дом. Они давно собирались сделать это и переехать из деревни в город. 4)Мы собираемся поехать туда поездом. Мы собирались поехать пароходом, но не смогли купить билеты. 5)Мой друг собирается открыть свою частную фирму. Он собирался сделать это в прошлом году, но не смог скопить достаточно денег.

पाठ

जंतु जगत्

जीव-जंतुओं का विषय सभी को रुचिकर होता है। मदारी की डुगगी सुनकर भालू और बंदर का तमाशा देखने के लिए लोगों की भीड लग जाती है। जब कहीं कोई सरकस आता है तब लोगों को शेर, चीते और अन्य जानवरों को देखने की प्रबल इच्छा होती है। जिस प्रकार भिन्न-भिन्न प्रकार के जीव-जंतु होते हैं उसी प्रकार उनका रहन-सहन, भोजन, निवास स्थान और डील-डौल भी बडा विचित्र होता है। ऊँट हिमालय में क्यों नहीं होता और कस्तूरी मृग राजपूताना और सहारा की मरुभूमि में क्यों नहीं पाया जाता? शेर के शरीर पर धारियाँ और बाघ पर चकत्ते क्यों होते हैं? गिरगिट रंग क्यों बदलता है? इन सब प्रश्नों के उत्तर विज्ञान और भौगोलिक परिस्थितियों से संबंधित हैं।

जीव-जंतुओं के स्वभाव और उनके भोजन प्राप्ति के ढंग भी बडे ही अनोखे होते हैं। शेर बैल को एक ही थाप में मार देता है, पर यदि शेर को गाडी में जोत दिया जाये तो क्या उससे भारी गाडी दस-बीस गज भी खिंचेगी? कबूतर, गौरैया और कौआ अपने बच्चों को चुगा देते हैं, पर मुर्गी, चकोर और मोर के बच्चे अंडे से निकलते ही चुगना प्रारंभ कर देते हैं। मगर अंडा देता है और ह्वेल बच्चा देती है।

भारत जंगली जानवरों के लिए प्रसिद्ध है। वहाँ के वन्य पशु भारत के निवासियों के लिए ही नहीं, वरन् विदेश के प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आकर्षण की वस्तु है। शेर, बघेरा, चीता, विभिन्न प्रकार के हिरन, घडियाल तथा अन्य जानवर भारत की एक भारी संपत्ति हैं और उनकी जानकारी हमारे लिए कौतूहल की दृष्टि से ही नहीं, वरन् ज्ञान की दृष्टि से भी बहुत आवश्यक है।

अपने देश के जंगली जानवरों के विषय में साधारण तथा रोचक परिचय देने से पूर्व यह आवश्यक है कि पाठकों को मोटे तौर पर यह बता दिया जाये कि जीव-जंतुओं के वर्गों का विभाजन किया जा सकता है।

सरलता के लिए जीव-जंतुओं को उनके शरीर की बनावट के अनुसार दो भागों में विभक्त कर सकते हैं। एक तो वे, जिनके रीढ होती है और दूसरे वे, जिनके रीढ नहीं होती। रीढदारों के पांच विभाग हैं:

१. दूध पिलाने वाले - ये अपने बच्चों को दूध पिलाते हैं और उनके हृदय के चार भाग होते हैं।

२. पक्षी - इनके पर होते हैं और ये अपने बच्चों को जो अंडों से निकलते हैं दूध नहीं पिलाते। पक्षी हवा में उडते हैं।

३. रेंगने वाले - इनका खून ठंडा होता है और इनके हृदय में केवल तीन कोठरियाँ होती हैं।

४. फुदकने वाले - ये रेंगने वालों के समान होते हैं, पर अपनी असली अवस्था पर आने तक इनके आकार में मेंढक की भाँति परिवर्त्तन होता है।

५. मछलियाँ - ये पानी में तैरती हैं और गलफडों से साँस लेती हैं। इनके हृदय में दो कोठरियाँ होती हैं।

बिना रीढ वालों के तीन विभाग हैं:

१. कोषधारी - इनके शरीर नरम होते हैं और ये एक कोष में होते हैं, जैसे, घोंघा।

२. कीडे-मकोडे - इनके छ: टाँगें और दो अथवा चार पंख होते हैं और इनका शरीर खानों का बना होता है, जैसे, तितली।

३. कवचधारी - इनके शरीर पर कडा कवच सा चढा रहता है, जैसे, केकडा।

परन्तु इन विभागों में भी अनेक उपविभाग हैं। उदाहरण के लिए, दूध पिलाने वालों में शिकार करने वाले जंतुओं की श्रेणी है। हम उनको उनके दांतों की बनावट से पहचानते हैं। उनके दाँत चबाने के लिए नहीं, वरन् हड्डियों से मांस नोचने, तोडने और फाडने के लिए बनाये गये हैं।

असल में, श्रेणी एक छोटा विभाग है और विभाग एक छोटा समुदाय है। अत: उपर्युक्त वर्गीकरण भी पर्याप्त नहीं है

क्योंकि <u>शिकारी जंतुओं</u> में ही अनेक ऐसे हैं जो एक दूसरे से बिलकुल भिन्न हैं। उदाहरण के लिए लकडबग्घा शेर से, लोमडी भेडिये से और भालू बाघ से बिलकुल भिन्न होते हैं। इसलिए प्रत्येक श्रेणी छोटे-छोटे वर्गों में विभक्त है जिनको परिवार कहते हैं। इस प्रकार, शिकारी जंतु श्रेणी में बिल्ली और कुत्ते हैं। यदि बाघ का कोई वर्णन-वर्गीकरण पूछे, तो हम कह सकते हैं कि बाघ बिल्ली के परिवार का है। वह शिकारी पशुओं की श्रेणी में है, स्तनपोषी विभाग में है और उस बडे समुदाय में है जो रीढदार कहलाता है।

बाघ रीडदार समुदाय में है, पर रीढदार समुदाय में गाय, कबूतर, भेडिया भी हैं, इसलिए गाय, कबूतर और भेडिया तथा बाघ का समुदाय एक ही है। पर चारों का विभाग एक नहीं है। कबूतर स्तनपोषी नहीं है। वह अंडा देता है। भेडिया, गाय और बाघ स्तनपोषी विभाग में हैं, इसलिए तीनों एक समुदाय में और एक ही विभाग में हैं, पर उनकी श्रेणी एक नहीं है। बाघ और भेडिया एक ही श्रेणी - शिकारी पशुओं की श्रेणी - में हैं, इसलिए बाघ और भेडिया एक ही समुदाय, एक ही विभाग और एक ही श्रेणाी के हुए, पर वे एक ही परिवार के नहीं हैं। बाघ <u>बिल्ली के परिवार</u> का है और भेडिया <u>कुत्ते के परिवार</u> का। अत: हम कह सकते हैं कि बाघ और भेडिया एक ही समुदाय (रीढदार) में हैं, एक ही विभाग (स्तनपोषी) में हैं और एक ही श्रेणी - शिकारी पशुओं की श्रेणी में हैं, पर बाघ बिल्ली के परिवार का है और भेडिया कुत्ते के परिवार का।

रीढदार और बिना रीढदार में मुख्य भेद यह है कि प्रत्येक रीढदार के हड्डियाँ और रीढ होती हैं और बिना रीढ वालों के <u>हड्डियों का ढांचा</u> नहीं होता। यदि बकरी की खाल निकाल ली जाये, तो शेष हड्डियों का ढांचा ही रह जाएगा। यह बात प्रत्येक रीढदार के लिए लागू है। बिना रीढ वालों का कडा भाग शरीर के ऊपरी भाग ही होता है, जैसे, केकडों का। बहुतों के तो कडा भाग होता ही नहीं। दूसरा मुख्य भेद इन

दोनों में यह है कि रीढदार के अधिक से अधिक चार भुजाएँ (हाथ और पैर) होती हैं। बिना रीढ वालों के अनेक भुजाएँ होती हैं। तीसरा मुख्य भेद हृदय संबंधी है। प्रत्येक रीढदार के हृदय स्पष्ट होता है और बिना रीढ वालों के नहीं होता। तीसरा भेद यह है कि सब रीढदार जंतुओं की आँखें होती हैं जबकि कई बिना रीढ वालों की आँखें नहीं हैं।

नये शब्द

अंडा **andaa** *м* яйцо

अनुसार **анусаар:** के ~ согласно, в соответствии с

अनोखा **анокhaa** удивительный; необычный

अन्य **анйа** другой, иной

असली **аслии** реальный; подлинный, настоящий

आँख **ăakh** *ж* глаз

आकर्षण **аакаршан** *м* притяжение, привлечение

आकार **аакаар** *м* 1)вид, форма 2)размер; объем

इच्छा **иччhaa** *ж* желание

उडना **уrнаа** *нп.* летать

उत्तर **уттар** *м* ответ

उपर्युक्त **упарйукт** вышесказанный

उपविभाग **упвибhaaг** *м* подкласс, подотдел

ऊपरी **упарии** 1)верхний 2)наружний, внешний

कडा **karaa** 1)крепкий, прочный 2)грубый, резкий

कबूतर **кабуутар** *м* голубь

कवच **кавач** *м* 1)панцирь 2)броня

कवचधारी **кавачдhaарии** 1)панцирный 2)бронированный

कस्तूरी **кастуурии** *ж* мускус

कीडा **кииraa** *м* насекомое

कुत्ता **куттаа** *м* собака

केकडा **кекraa** *м* рак, краб

कोठरी **kothрии** *ж* 1)комната 2)камера

कोष **кош** *м* 1)футляр 2)фонд 3)кладовая

कोषधारी **кошдhaарии** несущий футляр

कौआ **кауаа** *м* ворона

कौतूहल **каутууhал** *м* любопытство; интерес

खाना **khaанаа** *м* отделение; часть

खाल **khaaл** *ж* кожа; шкура
खिँचना **khûчнaa** *нп.* тянуться, тащиться
खून **<u>kh</u>yyн** *м* кровь
गज **газ** *м* ярд
गलफडा **галпhara** *м* жабры
गिरगिट **гиргit** *м* хамелеон
गौरैया **гаурайййаа** *ж* воробей
घडियाल **rhariйаал** *м* гавиал
घोंघा **rhõrhaa** *м* улитка
चकत्ता **чакттaa** *м* пятно (*на теле, шкуре*)
चकोर **чакор** *м* куропатка
चबाना **чабаанaa** *п* жевать, пережевывать
चीता **чиитaa** *м* гепард
चुगना **чугнaa** *п* клевать
चुगा **чугаа** *м* птичий корм
जंतु **джанту** *м* живое существо
जगत् **джагат** *м* мир, вселенная
जीव **джиив** *м* живое существо
जोतना **джотнaa** *п* 1)запрягать 2)пахать
ज्ञान **гйаан** *м* знание, познание
टाँग **tǎar** *ж* нога
डील-डौल **dиил-dayл** *м* телосложение, фигура
डुग्गी **dyггии** *ж* барабан
ढंग **dhанг** *м* метод, способ
ढाँचा **dhǎачaa** *м* 1)остов, каркас 2)структура; строй
तमाशा **тамаашaa** *м* представление, зрелище
तितली **титлии** *ж* бабочка
तैरना **тайрнaa** *нп.* плавать
तोडना **тоrнaa** *п* 1)ломать, разбивать 2)рвать
थाप **thaaп** *ж* удар; пощечина
दाँत **дǎат** *м* зуб
दूध **дуудh** *м* молоко
धारी **дhaарии** *ж* полоса
नरम **нарам** мягкий, нежный
निवास **ниваас** *м* 1)проживание 2)дом, жилище
नोचना **ночнaa** *п* 1)вырывать 2)царапать
पंख **панкh** *м* крыло
पक्षी **пакшии** *м* птица
पर **пар** 1)оперение, перья 2)крыло
परिचय **паричай** *м* 1)знакомство 2)ознакомление
परिपर्त्तन **париварттан** *м* изменение, перемена
पर्याप्त **парйаапт достаточный**
पहचानना **паhчаанннaa** *п* узнавать, распознавать

पाठक **паathак** *м* читатель
पिलाना **пилаанаа** *п* поить
पूर्व **пуурв** раньше
पैर **пайр** *м* нога
प्रकृति **пракрити** *ж* природа; характер, нрав
प्रबल **прабал** сильный, мощный
प्राप्ति **праапти** *ж* получении, приобретение
प्रेमी **премии** *м* 1)возлюбленный 2)любитель
फाडना **пhaarнaa** *п* рвать, разрывать
फुदकना **пhудакнаа** *нп.* прыгать, скакать
बंदर **бандар** *м* обезьяна
बघेरा **багhераа** *м* пантера
बच्चा **баччаа** *м* ребенок; детеныш
बाघ **баагh** *м* леопард
बिना **бинаа:** [के] ~ без
बिल्ली **биллии** *ж* кошка
भाँति **бhăати:** की ~ наподобие, подобно
भारी **бhaарии** тяжелый; серьезный
भालू **бhaалуу** *м* медведь
भुजा **бhуджаа** *ж* 1)рука 2)конечность
भेडिया **бhеrийаа** *м* волк
भेद **бhед** *м* разница, различие
भौगोलिक **бhayголик** географический
मगर **магар** *м* крокодил
मछली **мачhлии** *ж* рыба
मदारी **мадаарии** *м* бродячий дрессировщик
मांस **маанс** *м* мясо
मारना **маарнаа** *п* 1)ударять 2)убивать
मुरगी **мургии** *ж* курица
मृग **мриг** *м* олень; антилопа
मेंढक **mĕrhak** *м* лягушка
मोटा **motaa** толстый; упитанный
मोर **мор** *м* павлин
रंग **ранг** *м* цвет; окраска
रहन-सहन **pahan-cahan** *м* существование; образ жизни
रीढ **pirh** *ж* позвоночник
रीढदार **pirhдаар** позвоночный; хордовый
रुचिकर **ручикар** интересный
रेंगना **рĕгнаа** *нп.* ползать
रोचक **рочак** увлекательный, интересный
लकडबग्घा **лакarбaггhaa** *м* гиена
लोमडी **ломrии** *ж* лисица
वन्य **ванйа** лесной; лесистый
वरन् **варан** но, однако
वर्गीकरण **варгиикара<u>н</u>** *м* классификация

वर्णन **варн̲ан** *м* описание
वस्तु **васту** *ж* вещь, предмет
विचित्र **вичитр** 1)разноцветный 2)необычный
विभक्त **вибакт** разделенный
विभाजन **вибhааджан** *м* раздел, разделение
शिकार **шикаар** *м* 1)охота 2)добыча, жертва
शिकारी **шикаарии 1.** охотничий **2.** *м* охотник
शेष **шеш̲ 1.** остающийся **2.** *м* остаток
संपत्ति **сампатти** *ж* имущество; достояние
संबंधित **самбандhит** связанный
समान **самаан 1.** равный, подобный **2.** के ~ подобно, как
समुदाय **самудаай** *м* 1)общество 2)группа; отряд
सरकस **саркас** *м* цирк
सरलता **саралтаа** *ж* простота
साधारण **саадhааран̲** обычный, обыкновенный
स्तनपोषी **станпош̲ии** млекопитающий
स्पष्ट **спаш̲t** 1)явный, очевидный 2)ясный, понятный
स्वभाव **свабhаао** *м* характер; нрав
हड्डी **haddии** *ж* кость
हृदय **hр̲идай** *м* сердце
ह्वेल **hвел** *м/ж* кит

भौगोलिक नाम

राजपूताना Раджпутана, историческая область на западе Индии в штате Раджастхан (*букв.* «страна раджпутов»; раджпуты (*букв.* «царские дети») – название одного из кланов кшатриев-воинов).
सहारा пустыня Сахара

Лексико-грамматический комментарий

१. जंतु जगत् «животный мир», «фауна».

२. जीव-जंतु «живые существа».

३. मदारी бродячий дрессировщик, работающий, как правило, с медведями и обезьянами.

४. निवास स्थान «резиденция»; *зд.* «среда обитания».

५. कस्तूरी मृग «мускусный олень».

६. भोजन प्राप्ति «добывание пищи».

७. ही नहीं, वरन् «не только, но и» – градационно-соединительный союз, связывающий однородные члены предложения.

८. Именно-глагольное сочетание परिचय देना имеет значение «познакомить»; *зд.* «дать представление».

९. मोटे तौर पर «в общих чертах», «в общем».

१०. Именно-глагольное сочетание विभाजन करना имеет значение «производить деление», «разделять». Присоединяет зависимый компонень через послелог का.

११. Глагольный монолит विभक्त करना имеет значение «разделять», «подразделять».

१२. Послелог принадлежности के может присоединять не только одушевленные существительные: जिन के <u>रीढ</u> होती है «у кого имеется позвоночник».

१३. Слово विभाग в данном контексте имеет значение «класса» животных. Слово समुदाय передает понятие «тип» животных, слово श्रेणी – «отряд» животных. Иерархия выстраивается следующим образом: समुदाय, विभाग, श्रेणी, परिवार.

१४. दूध पिलाने वाले «млекопитающие».

१५. हृदय के चार भाग होते हैं «имеется четырехкамерное сердце».

१६. रेंगने वाले «пресмыкающиеся».

१७. फुलकने वाले *зд.* «земноводные» (*букв.* «прыгающие»).

१८. बिना रीढ वाले «беспозвоночные».

१९. कोषधारी *букв.* «несущие раковину». Так автор обозначает класс «брюхоногих».

२०. कीडे-मकोडे «насекомые». Парные сочетания синонимичных или близких по значению слов может передавать понятие множественности: जीव-जंतु, कीडे-मकोडे, रीति-रिवाज.

२१. Слово टाँग передает понятие «ноги от бедра до ступни», а слово पैर означает «ступню ноги», хотя на русский язык оба слова можно переводить как «нога».

२२. Слово खाना в данном контексте можно перевести как «сочленение». Членистоногие являются самым распространенным типом среди насекомых.

२३. कवचधारी *букв.* «несущие панцирь», т.е. «панцерные».

२४. Приставка उप передает общее понятие второстепенности, подчиненности: उपविभाग «подотдел», उपराष्ट्रपति «вице-президент», उपमंत्री «заместитель министра», उपनगर «пригород».

२५. Именно-глагольное сочетание शिकार करना имеет значение «охотиться», «вести охоту». Зависимый компонент присоединяется через послелог का: शेर का शिकार करना «охотиться на тигра».

२६. शिकार करने वाले (शिकारी) जंतु «хищники».

२७. बिल्ली का परिवार «семейство кашачьих».

२८. कुत्ते का परिवार «семейство псовых».

२९. खाल निकालना «снимать шкуру».

३०. रीढ का ढाँचा «скелет».

३१. भुजा передает понятие «руки от плеча до кисти». Слово हाथ буквально означает «кисть руки». Однако оба слова можно переводить на русский язык как «рука».

पाठ के अभ्यास

१. पाठ को पढिये और रूसी में अनुवाद कीजिये।

२. प्रत्येक नये शब्द को दो बार लिखिये।

३. पाठ में प्रस्तुत सभी जीव-जंतुओं के नाम अलग लिखिये।

४. अनुवाद कीजिये।

дикое (домашнее, млекопитающее, хищное, позвоночное) животное, тип (класс, отряд, семья) животных, изучение (развитие) животных, книга (фильм) о животных, кормить и поить животных, цирковое представление, организовывать представление, сильное железние, желание работать (учиться, познакомиться с животным миром), исполнять желание, сделать это согласно своему желанию, другой день (язык), другие люди (животные), изменять (улучшать) образ жизни, резиденция премьер-министра, человек крепкого телосложения, удивительное событие, удивительный характер (предмет), удивительная страна, удивительный способ добывания пищи, твердый (суровый, мягкий, странный) характер, получение долга (знаний), ответ на вопрос, давать ответ на письмо, сказать в ответ, географические условия, географические название, быть связанным с недавними событиями, изменять методы строительства, изучать научные методы изменения климата, убить одним ударом лапы, убивать диких животных, запрягать лошадь (быка) в повозку, обрабатывать поле, тяжелое бремя, тяжелая повозка, тяжелый багаж, красивый (здоровый, больной, спящий, играющий) ребенок, ребенок сестры, игры детей, кормить ребенка, поить ребенка молоком, родить ребенка, вылупляться из яйца, откладывать яйца, клевать корм, северная (южная, тропическая, суровая) природа, приода Индии (Азии, Европы, Сибири), ресурсы (богатства) природы, влияние климата на природу, изучать (изменять, охранять) природу, изучать природу вещей, природа солнечных лучей (человеческих знаний), крутой по природе человек, любитель природы (музыки, искусства), сила притяжения, являться предметом притяжения, частное имущество, национальное достояние, оставлять имущество, проявлять особое любопытство, удовлетворять детское любопытство, с любопытством смотреть на диких животных, обычные знания, знание предмета, знакомство с интересными людьми, знакомить с выставкой, показывать хорошее знание языка, иностранный читатель, пожелание читателей, обращать-

ся к читателям с речью, раздел страны (имущества), делить животных на классы согласно строению тела, делить на несколько частей, сломать позвоночник, больное (здоровое, человеческое) сердце, сердце человека (ребенка, юноши), молочные зубы, материнское молоко, лесная (хищная, певчая) птица, оперение (крыло) птицы, лететь в воздухе, холоднокровное животное, реальное положение вещей, объем торговли, изменение формы, большие изменения, именение направления (скорости, погоды, климата, температуры, условий существования, в положении служащего), причина изменений, большая (хищная, речная, морская), дышать жабрами, плавать в воде (реке, океане) приготовить еду из рыбы, мягкий стул (человек), мягкое тело, мягкая ткань, мягкая рука, нога человека (стола, стула), отделение в шкафу, жесткое мясо (сердце), жесткий человек, жетский ответ, суровая зима, суровое лето, охотиться на волков (лис, медведей, оленей), распознавать различные виды животных, узнавать по манере говорить, узнавать по структуре костей, жевать мясо, нарушать связи, ломать дом (кости), разрывать мясо (ткань), порвать письмо, рвать жертву, научная классификация животных (растений), описание природы (местности, человека), структура языка, экономическая структура общества, остов дома, изучать скелет человека, снимать шкуру с убитого животного, задать ячный вопрос, делать вопрос ясным, ясная форма, ясное описание недавних событий, проявлять ясное желание, остальное имущество, жить на верхнем этаже, верхние эшелоны власти, видеть своими глазами, красивые (черные, зеленые) глаза.

५. अनुवाद कीजिये।

जंतु जगत् का अध्ययन करना, भारत के जीव-जंतु, रुचिकर व्यवसाय (भोजन), आपकी इच्छा के अनुसार, पमत्र की इच्छा पूरी करना, अपनी प्रबल इच्छा से भारत जाना, राष्ट्रपति का निवास स्थान, ऊँची इमारत में निवास करना, विचित्र देश (घटना, नगर, स्वभाव, प्रश्न), काला (सफेद, लाल, पीला, हरा) रंग, कपडे का रंग, रंग बदलना, प्रश्न (पत्र, सलह) का उत्तर,

भौगोलिक स्थिति, कडा (कठोर, अच्छा) स्वभाव, ज्ञान (सुख, दुःख, वैभव) की प्राप्ति, एक ही थाप में मारना, अनोखा विषय (काम), पाने का अनेखा ढंग, वैज्ञानिक (नया, अनोखा, सादा) ढंग, बैठने (बोलने, बात करने) का ढंग, इस ढंग के कपडे पहनना, नये ढंग का वस्त्र, थाप मारना, शिकार मारना, पशु (पक्षी) मारना, खेत जोतना, गाडी में घोडा (बैल) जोतना, भारी ऋण (खाना, बोझ, वर्षा, सामान, अंतर, थाप), सुंदर (स्वस्थ, स्कूल जाने वाला, सोता, खेलता) बच्चा, बच्चों की किताब, मुरगी (कबूतर) का बच्चा, बच्चों का खेल, प्रकृति का वर्णन, मनुष्य की प्रकृति, अच्छे (अनोखे) स्वभाव का आदमी, समान शक्ति (संख्या, भाग), संगीत (थियेटर, सरकस) का प्रेमी, सरकस का आकर्षण, आकर्षण की वस्तु, अनोखी (प्रेम की) वस्तु, वस्तु बेचना (खरीदना, देखना, लाना, खाना), राष्ट्रीय (निजी, देश की) संपत्ति, संपत्ति बटोरना (छोडना), साधारण (वैज्ञानिक) ज्ञान, ऊपरी परिचय, मित्र का परिचय कराना, भारत (देश, संपत्ति) का विभाजन, विभक्त संपत्ति, संपत्ति विभक्त करना, कई भागों में विभक्त करना, पानी (दूध) पिलाना, दुखी (स्वस्थ, बीमार) हृदय, कोठरी में रहना, कोठरी साफ करना, कोठरी में सामान रखना, पेडों पर फुदकना, हवा में उडना, ठंडे खून के जंतु, जल में तैरना, संपत्ति (व्यापार) का आकार, बडे आकार की वस्तु, असली कला (मित्र, सोना, नाम), भारी (आवश्यक) परिवर्त्तन, ऋतु (हृदय) परिवर्त्तन, पानी (वायु) में परिवर्त्तन, स्थान का परिवर्त्तन करना, कोष में रुपया देना, शेर (भालू, लामडी) का शिकार करना (खेलना), शेर का शिकार, चबाने के दाँत, दाँत साफ करना, दाँत (हड्डी) तोडना, बडा (नरम) मांस, मांस चबाना (फाडना, नोचना), मुरगी के पर नोचना, राष्ट्रों (पक्षियों, पशुओं, टापुओं) का समुदाय, शिकारी जंतु (पक्षी, मछली, कुत्ता), चित्र (व्यक्ति, स्थान) का वर्णन, वर्णन के अनुसार चित्र बनाना, मोटे तौर पर वर्णन करना, भाषाओं (समाजों, पशुओं) का वर्गीकरण, दो रंगों में भेद, भालू और लोमडी का भेद, मोटर (मकान, हड्डियों, आदमी) का

ढाँचा, आर्थिक ढाँचा, ढाँचा बदलना, भूमि पर पैर रखना, स्पष्ट परिणाम (वर्गीकरण, उत्तर), समस्या स्पष्ट करना, ऊपरी नजर से देखना, शेष संपत्ति (वस्तुएँ), मनुष्य (शेर) की खाल, काली (हरी, सुंदर) आँखें, अपनी आँखों से देखना.

६. Выпишите отдельно названия всех живых существ мужского и женского рода (स्त्रीलिंग और पुंलिंग के सभी जीव-जंतुओं के नाम अलग-अलग लिखिये).

७. समानार्थक शब्द लिखिये।

जंतु, दूसरा, अजीब, स्वभाव, जवाब, चीज, वस्तु, जानकारी, से पहले, काफी, दूध पिलाने वाला, अंतर, साफ, रुचिकर.

८. रिक्त स्थानों को भरिये।

१)... की डुगगी सुनकर लोग क्या करते हैं? २)भालू और बंदर का ... कौन देखना चाहता है?। ३)क्या आपको भारत जाने की ... है? ४)अपने ...-... से क्या आप संतुष्ट हैं? ५)रूस के राष्ट्रपति का ... स्थान कहाँ है? ६)कुछ जीव-जंतुओं का ...-... बडा विचित्र होता है। ७)शेर के शरीर पर ... होती हैं और बाघ के शरीर पर ... होते हैं। ८)गिरगिट अक्सर ... बदलता है। ९)लोग कहते हैं कि सब परिवर्त्तन भौगोलिक परिस्थितियों से ... हैं। १०)मनुष्य और जानवर का ... बडा अनोखा हो सकता है। ११)प्रत्येक जानवर के भोजन ... का ढंग अलग-अलग होता है। १२)शेर एक ही ... में बैल को मार देता है, पर उससे हलकी गाडी भी नहीं ... है। १३)कुछ बच्चे ... से निकलते ही चुगना प्रारंभ करते हैं। १४)भारत की ... अनोखी और विचित्र है। १५)वहाँ जंतु जगत् के लगभग सब ...-... पाये जाते हैं। १६)गंगा नदी में एक प्रकार का मगर पाया जाता है जिसको

... कहते हैं। १७)संगीत ... के लिए एक गीत गाया जाता है। १८)भारत में जंतु जगत् की दृष्टि से ... के अनेक स्थान हैं। १९)प्रत्येक ... में अपने-अपने भेद होते हैं जिनके कारण वे अलग-अलग होती हैं। २०)भारी ... बटोरना आसान नहीं होता, इसके लिए अनेक साल लग जाते हैं। २१)अपना ... पूरा करने के लिए लोग दूर-दूर की यात्राएँ करते हैं। २२)अज्ञान ... का उलटा है। २३)संग्रहालय में आप प्राचीन लोगों के रहन-सहन से ... पा सकते हैं। २४)१९४७ में ही भारत का ... हुआ। २५)पिता जी ने पुत्रों में अपनी संपत्ति ... की है। २६)प्रत्येक को ... भाग दिया गया है। २७)स्थल में मुख्य तौर पर स्तनपोषी जंतु रहते हैं, जल में ... रहती हैं और वायु में ... रहते हैं। २८)... मनुष्य के शरीर का सब से महत्वपूर्ण अंग है। २९)... और ... वाले जीवों के बच्चे दूध नहीं पीते। ३०)ह्वेल ... में मगर से कहीं अधिक बडी है। ३१)हम सदा अपनी ... स्थिति जानना चाहते हैं। ३२)जिन जीवों का ... ठंडा है वे जाडे के दिनों सो जाते हैं। ३३)मछलियाँ ... से साँस लेती हैं। ३४)जीव-जंतुओं में ...-... सब से बडी संख्या में मिलते हैं। ३५)शिकारी जंतुओं के दाँत ... के लिए नहीं हैं। ३६)वे हड्डियों से ... नोचकर उसे फाडते हैं। ३७)सब जीव-जंतु दो विशाल ... में बाँटे गये हैं: रीढ वाले और बिना रीढ वाले। ३८)यह ... १८वीं सदी में किया गया है। ३९)एक रूसी यात्री ने भारत के एक भूभाग का रोचक ... किया जो काफी ... दीखता है। ४०)... वे जंतु हें जो अपने बच्चों को दूध पिलाते हैं। ४१)जीव-जंतुओं का जो भी वर्गीकरण न किया जाए वह ... नहीं हो सकता है। ४२)... कुत्ता वही है जो शिकार खेलने में सहायता देता है। ४३)लकडबग्घा अपने दाँतों से मोटी-मोटी ... तोडता है। ४७)इन दोनों वस्तुएँ का मुख्य ... इनके आकार में है। ४८)भारत में शेर की ... न बेची न खरीदी जा सकती है। ४९)रीढदार जंतुओं के हड्डियों का ... होता है। ५०)मैंने स्थिति को ... करने का प्रयत्न किया।

९. अनुवाद कीजिये।

В мире существует много различных классификаций животных, однако большинство ученых считают, что существует шесть основных категорий (भेद): тип, класс, отряд, семейство, род (नस्ल *ж*) и вид (प्रकार). Ученые полагают, что в мире имеется не менее полутора миллионов видов животных, среди которых насчитывается около миллиона видов насекомых, около 90 тысяч видов брюхоногих, примерно 20 тысяч рыб, примерно 6 тысяч земноводных и пресмыкающихся, более 8 тысяч птиц и около 4.5 тысяч млекопитающих. Несколько видом животных образуют род, несколько родов – семейство, несколько семейств – отряд, несколько орядов – класс и несколько классов – тип.

Различают всего два типа животных: позвоночные и беспозвоночные. Позвоночные животные насчитывают пять классов: млекопитающие, рыбы, птицы, пресмыкающиеся и земноводные. Беспозвоночные животные имеют три класса: брюхоногие, насекомые и панцирные.

В классе млекопитающих ученые насчитыают двадцать отрядов, среди которых наиболее известен отряд хищников, т.е. животных, которые занимаются охотой и питаются мясом убитых ими животных. Хищники встречаются и среди других классов. Есть хищные рыбы, птицы и пресмыкающиеся.

Все животные различаются по образу своей жизни (одни охотятся днем, другие – только ночью), по среде обитания (вода, суша, воздух), по строению тела (позвоночные и беспозвоночные). Одни животные имеют четыре ноги, другие шесть и больше ног. У одних есть 4-камерное сердце, у других сердца нет совсем. Некоторые животные летают («летать» उडना *нп.*), некоторые плавают («плавать» तैरना *нп.*), кто-то ползает или передвигается скачками, а кто-то хорошо бегает. Животные имеют самую разнообразную окраску. Некоторые из них могут

эту окраску менять. Все животные по-разному добывают пищу. Они имеют разный нрав, разные размеры, разный вес.

Животные дают потомство главным образом в естественной среде обитания. И если ареал их обитания сокращается, их численность уменьшается.

Человек с древних времен охотился на животных. Сначала для того, чтобы есть и носить шкуры животных, а потом для того, чтобы получать удовольствие. Поэтому многие виды животных занесены в красную книгу (लाल पुस्तक).

Человек многих диких животных сделал домашними. Теперь многие из них помогают человеку, особенно в сельском хозяйстве. Лошадей и волов запрягают в телеги, коровы, буйволицы и козы дают молоко, куры несут яйца. Человек ест мясо животных, рыб и птиц.

На протяжении тысяч лет человек и животное связаны друг с другом. Будущее животного мира зависит от человека, но и будущее человека зависит от того, каким будет мир животных, каким человек сохранит его.

१०. अनुवाद कीजिये।

कुछ प्रसिद्ध जानवर

शेर। शेर, जिसे अँग्रेजी में “टाइगर” कहते हैं, एक प्रकार से एशिया का जानवर है। एशिया में चार प्रकार के शेर होते हैं। मंचूरियन शेर, भारतीय शेर, ईरानी शेर और मलय का शेर। इनके सब के स्वभाव एक से होते हैं, पर रैग और आकार में कुछ भेद शोता है। मंचूरियन शेर का समूर (мех) कुछ अधिक बडा और नरम होता है। ईरानी और मलय के शेर कुछ छोटे होते हैं और इनकी धारियाँ अधिक काली होती हैं।

शेर के रंग से स्पष्ट है कि वह घने वनों का जानवर है। शेर की लंबाई साढे पाँच गज से साढे छ: गज तक होती है, पर अधिक शिकार खेले जाने के कारण अब शेर उतने बडे

और लंबे नहीं मिलते। पहले कुल १२ गज तक के शेर मिल जाते थे, पर अब साढे नौ और दस गज तक के शेर का मिलना भी अनोखा समझा जाता है। स्वस्थ शेर का वजन ८० किलोग्राम से १२० किलोग्राम तक होता है। ऊँचाई के हिसाब से शेर की लंबाई अधिक है – ऊँचा वह केजल साढे तीन गज ही होता है।

शेर को प्रतिदिन भोजन नहीं मिलता और उसके लिए उसे बहुथ प्रयत्न करना पडता है – प्रति रात उसे १५-२० किलोमीटर जाना पडता है। सप्ताह में दो मोटे बैल वह आराम से मारकर खा लेता है।

भेडिया। दुनिया का कोई भी देश ऐसा नहीं है, जहाँ भेडिया न हों। ध्रुव प्रदेशों में भी वह पाया जाता है और अमेरिका में भी। तिब्बत जैसे ठंडे और बर्फीले प्रदेश में भी भेडिया होता है और योरप में भी। भारत में हिमालय से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक भेडिये फैले हुए हैं। भेडिये की एक विचित्र बात यह है कि वह चेडिये तक खा जाता है।

बर्फ और ठंडी जगहों का भेडिया काफी बडा होता है। भारत में भेडियों की संख्या अब बहु कम हो गयी है, फिर भी वे सात-सात, नौ-नौ के समूह में देखे गये हैं। स्वभाव में भेडिया मिुदाय में रहने वाला और मिलकर शिकार खेलने वाला जानवर है।

भेडिया तीन गज लंबा और ढाई गज ऊँचा होता है।

भालू। दुनिया के भालू परिवार में तो कई प्रकार के भालू होते हैं, पर भारत में केवल तीन प्रकार के भालू होते हैं: भूरा भालू, हिमालय का काला भालू और रुक्ष भालू। अँग्रेजी में क्रमश: तीनों के नाम हैं: “ब्राउन बेयर”, “हिमालयन ब्लैक बेयर” और “स्लोथ बेयर” (медведь-губач)। दुनिया का सब से बडा भालू होते हैं, उत्तरी ध्रुव के सफेद भालू (पोलर बेयर), जिन्हें “उत्तर का शेर” कहते हैं। अन्य बडा भालू हैं “ग्रिजली भालू”, जो उत्तरी अमेरिका में पाया जाता है।

भारत में कुछ लोगों का विचार है कि भालू पेड पर उलटा चढता है और उतरता भी वैसे ही है। यह बात ठकि नहीं है। भालू सीधे ऊपर को मुँह किये ही पेड पर चढता है और उतरता भी वैसे ही है। कुछ लोगों का मत है कि भालू मांस नहीं खातेर पर ऐसा नहीं है। यह ठीक है कि हिमालय का काला भालू और रुक्ष भालू खाने के लिए पशु नहीं मारते। पर यदि उन्हें कोई पशु मरा पडा मिल जाए तो वे उसे खा लेते हैं।

आम तौर पर भूरे भालू की लंबाई साढे पाँच गन शोती है। कभी-कभी साढे सात गज तक लंबे भालू पाये गये हैं। बडे भालू की ऊँचाई सवा तीन गज होती है। हिमालय के काले भालू की लंबाई साढे पाँच गज से साढे छ: गज तक होती है। इसका वजन ९० किलाग्राम से ११० किलोग्राम तक होता है।

मदारियों के पास प्राय: रुक्ष भालू ही देखे जाते हैं। इसका एक कारण यह है कि हिमालय क्षेत्र को छोडकर भारत के शेष सब वनों और पहाडी क्षेत्रों में यह पाया जाता है। इसकी लंबाई ५-६ गज और ऊँचाई ढाई गज होती है।

मछली

जिस पृथ्वी पर हम रहते हैं उसका केवल चौथाई भाग ही स्थल है। शेष सारी पृथ्वी पर समुद्र का पानी फैला हुआ है। इस पानी के नीचे एक अपना संसार है। जिस तरह हमारे वनों में लाखों प्रकार के पशु, पक्षी और कीडे रहते हैं, इसी तरह समुद्र के वनों में लाखों प्रकार के जीव हैं।

समुद्र में कई प्रकार कस्‍ मछलियाँ मिलती है। छोटी छोटी मछलियों से लेकर जो कुछ सेंटीमीटर से बडी नहीं होतीं, ऐसी मछलियाँ भी हैं जो बीस-बीस गज लंबी और बारह तेरह टन भारी होती हैं। ह्वेल मछली चालीस गज तक लंबी होती है। पर

ह्वेल मछलियों के वर्ग में गिनना ठीक नहीं होतारु क्योंकि यह स्थल के जीवों की भाँति साँस लेती है।

रंग और आकार के अनुसार भी मछलियाँ कई प्रकार की हैं। गरम स्थानों में हरे, लाल, पीले रंग की मछलियाँ मिलती हैं।

स्थल के जीवों से मछली इस बात में भिन्न है कि वह गलफडों से साँस लेती है।

मछलियों में अपने बच्चों के लिए कोई प्रेम नहीं होता। वे प्राय: किसी सुरक्षित स्थान पर अंडे देकर चली जाती हैं। एक मछली साल भर में कई लाख अंडे देती है। पर ये सारे अंडे मछलियाँ नहीं बन जाते। कई अंडों को तो छोटे जानवर खा जाते हैं। कई अंडों से जब बच्चे निकलते हैं तो इन्हें बडी मछलियाँ खा जाती हैं। और इस प्रकार मछलियों की संख्या अधिक नहीं बढ जाती।

१)आज रात को एक तमाशा होगा। २)कविता लिखना कोई तमाशा नहीं है। ३)मेरी इच्छा है कि मैं भारत जाऊँ। ४)मुझे इस वस्तु की इच्छा है। ५)मैं इस वस्तु की इच्छा रखता हूँ। ६)यह सुंदर डील-डौल का आदमी है। ७)कपडे पर लाल धारियाँ हैं। ८)इस आदमी का स्वभाव कैसा है? ९)वह स्वभाव से कडा है। १०)उसने घोडे का मारा। ११)शिकारी ने कस्तूरी मृग को मार डाला। १२)मेरे लिए यहाँ कोई आकर्षण नहीं हैं। १३)सरकर असल में एक बडा आकर्षण है। १४)मुझे इसका कोई ज्ञान नहीं है। १५)संपत्ति दो पुत्रों में विभक्त हुई है। १६)इस लडकी से मेरा अच्छा परिचय है। १७)मैं आप से उसका परिचय कराना चाहता हूँ। १८)पिता जी ने सभी घरालों से अपने मित्र का परिचय कराया। १९)इस भाषा की सरलता अनोखी है। २०)उसने यह काम बडी सरलता से पूरा किया। २१)हम उसे कठिनाई से पहचान सके। २२)आप उसके बोलने के ढंग से उसे शीघ्र ही पहचान जाएंगे। २३)शासन के प्रबंध में नया परिवर्त्तन आया। २४)आपको स्थान का परिवर्त्तन करना चाहिए। २५)यह यसका

असली नाम नहीं है। २६)बच्चे नदी में तैरते हैं। २७)मैं तैरना नहीं जानता। २८)बादल तैर रहे हैं। २९)चलो, तैरने चलें। ३०)नदी में कुछ तैरता है। ३१)पक्षी उडता है। ३२)तितली उड गयी। ३३)दीवार का रंग उड गया। ३४)बच्चे ने आपनी आँखें खोलीं। ३५)मैंने अपनी आँखों से हाथी को देखा था। ३६)इस घटना का पूरा वर्णन कैसे किया जाए? ३७)बच्चे ने खिडकी तोडी। ३८)संबंध तोडने की हमारी कोई इच्छा नहीं है। ३९)मैंने दो आम खाये, शेष आप ले लें। ४०)शेष हिसाब में जमा कराओ।

११. रूसी में प्रश्नों का अनुवाद करके उनका उत्तर दीजिये।

1)Кто обитает в мире животных? 2)Каких зверей обычно показывает индийский бродячий дрессировщик? 3)Почему все мы так интересуемся миром животных? 4)Как часто Вы ходите в цирк. чтобы посмотреть представления животных? 5)Каких животных Вы бы хотели увидеть в Индии? 6)Чем отличаются животные друг от друга? 7)Как влияет географическая среда на популяцию животных? 8)Связан ли человек с миром животных? 9)Как добывают пищу хищники? 10)Можно ли тигра запрячь в повозку? 11)Какие птицы летают перед Вашим окном? 12)Кормите ли Вы птиц зимой? 13)Что такое кит? Рыба или животное? 14)Какие животные обычно откладывают яйца? А какие – икру? 15)Какие млекопитающие животные встречаются только в Индии? 16)Каких российских животных нет в Индии? 17)На какие типы и классы можно разделить всех животных нашей Земли? 18)В каких средах обитают животные? 19)Чем отличаются млекопитающие от рыб и птиц. 20)Нравятся ли Вам пресмыкающиеся? 21)Чем отличается индийский гавиал от крокодила? 22)Есть ли сердце у брюхоногих? 23)Их скольких камер состоит сердце у млекопитающих? 24)Нравятся ли Вам лягушки, скачущие в лесу после дождя? 25)Являются ли животные национальным достоянием страны? 26)Согласны ли Вы с тем, что «в знании - сила»? 27)Знакомили ли Вы Ваших роди-

телей или друзей с теми предметами, которые Вы изучаете в МГИМО? 28)Какие изменения произошли в Вашей жизни за этот год? 29)Нужны ли обществу перемены? 30)Каково Ваше мнение по этому вопросу? 31)Любите ли Вы пить молоко? 32)Поили ли Вас молоком, когда Вы были ребенком? 33)Будут ли у Вас дети? Если да, то сколько? 34)Знаете ли Вы, кто является «национальным животным» Индии? А «национальной птицей»? 35)Сколько ног обычно бывает у насекомых? А у млекопитающих? 36)Как на хинди называют «домик» улитки? 37)Ели ли Вы когда-нибудь настоящее крабовое мясо? 38)Согласны ли Вы с тем, что необходимо вести охоту на волков? Если да, то почему? 39)Охотились ли Вы кода-нибудь? Если да, то на кого? 40)Можно ли отличить хищника от других животных по строению зубов? 41)Правильно ли мнение о том, что в Индии большинство населения не ест мяса и есть такие индийцы, которые не едят яйца и не пьют молоко? 42)Какие личицы водятся в наших лесах? 43)Есть ли у Вас дома кошка или собака? 44)Когда произошел раздел Индии? 45)Нуждается ли в изменениях наш сегодняшний экономический строй? 46)Сколько ног у человека? А у обезьяны? 47)Смогли бы Вы снять шкуру с убитого животного? 48)В чем сосит основное отличие позвоночных животных от беспозвоночных? 49)Видели ли Вы когда-нибудь скелет человека? 50)Снятся ли Вам сны о животных?

१२. रूसी जंतु जगत् का वर्णन कीजिये।

१३. जो जानवर आपको सब से पसंद है उसकी कहानी कहिए।

१४. बातचीत का अनुवाद करके उसको याद कीजिये।

रमेश: यह कैसा हो सकता है कि मैं जन्म से भारत में रह रहा हूँ, पर उन स्थानों को नहीं देखा जहाँ तुम रूस का निवासी गये थे।

इवान: ऐसा अक्सर होता है कि हम अपने देश में रहते हुए देश के अनेक देखने योग्य स्थानों को नहीं देखते। मैं न तो कभी साइबेरिया गया, न उत्तरी कटिबंध के प्रदेशों में। पर अन्य देश आते ही हम सब कुछ देखना चाहते हैं। जब मैं बच्चा था तब मैंने किप्लिंग की एक किताब पढी थी जो उस लडके की कहानी थी जो भेडियों के साथ रहता था। तब से मेरी इच्छा थी कि मैं उस देश को देखूँ और भालू, बघेरा आदि जानवरों से परिचित हो जाऊँ।

रमेश: तो क्या परिचय हुआ?

इवाम: जी हाँ, पर इन जानवरों से नहीं, कुछ और जानवरों के साथ। समझो कि मेरा भाग्य खुल गया है और दो-चार पशु विहार देखने का मौका मिला था।

रमेश: रूसी पशु विहार के लिए क्या शब्द है?

इवान: हम रूसी में पशुविहार को "जापोवेदनिक" कहते हैं।

रमेश: कितना विचित्र शब्द है – "जापोवेदनिक"।

इवान: तो सब से पहले मुझे काजीरंगा जाने का मौका मिला। वह असम की पहाडियों में फैला हुआ है। वहाँ भारतीय गैंडे रहते हैं। पहले इनका बहुत बडा शिकार किया गया था। अब शासन उनको सुरक्षित रखता है। मुझे बताया गया कि काजीरंगा में छः-सात सौ गैंडे रहते हैं।

रमेश: तो क्या इसको देखा?

इवान: जी हाँ, एक बार। हम लोग एक बडे हाथी पर बैठे हुए आगे बढ रहे थे कि झाडियों से एक मादा गैंडा निकल आयी जिसके साथ एक छोटा सा बच्चा था।

रमेश: तो क्या हुआ?

इवान: हाथी एकदम रुक गया। गैंडा कुछ देर के लिए हमारी ओर देखता रहा, फिर उलटी दिशा में दौड गयी।

रमेश: तो वह कैसे लगी?

इवान: बडा सवेरा ही था, सो साफ नहीं देख सका। कह सकता हूँ: सफेद सी वस्तु और काफी बडी।

रमेश: काजीरंगा के अलावा और कहाँ गया?

इवान: कारबेट पार्क। वह तराइयों में है और वहाँ अनेक जानवरों का बडा समूह है। हम गाडी में चल रहे थे और बंदर लोग से लेकर कई प्रकार के हिरन और मृग देखे को मिले। दूर हमने एक हाथी परिवार भी देखा। इस से पहले मैंने हाथियों को लखनऊ के पशुविहार में घूमते समय देखा था और बहुत नजदीक।

रमेश: तो किस बात से तुम सब से ज्यादा प्रभावित हुइ?

इवान: भरतपुर के पक्षीविहार में। मैं गाडी से निकला ही था कि मेरे पास से लगभग बीस-पच्चीस सारस गुजरते गये। वे मुझ से पाँच-छः मीटर दूर थे। मैं बडा उलझन में पड गया कि क्या करूँ। कैमरा गाडी में पडा रहा था। मैं स्तब्ध रह गया और सारस अपने रास्ते से चले गये।

रमेश: इतना निकट?

इवान: हाँ। बिलकुल पास।

रमेश: तो कहानी के लिए धन्यवाद।

इवान: भाई, कोई बात नहीं।

कुछ नये शब्द: मौका благоприятный случай, मादा самка, एकदम немедленно, रुकना останавливаться, सारस журавль, केमरा фотоаппарат, स्तब्ध застывший на месте.

१५. संख्याओं को याद कीजिये।

९१ इकानवे, ९२ बानवे, ९३ तिरानवे, ९४ चौरानवे, ९५ पचानवे, ९६ छियानवे, ९७ सत्तानवे, ९८ अठानवे, ९९ निनानवे, १०० सौ.

चुटकुले

१. "अज्ञान क्या है?"

"जब आपको कुछ मालूम नहीं है और शेष लोगों का इसका पूरा ज्ञान हो।"

२. अध्यापक जी ध्रुव प्रदेश का विषय समझाते थे। उन्होंने उत्तर तथा दक्षिण ध्रुवों पर मनुष्य के प्रयत्नों की रोचक कहानी कही। फिर विद्यार्थियों से पूछा, "अच्छा, यह बताओ, ध्रुव संबंधी सभी कार्यों से हमें क्या मिला?"

एक विद्यार्थी: "जी, कुछ नहीं, अलावा इसके कि भूगोल ज्यादा कठिन हो गया।"

३. जीव विज्ञान के घंटे में अध्यापक जी ने एक स्पष्ट सवाल किया, "बताओ, मुझे जंतु जगत् के कौनसे वर्ग में रखा जाएगा?"

"जी, यह तो बडा मुश्किल सवाल है। इतिहास के अध्यापक आपको बंदर के परिवार के कहते हैं और अँग्रेजी की अध्यापिका कहती हैं कि आप गधे हैं।

УРОК 11

व्याकरण

Совершенная форма сослагательного наклонения

Данная форма образуется сочетанием ПСВ с формами простого сослагательного наклонения глагола ह:

मैं	आया	होऊँ	हम	आये	हों
तू	आया	हो	तुम	आये	हो
यह	आया	हो	आप	आये	हों
वह	आया	हो	वे	आये	हों

Данная форма выражает потенциальное действие, которое могло бы предшествовать действию-состоянию предиката в изъявительном наклонении, если бы оно имело место: हो सकता है कि वे अब विभाग में लौट आये हों। थोडी देर पहले तक वे दोपहर के भोजन से नहीं लौटे थे। अब लौट आये हों तो मालूम नहीं, विचार आया, सुरेश के यहाँ न चली गयी हो, इस तरह लौट जाऊँगा जैसे कुछ भी न हुआ हो.

Как видно из примеров, потенциальное действие может относиться ко всем трем временным планам: настоящему, прошедшему и будущему.

Следует помнить, что при переходных ПСВ предикат согласуется не с субъектом действия, выступающего с послелогом ने, а с беспослеложным объектным подлежащим: हो सकता है कि मैं तू, इस, उस, हम, तुम, आप, इन्हों, उन्हों) ने यह किताब (ये किताबें) पढी हो (हों). При подлежащем, осложненном послелогом, ПСВ выступает в форме муж. рода ед. числа, а связка ह – в форме 3 лица ед. числа сослагательного наклонения: शायद उसने इस किताब को पढा हो.

Подробнее аналитические формы сослагательного наклонения будут изложены в Учебнике для 2 и 3 годов обучения.

Длительный аспект

Длительный аспект образуется сочетанием ПНВ основного глагола с формами модифицирующего глагола रहना. Данное бивербальное сочетание обозначает действие, находящее в стадии длительного протекания: वे सदा यहीं रहते हैं और अपनी वस्तुओं को बेचते रहते हैं, ऐसा मालूम होता है जैसे सदा यहीं रहती रही हूँ, मैं अशोक से प्रेम करती हूँ और उसी से प्रेम करती रहूँगी, हाँ, तुझे देखता रहना चाहता हूँ. Действие бивербального сочетания может быть ограниченным во времени: सीता देर तक उसे देखती रही, कुछ समय तक बातें होती रहीं.

व्याकरण के अभ्यास

१. अनुवाद कीजिये।

१)हो सकता है कि वह गया (आया, लौटा) हो। २)हो सकता है कि वे गये (आये, लौटे) हों। ३)वह ऐसा दीखता है मानो किसी ने उसे जोर से मारा हो। ४)हो सकता है कि उसके पिता जी ने उसे यहाँ बुलाया हो। ५)इस सलह को हमने शायद पसंद न किया हो। ६)कोई विषय ऐसा नहीं रह गया जिसको रमेश ने न सीखा हो। ७) कौन जानता है, शायद मर भी गये हों। ८)अगर यहाँ का काम समाप्त हो गया हो तो चलिये, आपका परिचय मैनेजर से करा दूँ। ९)मेरा भाग्य कभी न खुले अगर मैंने उससे एक बात भी की हो। १०)हो सकता है कि अब उसने घर बना लिया हो।

२. अनुवाद कीजिये।

1)Возможно, он уже видел этот фильм. 2)Возможно, они уже приехали в Индию. 3)Если бы мне понравилось эту путе-

шествие, я бы совершил его еще раз. 4)Вероятно, нет такого слова, которое он бы не выучил. 5)Мне сказали, что он, вероятно, получил денежный перевод. 6)Он был таким печальным, как будто узнал о смерти кого-то из домашних. 7)Возможно, он уже построил себе домик в деревне. 8)Он выглядил таким счастливым, как будто получил письмо из дома. 9)Если бы эта работа была закончена, мы бы ушли в отпуск. 10)В нашем городе нет такого музея, куда бы я не ходил.

३. अनुवाद कीजिये।

१)शीला चार साल तक रूसी संगीत स्कूल में पढती रही। २)वर्षा ऋतु के समय दिन-रात वर्षा होती रहती है। ३)ग्रीष्ममाल की छुट्टियों के समय सब बच्चे खेलते रहेंगे। ४)मेरा भाई सदा कुछ लिखता रहता है। ५)इस जंकशन से होकर चौबीस घंटे रेलगाडियाँ आती-जाती रहती हैं। ६)कल सारी शाम घरवाले टेलीविजन देखते रहे थे। ७)अध्यापक जी की बातें सुनते रहिये। ८)नीचे गंगा माता का पानी बह रहा है जो यहाँ पर लागों के आने से पूर्व भी बहता रहा है। ९)नाश्ते के साथ-साथ बातें भी होती रहीं। १०)जब ठीक हो जाओगे तब बातें करते रहना।

४. अनुवाद कीजिये।

1)Вчера весь день шел дождь. 2)Зимой в горах всегда идет снег. 3)Преподаватель целый час объяснял студентам грамматику. 4)Туристы долго осматривали пирамиды. 5)Вчера я целый день ехал на поезде. 6)Изделия из железа продаются здесь много лет. 7)Погода в горах все время меняется. 8)Люди с утра до вечера продают здесь свои вещи. 9)Бабушка все утро готовила завтрак. 10)Мы целый день осматривалаи картины этого музея.

पाठ

देहाती बाजार

भारत में ग्राम स्थापना के साथ-साथ बाजार भी लगने लगे। बाजार लगना कोई नयी बात नहीं है। बाजार ही एक ऐसी जगह है जहाँ गाँव वालों को आवश्यक वस्तुएँ मिलती हैं और ग्राम की प्रस्तुत और उपजाई हुई वस्तुओं की बिक्री होती है। इससे वस्तुओं का प्रचार भी होता है और व्यापार भी बढता है। गाँव में दो तरह के बाजार देखने में आते हैं: एक स्थायी और दूसरे सप्ताह में दो या तीन बार लगने वाले। स्थायी बाजार प्राय: प्रात:काल ही लगता है और अस्थायी दोपहर के बाद। कभी-कभी ऐसा भी देखा जाता है कि जहाँ देवस्थान रहता है या जहाँ लोग समय-समय पर देवतादि की मूर्त्ति, पर्व या त्यौहार के अवसर पर बनाते हैं, वहा भी बाजार लग जाता है।

देहाती बाजार अधिकतर विस्तृत खुले मैदान में या किसी नदी या बडे तालाब के निकट या बगीचे में लगते हैं। वहाँ दो प्रकार के मकान बने रहते हैं। कुछ मकान स्थायी दुकानदारों के होते हैं। वे सदैव वहीं रहते हैं और अपनी वस्तुओं को बेचते रहते हैं। कुछ मकान अस्थायी रूप बने रहते हैं और जब तक बाजार चलता रहता है वहाँ दुकानदार अपनी चीजों को बेचते रहते हैं। बाजार बंद होते ही वे अपनी वस्तुओं के साथ अपने घर को जाते हैं। दुकानदार पंक्ति लगाकर बैठे रहते हैं। खरीदने वाले पंक्तियों के बीच से चलते-फिरते नजर आते रहते हैं। उन बाजारों में एक तरह की वस्तु एक ही दाम पर मिलती है, पर कुछ मोल-तोल भी करना पडता है।

इन देहाती बाजारों में ग्रामीण जनता की आवश्यकता की सभी वस्तुएँ ही अधिकतर मिलती हैं। यहाँ तरकारी, फल, दही, अंडा, मछली, मांस, कपडे, अनाज, मसाले, वस्त्र, मिठाई, दाल, नमक आदि पदार्थ रहते हैं और अस्थायी दुकानों में तरकारी, दूध, मछली, मांस आदि बिकते रहते हैं।

कहीं कहीं खुले मैदान में फल, तरकारी, मछली बेचने वाले अपनी चीजों को बेचकर घर चले जाते हैं। <u>नित्य प्रति</u> की आवश्यक वस्तुएँ मछली, दूध, तरकारी आदि जहाँ बिकती रहती है वहाँ बडी <u>भीड रहती है</u> और वहां आवाज भी खूब होती रहती है।

देहाती बाजार जब <u>चालू रहता है</u> उस समय उसका दृश्य देखने योग्य होता है। कोई किसी चीजों के मोल-भाव में व्यस्त है, तो कोई अपना माल कंधे पर लिए चले जा रहे हैं, तो कोई घर से अभी आ ही रहे हैं। वहाँ आने वाले लोग अधिकतर फटे, पुराने कपडे पहने हुए आते हैं। कमर में धोती और देह पर कमीज के सिवा उन लोगों के हाथ में लाठी या छाता रहता है। बहुत कम लोग ऐसे आते हैं जो <u>साफ सुथरा</u> कुर्ता या कमीज पहने हों। स्त्रियाँ टोकरी लिए आती हैं और उसी में चीजों को खरीदकर ले जाती हैं।

इससे बहुत बडा लाभ यह है कि यहाँ ग्रामीण लोगों को सब आवश्यक वस्तुएँ आसानी से मिल जाती हैं। गाँव में <u>पैदा होने</u> वाले पदार्थों की बिक्री भी आसानी से हो जाती है। इससे व्यापार की वृद्धि होती है। यहाँ दूध, दही, तरकारी, चावल, दाल और अन्य ग्रामीण पदार्थ सस्ते दामों में मिल जाते हैं। लेकिन दूसरी चीजें (कपडा, जूता, मसाला, लोहे की बनी हुई वस्तु आदि जो शहर से बिकने आते हैं) ज्यादा दामों पर मिलते हैं।

नये शब्द

अनाज **анаадж** *м* зерно, хлеб
अवसर **авасар** *м* удобный случай
अस्थायी **астhaаии** непостоянный; временный
आवश्यकता **авашйактаа** *ж* необходимость; потребность
आवाज **аавааз** *ж* 1)голос 2)звук 3)шум
आसानी **аасаании** *ж* легкость, простота

कंधा **кандhaa** *м* плечо

कमर **камар** *ж* 1)талия 2)пояс

कमीज **камииз** *ж* рубашка

कुरता **куртаа** *м* рубашка (*без ворота*)

खूब **<u>kh</u>ууб 1.** хороший **2.** 1)хорошо 2)очень, много

ग्राम **граам** *м* село, деревня

ग्रामीण **граамии<u>н</u>** сельский, деревенский

चालू **чаалуу** 1)действующий 2)текущий

छतरी **чhатрии** *ж* зонт, зонтик

जनता **джантаа** *ж* народ

टोकरी **tокрии** *ж* корзина, корзинка

तरकारी **таркаарии** *ж* овощи

तालाब **таалааб** *м* пруд; водоем

त्यौहार **тйаyhaap** *м* праздник

दही **даhии** *м* простокваша, кислое молоко

दाम **даам** *м* цена; стоимость

दाल **даал** *ж* бобы, бобовые

दुकानदार **дукаандаар** *м* лавочник, торговец

दृश्य **д<u>р</u>ишйа** *м* вид; пейзаж

देव **дев** *м* бог, божество

बीच **биич 1.** *м* середена **2.** के ~ среди, между

देवता **девтаа** божество, бог

देह **деh** *ж* тело

देहाती **деhаатии** деревенский, сельский

धोती **дhотии** *ж* дхоти, набедренная повязка

नमक **намак** *м* соль

नित्य **нитйа 1.** постоянный; вечный **2.** постоянно; вечно

पंक्ति **панкти** *ж* 1)ряд 2)линия; строка

पदार्थ **падартh** *м* вещество, материал

पर्व **парв** *м* праздник

पैदा **пайдаа** рожденный; порожденный

प्रचार **прачаар** *м* 1)распространение 2)пропаганда

प्रात: **праатаh** *м* раннее утро

फिरना **пhирнаа** *нп.* бродить; прогуливаться

बंद **банд** закрытый; запертый

फटना **пhatнaa** *нп.* 1)лопаться 2)рваться

बगीचा **багиичаа** *м* сад

बिकना **бикнаа** *нп.* продаваться

बिक्री **бикрии** *ж* продажа; сбыт

मसाला **масаалаа** *м* пряности

माल **маал** *м* товар

मिठाई **mиthaaии** *ж* 1)сладость 2)сладости

मोल-तोल **мол-тол** *м* торговля, выторговывание

मोल-भाव **мол-бhaaв** *м* *см.* मोल-तोल

लाठी **лaathии** *ж* палка, дубина

लाभ **лабh** *м* польза, выгода

विस्तृत **вистрит** 1)обширный 2)подробный

सदैव **садайв** всегда, постоянно

सस्ता **састаа** дешевый; низкосортный

सिवा **сиваа:** के ~ кроме, исключая

सुथरा **суthpaa** чистый

स्त्री **стрии** *ж* женщина

स्थायी **стhaaии** постоянный; устойчивый

Лексико-грамматический комментарий

१. ग्राम स्थापना «появление деревень».

२. बाजार लगना «образовываться (о базаре)».

३. देवस्थान «храм», «молельное место».

४. समय समय पर «время от времени».

५. देवातादि «божество и тому подобное». Согласно правилам словосложения, пришедшим в хинди из санскрита, слова могут соединяться на стыке своих окончаний, образуя единое сложное слово.

६. जब तक बाजार चलता रहता है… «до тех пор пока работает рынок…».

७. Идиоматическое выражение पंक्ति लगाना означает «образовывать ряд».

८. खरीदने वाले चलते-फिरते नजर आते हैं «на глаза попадаются снующие покупатели». Здесь ПНВ употребляется в атрибутивно-предикативной функции, поскольку, с одной стороны, характеризует определяемое слово, а, сдругой стороны, входит в состав составного предиката («люди кажутся снующими»). Повтор синонимичных или близких по значению при-

частий делает их действие более длительным и акцентированным.

९. Именно-глагольное сочетание मोल-तोल (मोल-भाव) करना имеет значение «торговаться». Присоединяет зависимый компонент через послелог का.

१०. नित्य प्रति «повседневный»; नित्य प्रति की आवश्यक वस्तुएँ «предметы повседневного спроса», «предметы первой необходимости».

११. भीड रहना «собираться (о толпе)».

१२. Глагольный монолит चालू होना (रहना) имеет значение «работать», «функционировать».

१३. Как уже отмечалось, парное сочетание синонимичных или близких по значению слов (साफ सुथरा), являясь стилистическим приемом, усиливает значение сочетания.

१४. Глагольный монолит पैदा होना имеет следующие значения: «рождаться»; «появляться»; «производиться». Заимствованное слово पैदा в хинди принадлежит к неизменяемым словам: लडकी पैदा हुई.

पाठ के अभ्यास

१. पाठ को पढिये और उसका अनुवाद कीजिये।

२. प्रत्येक नये शब्द को दो बार लिखिये।

३. बाजार में जो भी वस्तुएँ बिकती हैं उनको कापी में लिख लीजिये।

४. अनुवाद कीजिये।

большая (далекая, индийская, русская) деревня, продажа деревенских товаров, выставлять на продажу, пропаганда зна-

ний (религии), продвижение товаров на новые рынки сбыта, оказывать постоянное влияние (положение), постоянные трудности, постоянное состояние, временные трудности, временная работа, приходить ранним утром, новогодний (международный, национальный, сельский, деревенский, следующий) праздник, праздник по случаю провозглашения республики, приглашать друзей по случаю дня рождения, плавать в пруду, сад возле пруда, фруктовый сад, подробное описание, подробная классификация, постоянный продавец, закрытая комната, закрытый магазин (рот), запечатанный конверт, закрытое окно, образовывать ряд, первый (последний) ряд, ряд деревьев (стульев), брдить между рядов, высокая (низкая, дешевая, подходящая, рыночная) цена, цена на мясо (золото, молоко), изменить (снизить) цену, снижение (повышение) цен, продаваться по дешевой цене, русский народ, деревенские люди, народы всего мира, единство народа, культура (обычаи, язык, история) народа, простой народ, в случае необходимости, удовлетворять потребности народа, обычные потребности жизни, торговля овощами (зерном, пряностями, сладостями, солью), предметы первой необходимости, повседневная жизнь, услышать голос человека, слушать шум воды, взваливать на плечо, рваная рубаха, носить белую рубашку, деревенская рубаха, брать в руку палку, бить палкой, надеть чистую рубашку, класть овощи в корзинку, красивая (высокая, толстая, старая, суровая, простая) женщина, любовь к женщине, познакомиться с женщиной, большая (реальная) пользая, с легкостью делать свою работу, экономическая выгода, получать большую прибыль, раскрывать зонтик.

४. अनुवाद कीजिये।

ग्राम देवता (विकास, संस्कृति, समाज, सुधार), ग्रामीण जनसंख्या (जनता), देहाती बाजार (जीवन, रहन-सहन, पोशाक), बिक्री का लाभ, बिक्री के योग्य वस्तुएँ, बिक्री के लिए मकान, ज्ञान (विद्या) का प्रचार, स्थायी प्रभाव (दाम, संस्थान, संगठन,

अवस्था), स्थिति को स्थायी बनाना, अस्थायी प्रधान (शासन), सूर्य देवता, देवता को मानना, राष्ट्रीय पर्व, देहाती त्यौहार, ग्रामीण पर्व, त्यौहार का दिन, जन्मदिन (त्यौहार) के अवसर पर, अवसर से लाभ पाना, विस्तृत मैदान (अध्ययन, क्षेत्र, वर्णन), तैरने का तालाब, तालाब में तैरना, निजी (तरकारियों का, फलों का) बगीचा, बगीचा लगाना, दुकानदारों की पंक्ति, बंद कमरा (आँख, मुँह, लिफाफा, खिडकी, सडक), कमरे में बंद होना, अगली (पिछ्ली, पहली) पंक्ति, पेडों (पहाडों, कुरसियों) की पंक्ति, छात्रों को पंक्ति में लगाना, बीच का घर (रास्ता), कमरे (कहानी, पुस्तक) के बीच में, दिल्ली और मास्को के बीच, २००३ और २०१० के बीच, वन और नदी के बीच, लडके फिर रहे हैं, कम (थोडे, ऊँचे, उचित भारी, सस्ते) दाम, दाम चुकाना (देना), बिना मोल-तोल के, आवश्यकता पडने पर, भारी (बडी) आवश्यकता, जीवन की साधारण आवश्यकताएँ, समाज की आवश्यकताएँ, वन्य पदार्थ, बच्चों के बीच मिठाइयाँ बाँटना, मिठाइयों की दुकान, मोटा (सस्ता) अनाज, अनाज की कमी, नित्य प्रति का जीवन, ऊँची आवाज, पक्षी की आवाज, बोलने (गाने) की आवाज, चालू वर्ष, सुंदर (प्राकृतिक, नदी का) दृश्य, चौडा कंधा, कंधे से कंधा मिलाकर जाना, कमीज पहनना (बदलना, धोना), छतरी खोलना (बंद करना), स्त्रियों की समस्याएँ, सुंदर (मोटी, ऊँची) स्त्री, आर्थिक (सामान्य, कुल, थोडा) लाभ, लाभ के साथ बेचना, आसानी से भाषा का अध्ययन करना.

५. समानार्थक शब्द लिखिये।

सदा, देहाती, मोल-तोल, ग्राम, प्रातः, त्यौहार, देव, के मध्य में, वस्तु, के अलावा, साफ, अन्न, अच्छी तरह.

६. रिक्त स्थानों को भरिये।

१)... स्थापना के साथ-साथ बाजार भी लगने लगते हैं। २)आज इन वस्तुओं की ... लाभ के साथ हुई। ३)नये विचारों का ... बहुत महत्वपूर्ण होता है। ४)संघीय संसद ... अंग है। ५)बाजार आम तार पर ... स्थानों के पास लगता है। ६)प्रत्येक देश में अपना राष्ट्रीय ... है। ७)अपने जन्मदिन के ... पर मैं ने अपने मित्रों को बुलाया। ८)इस पुस्तक में जीव-जंतुओं का ... वर्गीकरण दिया गया है। ९)यह ... वर्ष के पानी से भरा है। १०)हमारा देहाती मकान फलों के ... में है। ११)हरेक दुकान में दो-तीन ... होते हैं। १२)खिडकी खुली है, इसको ... करो। १३)इस बाजार में दुकानें लंबी ... में बनी हैं। १४)मैं मुश्किल से पत्र की इन ... को पढ सका। १५)कमरे के ... में खाने की बडी मेज है। १६)उसने दुकानदार से ... कम करने को कहा था। १७)भारत में ...-तोल के बिना वस्तुएँ नहीं खरीदी जातीं। १८)जनता की ... को पूरा करना शासन का कर्त्तव्य है। १९)भारत के लोग मांस नहीं खाते, वे अधिकतर ... खाते हैं। २०)... सब बच्चों को पसंद आती है। २१)भारत के लोग खाने में बहुत ... डालते हैं। २२)... दूध से बना पदार्थ है। २३)... बे बिना तरकारियाँ नहीं खायी जातीं। २४)खाने की वस्तुएँ अपने आप नहीं ... इन्हें बेचा जाता है। २५)हमने तराई में शेर की ... सुनी। २६)... वर्ष में काफी बडा लाभ हुआ। २७)नदी का यह सुंदर ... हमें बहुत पसंद आया। २८)वह ... पर बोझ लिए जा रहा है। २९)उसकी कमीज ... और पुरानी है। ३०)भारत में स्त्रियाँ भी ... पहनती हैं। ३१)देशाती बाजार में तरकारियाँ आदि आम तौर पर ... में रखी जाती हैं। ३२)स्त्री साफ ... कमीज पहने हुए आयी है। ३३)वर्षा ऋतु में ... बहुत आवश्यक होती है। ३४)देहाती बाजारों के दाम आम तौर पर ... होते हैं। ३५)लडकी १९८५ में ... हुई। ३६)कठिन काम ... से कैसा पूरा किया जाए? ३७)... से प्रेम की भावना प्राचीन काल में पैदा हुई। ३८)गाँवों में आदमी अधिकतर ... पहनते हैं और शहरों में

ज्यादातर कमीजें। ३९)बाजारों में लोग चलते-... नजर आते हैं। ४०)कुछ लोगों में ...-... की भावना खून में है।

७. अनुवाद कीजिये।

Как говорят, если вы не видели восточного базара, то вы ничего не видели. Вид восточного базара настолько необычен, что его очень трудно описать. Как описать шум базара, голоса лавочников, приглашающих деревенский люд посмотреть на свой товар. Как описать краски этого базара, красные, желтые, зеленые. Зеленые овощи, красные и желтые фрукты. Здесь все продается и все покупается. Мусульмане покупают мясо и рыбу, индусы (हिन्दू लोग) - овощи и бобовые. И те, и другие покупают молоко, яйца, зерно, пряности. Кто-то тут же пьет кислое молоко, кто-то распивает чай (चाय *ж*) в здешней чайхане.

Здесь никто ничего не покупает, не торгуясь. Торговля на восточном базаре – древнее и великое искусство. Один считает, что выгодно купил, другой полагает, что выгодно продал. И оба счастливы. И кто знает истинную стоимость проданной и купленной вещи.

С древних времен базар раскидывается там, где всегда собирается много народу. Это место находится или возле мечети, или возле храма, на берегу реки или водоема. Специальные или временные базары организуются по праздникам. В длинные ряд усаживаются торговцы, разложив перед собой все свои товары: овощи, фрукты, ткани, одежду, обувь. Меж рядов снуют покупатели, спрашивают цену, торгуются, покупают и идут дальше. Во временных лавках продаются предметы первой необходимости, продукты питания, выращенные крестьянами близлежащих деревень. Праздничный базар продвигает товар на постоянные рынки. Народ узнает о новых товарах. Купленный товар несут на плечах, укладывают в корзинки. Кончается праздник и закрывается базар.

На постоянных рынках, которые раскидываются на деревенских или городских площадях, можно купить все то, что вам

нужно. Здесь более дешевые цены, чем в больших магазинах. Особенно важные такие базары для деревенского люда, который с легкостью покупает там товары повседневного спроса.

Восточный базар – всегда необычное зрелище, которое стоит посмотреть хотя бы один раз в жизни.

८. अनुवाद कीनिये।

क. देहाती बाजार की सैर (прогулка) बहुत विचित्र होती है, क्योंकि वह एक प्रकार का तमाशा है जहाँ दूर दूर औ भिन्न भिन्न जातियों के लोग नजर आते हैं। दस-ग्यारह बजे प्रता: को और पाँच-छ: बजे संध्या को चारों ओर भीड ही भीड है। दुकानदार अपनी अपनी दुकानों की वस्तुओं को ऐसे सुंदर ढंग से रखते हैं कि खरीदने वालों को इन्हें करीदने की प्रबल इच्छा हो जाए। एक ओर मिठाई की दुकान की मिठाइयाँ, दूसरी और फल बेचने वालों की दुकान। और दोनों की वस्तुएँ इस तरह रखी गयी हैं कि देखने वालों के मुँह में पानी भर जाता है।

मोटरों, गाडियों और लोगों की भीड के कारण सडक पर से गुजरना भी कठिन हो जाता है।

अगर आप चौक में जाएँगे तो देखेंगे कि अस्थायी दुकानो. के दुकानदार कितने कला-कौशल के साथ अपना अपना व्यापार कर रहे हैं, जो कोई उनके पास रुक जाए, वह कुछ खरीदने के बिना जा न सकेगा। लोग दूध, दही, दाल, अनाज आदि खरीदते नहीं थकते।

संध्याकाल को देहाती बाजार बहुत विचित्र दीखता है। इसी समय किसान खेतों में काम करके माल खरीदने को निकलते हैं। स्त्रियाँ टोकरियों को लिए चलती-फिरती देखने में मिलती हैं। बच्चे मिठाइयाँ खाते हैं और सभी कोनों से मोल-तोर करने वालों की आवाजें आती हैं। बिक्री पूरे जोर पर होती है।

आइये, ऐसे बाजार की सैर कीजिये।

ख. १)यह मकान बिक्री के लिए है। २)इस माल की कोई बिक्री नहीं है। ३)में स्थायी रूप से दिल्ली में रहता हूँ। ४)संघीय संसद स्थायी अंग है। ५)दुमानदार पंक्ति में बैठे हैं। ६)मोटरों ने रास्ता बंद कर दिया। ७)मुँह (बातें, लिफाफा) बंद करो। ८)मेरा सामान कमरे में बंद है। ९)उसका घर सडक के बीच में पडता है। १०)पंक्तियों के बीच में स्त्रियाँ चलती-फिरती नजर आती हैं। ११)लडकियाँ फिर रही हैं। १२)वह सही रास्ते से फिर गया। १३)यहाँ माल सस्ते दामों पर बिकता है। १४)भारत में दाल खूब खायी जाती है। १५)बाजार में मोल-तोल करना मुझे पसंद नहीं आता। १६)वह आदमी सुखी समझा जाता है जो मोल-भाव करके लाभ के साथ माल खरीदता है। १७)जनता की आवाज कौन सुनता है। १८)जनता का संगठन करना शासन के अंगों का कर्त्तव्य है। १९)मुझे एक कमीज की आवश्यकता है। २०)स्कूल को एक योग्य अध्यापक की आवश्यकता है। २१)उसे वहाँ रुकने की आवश्यकता नहीं है। २२)शासन का कर्त्तव्य है कि जनता की सब आवश्यकताएँ पूरी हों। २३)भारत में लोग तरकारियाँ खूब खाते हैं। २४)पुलाव में थोडा और नमक डाल दो। २५)देश में अनाज की कमी नहीं है। २६)पुलाव में ज्यादा मसाला डाल दिया गया है। २७)दही दूध से बनता है। २८)इस दुकान में जूते बिकते हैं। २९)यह माल मुश्किल से बिकता है। ३०)मौसम नित्य बदलता है। ३१)गाने की आवाज आती है। ३२)मोटर चालू है। ३३)हमने शीघ्र ही काम चालू कर दिया। ३४)कारखाना इसी वर्ष चालू होगा (किया जाएगा)। ३५)विदेशी माल बंदरगाह में पहुँचाया गया। ३६)मालगाडी देर से आयी। ३७)मेरी कमीज फट गयी। ३८)दीवार फटी हुई है। ३९)यह कपडा आसानी से फटता है। ४०)इससे हमारा क्या लाभ है? ४१)यह दुकान विद्यार्थियों के लाभ के लिए खुली है। ४२)देश को लाभ पहुँचाना हम लोगों का कर्त्तव्य है। ४३)लडका पैदा हुआ। ४४)लडकी जुलाई में पैदा हुई। ४५)आपको किस माँ-बाप ने पैदा किया? ४६)खेत में अच्छा अनाज पैदा हुआ। ४७)इसी कारण

से अनेक कठिनाइयाँ पैदा हो गयीं। ४८)हमने आम की पूरी टोकरी खरीद ली। ४९)स्त्री कंधे पर टोकरी लिए जा रही है। ५०)काम में आसानी हो गयी। ५१)जिसकी लाठी उसकी भैंस।

९. रूसी में प्रश्नों का अनुवाद करके उनका उत्तर दीजिये।

1)Что такое деревенский базар? 2)Видели ли Вы подобный базар в какой-нибудь стране? 3)Что обычно продают на сельских рынках? 4)Когда обычно начинается торговля? 5)Где в Индии раскидываются сельские базары? 6)Бывают ли базары в России возле церквей? 7)Существуют ли в России праздничные базары? 8)Где они обычно располагаются? 9)В чем состоит различие постоянного и временного рынка? 10)В какое время работают деревенские рынки. 11)Есть ли в Москве вещевые рынки? 12)Что там продается? 13)Ходите ли Вы на московские рынки? 14)Что Вы там покупаете? 15)Торгуетесь ли Вы при покупке товара? 16)Почему на восточном базаре необходимо торговаться? 17)Каковы основные потребности простых людей? 18)Нравятся ли Вам восточные пряности? 19)Любите ли Вы есть сладости? 20)Ели ли Вы когда-нибудь бобы? 21)Можно ли в России жить без мяса? 22)Как часто Вы едите овощи? 23)Что Вам нравится больше, мясо или овощи? 24)Нравится ли Вам зерновая пища? 25)Во сколько рядов расположены магазины на рынке, куда Вы ходите? 26)Нравится ли Вам деревенская жизнь? 27)Если да, то почему? 28)Чистые ли одежды носят продавцы на Вашем рынке? 29)Где Вы покупаете товары первой необходимости? 30)Знаете ли Вы голоса своих друзей? 31)Что обычно носят индийские крестьяне? 32)Могли ли Вы носить дхоти? 33)Почему индийские крестьяне часто ходят с палкой в руках? 34)А почему - с зонтиком? 35)Нужен ли зонтик в России зимой? 36)В чем многие видят основной долг женщины? 37)Нравится ли Вам вид на Москву с Воробьевых гор? 38)Как Вам нравится вид Кремля? 39)Следует ли иностранцам приезжать в Россию, чтобы увидеть Московский кремль? 40)Когда Вы родились? 41)Много ли зерна уродилось

в этом году? 42)Согласны ли Вы с тем, что все питание в России основывается на зерне. 43)Когда в России продаются самые дешевые фрукты? 44)Есть ли у Вас в доме бабушкина корзина? 45)Что в ней хранится? 46)Как образуется прибыль торговца? 47)Вы с легкостью учите новые слова? 48)Что влияет на распространение новых идей? 49)Верно ли, что на это влияет позиция людей? 50)Что Вы знаете о распространении хинди в России?

१०. मान लीजिये कि आप किसी बाजार में गये हों। इसकी कहानी कहिये।

११. रूस में लोग क्या खाते हैं, क्या पहनते हैं, इसकी कहानी कहिये।

१२. जो खाने की चीजें आपको पसंद हैं उन्हें एक पक्ति में लिखिये, जो पसंद नहीं हैं, दूसरी में लिखिये और हमें बताइये कि ये चीजें क्यों पसंद हैं और क्यों पसंद नहीं हैं?

१३. बातचीत का अनुवाद करके उसको याद कीजिये।

क. रमेश खेलने जाने वाले थे। इतने में उसकी माँ जी ने उसे बुलाया। माँ जी ने पूछा, “पुत्र, कहाँ जा रहे हो?”

रमेश: माँ, कुछ काम है क्या?

माता: घर में तरकारी नहीं है, बाजार से कुछ तरकारी लाना है। (माँ जी ने रमेश के हाथ में एक सौ रुपये का नोट दे दिया)।

रमेश तरकारी लेने जाने ही वाले थे कि एतने में उसका मित्र सुरेश आ गया।

सुरेश: कहाँ जा रहे हो, रमेश?

रमेश: सब्जीमण्डी (यानी तरकारियों का बाजार) जा रहा हूँ। मुझे कुछ तरकारियाँ खरीदनी हैं।

सुरेश: चलो, मैं भी तुम्हारे साथ चलता हूँ। मेरी दादी जी बीमार हैं। उनके लिए कुछ फल खरीदने हैं।

रमेश: तो कौनसे फल खरीदने हैं?

सुरेश: जो भी अच्छा मिलेगा।

दोनों मित्र बातचीत करते-करते सब्जीमण्डी पहुँचते हैं।

रमेश दो किलो तरकारी खरीदता है और सुरेश आम और पपीता (папайя) खरीदता है। तरकारी और फल खरीदकर दोनों मित्र घर लौट आते हैं।

ख. मदन लाल और उसका मित्र राम कुमार इलाहाबाद रात को पहुँचे। वे स्टेशन के पास के ही एक होटल में गये।

मदन लाल: (होटद के मैनेजर से) क्या होटल में जगह है? हम दो आदमी हैं।

मैनेजर: हाँ, हैं।

मैनेजर ने एक कर्मचारी को कमरे नम्बर ९, १२, १५, २० दिखाने के लिए उनके साथ कर दिया।

मदन लाल: हमें कमरा नम्बर नौ औ नम्बर बारह पसंद है।

मैनेजर: नम्बर नौ का किराया छ सौ रुपये रोजाना और नक्बर बारह का साढे पाँच सौ रोजाना।

मदन लाल: क्या भोजन के साथ?

मैनेजर: नहीं, केवल कमरे का।

मदन लाल: भोजन के साथ एक दिन का किराया क्या होगा?

मैनेजर: भाजन के साथ नम्बर नौ का एक हजार रोजाना और नम्बर बारह का साढे नौ सौ रोजाना। भोजन में दो बार की चाय और नाश्ता, और सुबह शाम का भोजन आता है।

मदन लाल: अगर हम केवल कमरा ही लें तो क्या हम चाय भाजनादि यहाँ से ले सकेंगे?

मैनेजर: हाँ, ले सकेंगे। हम भोजन का दाम अलग लगाते हैं। यहाँ चाय और भोजन का समय निश्चित ह: सुबह की चाय सुबह साढे पाँच बजे से साढे आठ बजे तक, दोपहर की चाय तीन बजे से शाम के पाँच बजे तक, सुबह का भोजन ग्यारह बजे से डेढ बने तक और रात का भोजन आठ बजे से साढे दस बजे तक।

मदन लाल: हम बिना भोजन ही कमरा लेंगे। नम्बर बारह का कमरा हमारे लिए तैयार करन दें। क्या अब हमें भोजन मिलेगा? हमारा दिन कब से कब तक गिना जाएगा?

मैनेजर: हाँ, आपको भोजन मिलेगा। आपका दिन आज रात के दस बजे से कल रात के साढे दस बजे तक गिना जाएगा। रामू, नम्बर बारह अच्छी तरह से साफ करके बाबू जी का सामान उसमें रख दो। शंभु, तुम भोजन आदि का काम संभाल लो।

मदन लाल: (शंभु से) खाने में क्या क्या तैयार है?

शंभु: चावल, दाल, तरकारी और दूध-दही ये चीजें हैं। आप भोजन के लिए आने के कमरे में जाएँगे या आपके कमरे में ही लाऊँ?

मदन लाल: कमरे में ही ले आना। सब चीजें गरम हों।

शंभु नम्बर बारह में खाना ले जाता है।

मदन लाल: (राम कुमार से) खाना तो गरम है और काफी अच्छा है।

राम कुमार शंभु को बुलाता है।

शंभु: कहिये, बाबू जी, क्या चाहिए?

मदन लाल: कुछ नहीं चाहिए। बताओ कि चाय सुबह कब तैयार हा जाती है?

शंभु: साढे पाँच बजे सुबह।

मदन लाल: अच्छा, कल सुबह साढे छ: बजे हम दोनों के लिए चाउ ले आना, पर देखना कि वह अच्छी हो।

शंभु: नहीं, बाबू जी, दूध, चाय सब अलग अलग लाऊँगा। गुसलखाने में एक लाल नल (кран) गरम पानी का है और दूसरा सामान्य नल ठंडे पानी का है। गरम पानी सुबह पाँच बजे से नो बजे तक मिलेगा। अच्छा जी, अब मैं जाता हूँ।

दोनों मित्र कमरा बंद करके सो जाते हैं।

चुटकुले

१. अध्यापक जी ने कहानी लिखने के लिए दिया: "मेरे पास पाँच लाख रुपये हों तो मैं क्या करूँ?"

सभी लडके लिखने बैठै, पर मोहन उसी तरह बैठा रहा। अध्यापक जी एक-दो बार उसके पास आये भी, पर वह ऐसे ही बैठा रहा। अंत में अध्यापक से नहीं रहा गया। मोहन के पास जाकर बोले, "मोहन, यह क्या? क्लास का हर लडका लिख रहा है और तुम ऐसे ही बैठे हो?"

"ठीक है, अध्यापक जी", मोहन ने उत्तर दिया, "अगर मेरे पास पाँच लाख रुपये हों, तो मैं ऐसे ही बैठूँगा"।

२. "मेरा लडका ऐसे पत्र लिखता है कि मुझे शब्दकोश की सहायता लेनी पडती है।"

"और मेरा लडका ऐसे पत्र लिखता है कि मुझे बैंक के मैनेजर की सहायता लेनी पडती है।"

३. प्रोफेसर: आपको देर कैसे हो गयी?

छात्र: जी, क्लास मेरे आने से पहले ही शुरू हो गयी।

УРОК 12

व्याकरण

Придаточные предложения (обобщение)

Придаточные предложения в хинди представлены зависимым компонентом сложноподчиненного предложения, в которых реализуется связь, обусловленная главным предложением. Зависимость придаточного предложения от главного формально выражается подчинительными союзами и союзными словами (относительными местоимениями и наречиями), которые органически входят в структуру сложного предложения, предопределяя позиционное расположение придаточного относительно главного предложения.

Придаточные предложения подразделяются на <u>прифразовые</u>, относящиеся ко всему предложению, и <u>присловные</u>, относящиеся к отдельному слову в составе главного предложения.

В предыдущих уроках встречались следующие прифразовые придаточные предложения:

Придаточные времени. Эти предложения вводятся относительными союзными словами जब, जब से, जब तक, ज्योंही, जैसे ही, जिस समय, которым в главном предложении могут соответствовать слова तब, तब से, तब तक, त्योंही, वैसे ही, उस समय. Примеры: <u>जब</u> वर्षा ऋतु आती है <u>तब</u> तापमान कम हो जाता है, <u>जब से</u> हम यहाँ रहते हैं <u>तब से</u> मैं एक ही स्कूल में जाता हूँ, <u>जब तक</u> बर्फ पडती रहेगी <u>तब तक</u> हम घर ही रहेंगे, <u>ज्योंही</u> घंटी बजी <u>त्योंही</u> अध्यापक जी कक्षा में आये, <u>जिस समय से</u> ग्रामों की स्थापना हुई <u>उस समय से</u> बाजार लगने लगे.

Придаточные места. Эти предложения вводятся союзными словами जहाँ, जहाँ से, जहाँ कहीं, которым в главной части соответствуют слова वहाँ, वहाँ से. Примеры: <u>जहाँ</u> सुख

होता है वहाँ दु:ख भी मिलता है, हम वहाँ रहते हैं जहाँ नदी पहाडों से निकल आती है, जहाँ से वे आये हैं वहाँ अभी तक बर्फ पडी है.

Когда придаточная часть относится к определенному слову в главном предложении, она располагается после него, приобретая определительный оттенок: वह ऐसा स्थान पर रहेगा जहाँ नदी होगी.

Придаточные меры и степени. Эти предложения вводятся союзами и союзными словами कि, मानो (मानों), जैसे [कि], जितना [कि], которым в главном предложении могут соответствовать слова इतना, ऐसा, उतना. Примеры: मैं इतना थक गया कि कुछ बोल न सका, हमने ऐसे किया जैसे तुमने कहा था, काम जितना आसान था फल उतना ही कठिन, उसने मेरी ओर ऐसे देखा जैसे मैंने किसी को मार डाला हो, सब लोग जैसे आये वैसे ही चले गये, जिस तरह आपने अपना काम किया था उसी तरह हमारा काम भी कीजिये, पशु ऐसा पडा है मानो मर चुका हो.

Придаточные причины. Эти предложения вводятся союзами क्योंकि, चूँकि, इसलिए... कि. Примеры: बच्चे घूमने नहीं गये क्योंकि बाहर वर्षा शुरू हुई, चूँकि बाहर वर्षा शुरू हुई बच्चे घूमने नहीं गये, बच्चे घूमने इसलिए नहीं गये कि बाहर वर्षा शुरू हुई.

Придаточные сравнительные. Эти предложения вводятся союзами मानो (मानों), जैसे и всегда располашаются после главного предложения. Примеры: नदी बढी हुई थी मानो सागर हो, वह आँख बंद किये हुए था जैसे किसी विचार में पडा हो.

Придаточные условные. Эти предложения вводятся союзами अगर, यदि, которым в главном предложении соотносится союз तो. Примеры: अगर सब कुछ ठीक होगा तो हम कल जा सकेंगे, यदि शेर गाडी में जोत दिया जाए तो उससे गाडी न खिँचेगी, अगर वह सदा देर से आता है तो काम समय पर कैसा पूरा होगा.

Придаточные уступительные. Эти предложения вводятся союзами यद्यपि, अगर्चे, हालाँकि, चाहे, которым в главном согут соответствовать союзы и союзные слова तथापि, फिर भी, पर. Примеры: यद्यपि वह बीमार था फिर भी वह काम पर गया, यद्यपि यह शहर काफी पुराना है तथापि यहाँ दो-चार अच्छे होटल हैं, अगर्चे वह मुझ से छोटा है तो भी उसमें ज्यादा शक्ति है.

Среди присловных придаточных предложений в учебнике встречались следующие типы:

Придаточные дополнительные. Эти предложения вводятся союзом कि и всегда располагаются после главного предложения. Примеры: मैंने लिखा कि मैं नहीं आऊँगा, हम चाहते है कि वसंत जल्दी आए, मेरी इच्छा थी कि मैं इस देश की यात्रा करूँ.

Придаточные определительные. Эти предложения вводятся союзными словами जो, जैसा, जितना, которым в главном предложении соответствуют слова वह, ऐसा, इतना, उतना. Примеры: हमने ऐसा घर खरीदा जो बहुत सुंदर था, वहाँ ऐसा मकान नहीं है जैसा मुझे चाहिए, लडके में इतनी शक्ति नहीं है जितनी नोजवान को जरूरी है, मैंने जिन लोगों को बुलाया,

वे नहीं आये, जितने रुपये तेरे पास हैं उन्हें मुझे दे दो, जितने मुँह उतनी बातें, जैसा नाम वैसी दुकान.

व्याकरण का अभ्यास

१. अनुवाद कीजिये।

1)Мне сказали, что завтра будет дождь. 2)Мы знаем, что базар располагается там, где собирается много народа. 3)Я сказал, чтобы он пршел завтра. 4)Девочка хочет, чтобы ей купили новую рубашку. 5)Когда вы придете на базар, там будет много народа. 6)Лишь тогда можно понять народ, когда познакомишься с его историей и культурой. 7)С тех пор как Вы приехали, [с этих пор] я хочу встретиться с Вами. 8)Фильм начался, как только прозвенел звонок. 9)Путешествие оказалось настолько трудным, что мы очень устали. 10)Диктант был до такой степени трудным, что не все смогли его написать правильно. 11)С базара принесли столько фруктов, что было трудно съесть их за целый вечер. 12)Река настолько широко, что ее будет трудно переплыть. 13)Она хорошо готовила, потому что училась этому искусству. 14)Так как я опоздал, я не пошел в аудиторию. 15)Поскольку это общество идет новым путем, на этом пути встречается много трудностей. 16)Мы потому захотели поехать туда, что там по прадникам бывает большой базар. 17)Если завтра будет хорошая погода, мы поедем в горы. 18)Я куплю эту рубашку, если цена не будет высокой. 19)Есди хочешь узнать об этом, то спроси. 20)Если любовь бывает счастливой, то она не кончается. 21)Хотя этот человек молод, он хорошо знает свое делою 22)Хотя на море была хорошая погода, тем не менее корабль пришел с опозданием. 23)Хотя все не согласны со мной, я сделаю это. 24)Пусь он зовет меня, я все равно не поеду. 25)Он долго смотрел в мою сторону, как будто что-то хотел спросить у меня. 26)Он придет к этой мысли, как пришли к ней многие ученые. 27)Как холодно бывает в Сибири, так холодно бывает высоко в Гималайских горах. 28)Чем

ниже они спускались, тем становилось теплее. 29)Я отправился к другу, который живет в центре города. 30)Это был тот человек, с которым я встречался в Индии. 31)Девушка купила такую ткань, которая была очень красивой. 32)У этого окна, которое открывалось в сад, сидел какой-то человек. 33)Он ушел туда, где с гор стекает много рек. 34)Куда бы я не уехал, я всегда хочу вернуться домой. 35)Мы пошли в центр города, туда, где строился новый дом. 36)Он пошел туда, откуда доносился чей-то голос.

पाठ

विदेश भ्रमण

यातायात और परस्पर संबंध के साधनों के कारण देश-विदेश भ्रमण उच्च शिक्षा का एक आवश्यक अंग हो गया है।

शिक्षा, व्यापार, शिल्प इत्यादि प्रत्येक विभाग में ऊँची शिक्षा के साथ-साथ देश-विदेश में भ्रमण को एक बडा योग्यता का प्रमाणपत्र माना जाता है। कारण स्पष्ट है कि यद्यपि एक स्थान पर बैठे हुए हम पुस्तकों तथा व्याख्यानों द्वारा दुनिया के समाचार और ज्ञान को प्राप्त कर सकते हैं, परन्तु यह ज्ञान विदेश भ्रमण के बिना क्रियात्मक ज्ञान नहीं होता।

इस विस्तृत दुनिया में अनेक प्रकार के भूखंड हैं, जहाँ नाना रीति-रिवाजों वाले मनुष्य बसते हैं। उनसे अपनी परिस्थिति के अनुसार नाना प्रकार की विचारधाराएँ होती हैं। विदेश भ्रमण करने वाला जहाँ दुनिया के चित्र-विचित्र सुंदर दृश्यों को देखने का आनंद उठाता है, वहाँ वह विभिन्न देशों का परिचय प्राप्त करता है। इससे जहाँ उसका ज्ञान बढता है, वहाँ उसका दृष्टिकोण विशाल और उदार बनता है। इसके विपरीत विदेश भ्रमण न करने से हमारा ज्ञान कूप मंडल की तरह सीमित तथा दृष्टिकोण संकुचित होता है।

विदेश भ्रमण से एक बडा लाभ है कि सब दूसरे देशों की समस्याओं और अनुभवों से लाभ उठा सकते हैं। यदि कोई देश

रेलगाडी, हवाई जहाज, कम्प्यूटर और रेडियो इत्यादि बनाता है, तो हम भी उस देश में उस वस्तु के बनाने का तरीका सीखकर अपने देश में उसे बना सकते हैं। इस प्रकार प्रत्येक देश सब देशों की उन्नति में सहायक होता हुआ अपनी उन्नति कर सकता है।

देशों में आपस में एकता एक इस भ्रमण का महत्वपूर्ण लाभ है। जब हम विदेश में घूमते हैं, जो अनेक प्रकार के लोगों में रीति-रिवाज तथा उनकी भाषा सीखते हैं, तो हम में परस्पर संबंध पैदा होता है। कुछ हम उन्हें सिखाते हैं, कुछ हम उनसे सीखते हैं। इस प्रकार दोनों में कौतूहल, उत्कंठा और जिज्ञासा पैदा होती है। इस प्रकार आदान-प्रदान से राष्ट्रों और लोगों में मित्रता होती है। यद्यपि कभी-कभी राष्ट्रों में आपसी गुटबंदी, युद्ध तथा विश्वयुद्ध भी होते रहे हैं, परन्तु उन सब के होते हुए भी सब राष्ट्र एकता की ओर बढ रहे हैं। आज एक राष्ट्र अपनी आवश्यकताओं के लिए दूसरे राष्ट्रों पर इतना आश्रित है कि वह उन से संबंध विच्छेद की कल्पना भी नहीं कर सकता। धीरे-धीरे संसार के सब विचारक तथा राजनीतिज्ञ इस विचार पर पहुँच रहे हैं कि एक दूसरे के बिना हमारा निर्वाह नहीं। किसी देश को पराधीन रखकर हम स्वतंत्र और सुखी नहीं रह सकते। धीरे-धीरे छोटे-छोटे राष्ट्र पराधीनता के पंजों से छूटकर चैन की सांस ले रहे हैं। दुनिया भर के पीडित और शोषित व्यक्ति एक अटूट घनिष्ठ संबंध को अनुभव कर रहे हैं। आज वे अपने व्यक्तिगत अथवा संकुचित राष्ट्रीय दृष्टिकोण के बजाय दुनिया भर के व्यापक दृष्टिकोण से प्रत्येक बात और घटना को तौल रहे हैं।

इन सब अमानुषिक झगडों, गुटबंदियों और युद्धों के होते हुए भी यह नहीं कहा जा सकता है कि हमने उन्नति नहीं की। आज जो हम “एक दुनिया” के स्वप्न को प्रत्यक्ष होता देख रहे हैं, इसका एकमात्र श्रेय विदेश भ्रमण को है।

पुरानी कहावत चली आती है कि धन और विद्या परदेश में कमाये जाते हैं।

विदेश ज्ञान आवश्यक है, परन्तु यह ज्ञान अधूरा है, यदि इसकी नींव स्वदेश के ज्ञान पर न रखी जाये। हमारे देश में देश से बाहर देश भ्रमण के लिए जाने वाले व्यक्तियों में एक बडी त्रुटि यह है कि वे स्वदेश का व अपनी सभ्यता का ज्ञान न रखने के कारण दूसरे देशों और दूसरी सभ्यताओं के ऊपर इतने लट्टू हो जाते हैं कि उनके अंधे भक्त बन जाते हैं। विदेश भ्रमण से पहले अपने देश का भ्रकण कीजिये और केवल मनोविनोद के लिए ही देश भ्रमण न कीजिये, बल्कि एक विशेष उद्देश्य और दृष्टिकोण को सामने रखकर। तभी देश भ्रमण पूर्ण लाभदायक हो सकता है।

नये शब्द

अंधा **андhaa** слепой

अटूट **atyyt** нерушимый, крепкий

अथवा **athваа** или

अधूरा **адhyураа** неполный; половинчатый

अनुभव **анубhав** *м* 1)ощущение 2)опыт

अमानुषिक **амаанушик** бесчеловечный, жестокий

आदान-प्रदान **аадаан-прадаан** *м* обмен

आपस **аапас** *м* взаимосвязь

आश्रित **аашрит** зависящий, зависимый

इत्यादि **итйаади** и так далее

उच्च **учч** высокий; высший

उठाना **ythaанаа** *п* поднимать

उत्कंठा **утканthaa** *ж* желание, стремление

उदार **удаар** 1)благородный 2)либеральный

उद्देश्य **уддешйа** *м* цель, намерение

उन्नति **уннати** *ж* рост, подъем; прогресс

एकमात्र **екмаатр** единственный

कमाना **камаанаа** *п* зарабатывать; приобретать

कल्पना **калпнаа** *ж* воображение; фантазия

कहावत **kahaaвaт** *ж* пословица, поговорка

कूप **кууп** *м* колодец

क्रियात्मक **крийаатмак** действенный; практический

गुटबंदी **гуtбандии** *ж* союз, блок, коалиция

घनिष्ठ **гhани<u>ш</u>th** тесный, близкий

चैन **чайн** *м* покой, отдых

छूटना **чhyytнaa** *нп.* 1)освобождаться 2)отправляться

जिज्ञासा **джигйаасаа** *ж* любознательность, пытливость

झगडा **джhагrаа** *м* ссора; распря

तरीका **тариикаа** *м* способ, метод

तोलना (तौलना) **толнаа (таулнаа)** *п* 1)взвешивать 2)оценивать

त्रुटि **трутi** *ж* недостаток, дефект

दृष्टिकोण **дри<u>ш</u>tико<u>н</u>** *м* точка зрения

धन **dhан** *м* богатство; деньги

धीरे **dhиире** медленно

निर्वाह **нирваah** *м* существование; выживание

नींव **нйив** *ж* основание; фундамент

पंजा **панджаа** *м* лапа

परंतु **паранту** но, однако; тем не менее

परदेश **пардеш** *м* заграница

परस्पर **параспар** взаимный

पराधीन **парааdhиин** зависимый

पराधीनता **парааdhиинтаа** *ж* зависимость

पीडित **пиигит** угнетенный, страдающий

पूर्ण **пуур<u>н</u>** полный, наполненный

प्रत्यक्ष **пратйакш** 1)явный, очевидный 2)прямой

प्रदान **прадаан** *м* предоставление

प्रमाण **прамаа<u>н</u>** *м* 1)доказательство 2)свидетельство

प्राप्त **праапт** полученный, приобретенный

प्रमाणपत्र **прамаа<u>н</u>патр** *м* свидетельство; диплом

बजाय: के ~ вместо

बसना **баснаа** *нп.* селиться, располагаться, обитать

भक्त **бhакт** *м* приверженец, сторонник

भू **бhyy** *ж* земля

भ्रमण **бhрама<u>н</u>** *м* поездка

मंडल **манdал** *м* 1)круг 2)группа людей

मनोविनोद **мановинод** *м* развлечение, забава
मित्रता **митртаа** *ж* дружба
यातायात **йаатаайаат** *м* 1)сообщение 2)транспорт
युद्ध **йуддh** *м* война
योग्यता **йогйатаа** *ж* 1)способность 2)квалификация
लट्टू **лattyy** *м* волчок
लाभदायक **лаабhдаайак** полезный; выгодный
विचारक **вичаарак** *м* мыслитель, философ
विचारधारा **вичаардhаараа** *ж* образ мыслей, мировоззрение
विच्छेद **виччhед** *м* разрыв; отсечение
व्यक्तिगत **вйактигат** личный; индивидуальный
व्याख्यान **вйаакhйаан** *м* лекция
व्यापक **вйаапак** широкий; обширный
शिक्षा **шикшаа** *ж* 1)обучение 2)образование
शिल्प **шилп** *м* ремесло
शोषित **шо<u>ш</u>ит** эксплуатируемый
श्रेय **шрей** *м* заслуга
संकुचित **санкучит** ограниченный, узкий
समाचार **самаачаар** *м* весть, известие; сообщение
सीमित **сиимит** ограниченный
स्वतंत्र **сватантр** независимый, свободный
स्वदेश **свадеш** *м* родина, отчизна
हवाई **hавааии** воздушный

Лексико-грамматический комментарий

१. विदेश भ्रमण «поездка за границу». Образование словосочетаний по способу беспослеложного примыкания имен существительных особенно часто встречается среди слов, заимствованных из древнеиндийского языка <u>санскрита</u>. При этом правый, ведущий компонент словосочетания может осложняться глаголом: विदेश भ्रमण करना «совершать поездку за границу». Левый, зависимый компонент может представлять собой расширеное сочетание: देश-विदेश भ्रमण «поездки по стране и за границу».

२. Слово पत्र, присоединяясь к различным словам, передает понятие некого печатного документа: प्रमाण «свидетельство» + पत्र = प्रमाणपत्र «свидетельство» (документ), समाचार «новость» + पत्र = समाचारपत्र «газета». В таком употреблении слово पत्र чаще всего пишется слитно с предшествующим словом.

३. Глагольный монолит प्राप्त करना имеет значение «получать», «приобретать». Соответственно глагольный монолит प्राप्त होना имеет значение «получаться», «быть полученным».

४. Слово भू «земля» очень часто употребляется в составе словосочетаний, которые в современном языке чаще воспринимаютмя как сложные слова: भूखंड (भूभाग, भूक्षेत्र) «земельный участок», «территория»; भूगोल «земной шар», «география»; भूदृश्य «ландшафт» и т.п.

५. Союзное слово जहाँ и соответствующее ему в главном предложении наречие वहाँ могут выступать в значении вводиных слов «с одной стороны» и «с другой стороны»: इससे <u>जहाँ</u> उसका ज्ञान बढता है, <u>वहाँ</u> उसका दृष्टिकोण विशाल और उदार बनता है «в результате этого, с одной стороны, увеличиваются его знания, с другой стороны, его кругозор становится более широким и либеральным».

६. Парное сочетание चित्र-विचित्र имеет следующие значения: «разнообразный», «многообразный» и «разноцветный».

७. Идиоматическое выражение आनंद उठाना означает «наслаждаться», «радоваться». Зависимый компонент присоединяется через послелоги का и से: देखने का (से) आनंद उठाना.

८. Выражение कूप मण्डल (*букв.* «люди, сидящее в колодце») имеет значение «люди с ограниченным кругозором». Данное выражение восходит к известной притче о лягушке, сидящей в колодце и считающей, что колодец и есть весь мир.

९. Идиоматическое выражение लाभ उठाना означает «извлекать пользу (выгоду)». Присоединяет зависимый компонент через послелог से (реже का): अनुभव से लाभ उठाना.

१०. हवाई जहाज «самолет» (*букв.* «воздушный корабль»).

११. Именно-глагольное сочетание उन्नति करना имеет следующие значения: «развивать», «преуспевать», «добиваться развития».

१२. आपस में «между собой», «взаимно», «обоюдно».

१३. विश्वयुद्ध «мировая война». Слово विश्व часто выступает в функции зависимого компонента, передавая различные значения: विश्वविद्यालय (*букв.* «универсальная школа») «университет», विश्वभ्रमण «кругосветное путешествие», विश्वकल्याण «всеобщее благо», विश्वकोश «энциклопедия» и т.п.

१४. ДНВ, выступая с частицей भी, приобретает уступительный оттенкок: उन सब के होते हुए भी «несмотря на все это», युद्धों के होते हुए भी «несмотря на существование войн».

१५. Слово आश्रित присоединяет зависимый компонент через послелог पर: राष्ट्रों पर आश्रित «зависящий от государств».

१६. संबंध विच्छेद «разрыв («прекращение») отношений».

१७. Именно-глагольное сочетание कल्पना करना имеет значение «представлять», «воображать». Присоединяет зависимый компонент через послелог की: भविष्य की कल्पना करना.

१८. विचार पर पहुँचना «приходить к мысли».

१९. पराधीन रखना «держать в подчинении» (*букв.* «держать зависимый»).

२०. चैन की साँस लेना «облегченно вдохнуть», «вздохнуть с облегчением».

२१. Именно-глаольное сочетание अनुभव करना «чувствовать», «ощущать» все чаще начинает употребляться в функции глагольного монолита, присоединяя зависимый компонент без послелога (послелог को в этих случаях передает понятие определенного артикля, а не связующего элемента): आवश्यकता [का] अनुभव करना, संबंधों को अनुभव करना.

२२. Слово श्रेय образует дативную конструкцию, в которой субъект выступает с послелогом को , а предикат согласуется с подлежащим: इसका श्रेय विदेश भ्रमण को है «заслуга в этом принадлежит поездкам за границу».

२३. कहावत चली आती है «существует поговорка».

२४. Идиоматическое выражение नींव रखना означает «основывать», «закладывать фундамент».

२५. Идиоматическое выражение लट्टू हो जाना означает «быть очарованным», «приходить в восторг». Зависимый компонент присоединяется через послелог पर (के ऊपर): सभ्यता के ऊपर लट्टू हो जाना, लडकी पर लट्टू हो जाना.

२६. सामने रखना (करना) «ставить во главу угла». Присоединять зависимый компонент через послелог के: जनता (संसद) के सामने रखना.

पाठ के अभ्यास

१. पाठ को पढिये और रूसी में अनुवाद कीजिये।

२. हरेक नये शब्द दो बार लिखिये।

३. अनुवाद कीजिये।

заграничная (дальняя, интересная поезка, совершить поездку по стране, цель (результат) поездки, совершить (организовать) поездку, средства транспорта, останавливать движение на улицах, воздушный (водный) транспорт, взаимная связь (помощь, любовь, выгода), взаимные усилия (услуги), взаимное влияние, высшее (профессиональное) образование, развивать (совершенствовать, дать, получить) образование, изучать различные ремесла, человек обычных способностей, веское (прямое, ясное) доказательство, предоставлять свидетельство о ро-

ждении, прочитать интересную лекцию по истории, хорошее (печальное, интересное, подробное, важное, специальное) сообщение, слушать (читать) сообщение, получать письмо (свидетельство, денежный перевод, посылку, образование, помощь, выгоду), селиться на берегу реки (в горах, на равнине), научное мировоззрение, изучать различные мировоззрения, мировоззрение писателя (политического деятеля), поднимать книгу с пола, поднимать глаза (руку, голос, вопрос), поднимать наверх, поднимать с трудом (с легкостью), точка зрения политического деятеля, либеральная (действенная, ограниченная, личная, широкая, узкая важная) точка зрения, либеральный политический деятель, ограниченные силы (ресурсы), узкий взгляд на жизнь, большой (собственный, жизненный, интересный) опыт, узнавать из собственного опыта, основываться на собственном опыте, испытывать трудности, чувствовать необходимость, лететь самолетом, садиться в самолет, старый (новый) метод, способ строительства, менять методы работы, рост страны (сельского хозяйства), проявлять любопытство, испытывать стремление, уловлетврять любопытство, обмен товарами (учеными, студентами), взаимный обмен, взаимная (нерушимая, настоящая, прочная) дружба, дружба между народами, жестокая (суровая, мировая) война, причина (пропаганда, подготовка, состояние, начало, бремя, результаты) войны, начинать (готовить, объявлять, прекращать) войну, расторжение оношений, зависимое (независимое) государство, освобождаться от иностранной зависимости, вырываться из лап зверя, угнетенный и порабощенный народ, нерушимые связи, нерушимая дружба, тесные отношение, тесная дружба, близкий друг, зависеть от родителей, окадать коалицию, выходить из коалиции, создавать (разрушать) коалицию, взвешивать груз (сладости, овощи, свои слова), взаимная (старая) ссора, зарабатывать деньги (имя), знать много пословиц, закладывать фундамент нового общества (дома), основывать знания на опыте, устранять недостатки, возвращаться на родину, любить отчизну, слепой приверженец (человек), слепой от рождения, поклонник футбола, развлекательная поездка, ставить перед обой определенную цель, достижение цели, служить для развлечения, полезный климат, вы-

годная ситуация, выгодный займ, полная зависимость, незаконченная работа, неполные знания, половинчатые реформы, единственный брат, сила воображения, медленно идти (возвращаться, есть), зарабатывать (накапливать, вкладывать, давать) деньги.

४. अनुवाद कीजिये।

विदेश (देश का) भ्रमण, देश-विदेश का भ्रमण करना, हवाई यातायात, सडक पर का यातायात, माल का यातायात, यातायात के साधन, यातायात की सुविधाएँ, परस्पर आकर्षण (सहायता, संबंध), उच्च (विचार, शिक्षा, श्रेणी), अनिवार्य शिक्षा, शिक्षा का ढंग, शिक्षा पाना (देना, पूरी करना), काम करने की योग्यता, स्पष्ट (भारी, पूर्ण, प्रत्यक्ष) प्रमाण, प्रमाण देना (माँगना), प्रमाणपत्र मानना (प्रस्तुत करना), ज्ञान (धन) प्राप्त करना, आँखों में बसना, सामान्य विचारधारा, एक हाथ से बोझ उठाना, झंडा (सामान) उठाना, व्यापक (संकुचित, सीमित, उदार, विशाल) दृष्टिकोण, सीमित शक्ति (साधन, ज्ञान), आयश्यक (लंबा, कठोर, व्यावसायिक) अनुभव, देश (कृषि, विज्ञान) की उन्नति, आपस में झगडा उठाना, उत्कंठा (जिज्ञासा) दिखाना, वस्तुओं (विचारों, छात्रों) का आदान-प्रदान, छुट्टी प्रदान करना, घनिष्ठ (अटूट) मित्रता, लोगों में मित्रता, गुटबंदियों से अलग होना, भारी (कठोर, अमानुषिक, विश्व) युद्ध, संबंध विच्छेद बरना, भविष्य की कल्पना करना, प्रसिद्ध विचारक, निर्वाह के साधन, मछली मारकर निर्वाह करना, फलों पर निर्वाह करना, पराधीन देश (राष्ट्र, व्यक्ति), स्वतंत्र देश (विचार, विकास, इच्छा), व्यक्तिगत पराधीनता (गुण, जीवन, प्रयत्न, मत, विचार), शेर (कुत्ते, आदमी) का पंजा, पंजों से छूटना, चैन से रहना, पीडित जनता, शोषित समाज, अटूट संबंध (मित्रता), घनिष्ठ मित्र (मित्रता, संबंध), व्यापक अध्ययन (ज्ञान, दृष्टिकोण), विचार व्यापक बनाना (करना), अमानुषिक युद्ध (व्यवहार), प्रत्यक्ष ज्ञान (प्रमाण, परिणाम), धन (नाम, रुपये)

कमाना, अधूरा उपन्यास (काम, सुधार), त्रुटियों को दूर करना, सुंदर लडकी पर लट्टू हो जाना, जन्म से अंधा, अंधा भक्त, देश का भक्त, खेलकूद का भक्त, विशेष (निश्चित) उद्देश्य, उद्देश्य पूरा करना, मनोविनोद के लिए तमाशा, लाभदायक सलह (स्थिति, शिक्षा, ऋण), पूर्ण रूप से, पूर्ण ज्ञान.

५. समानार्थक शब्द लिखिये।

परस्पर, उच्च, विदेश, पाना, भूभाग, यात्रा, ढंग, विस्तृत, या, पूरा, कमी

६. निम्नलिखित विशेषणें के साथ सभीसंभव सँज्ञाएँ जोडिये।

परस्पर, उच्च, क्रियात्मक, उदार, सीमित, संकुचित, स्वत.त्र, व्यक्तिगत, पराधीन, व्यापक, अमानुषिक, अधूरा, अंधा, लाभदायक, पीडित, शेषित, अटूट, घनिष्ठ.

७. रिक्त स्थानों को भरिये।

१)... के साधनों के विकास के कारण विदेश भ्रमण ज्यादा आसान हो गये हैं। २)विदेश ... उच्च ... का आवश्यक अंग हो गया है। ३)विदेशी राज्यों के साथ ... संबंध की स्थापना प्रत्येक संसद का प्रत्यक्ष कर्त्तव्य है। ४)... सीखने के लिए उसे शहर में भेजा गया। ५)प्रत्येक छात्र को स्कूल की पढाई समाप्त करने का ... दिया जाता है। ६)लोगों को उनकी ... के अनुसार तौलना चाहिए। ७)विश्वविद्यालय में ... शिक्षा का एक तरीका है। ये ... आम तौर पर प्रफेसर लोग देते हैं। ८)हमने इस घटना का ... समय पर प्राप्त किया। ९)केवल ... ज्ञान को सही ज्ञान कहा जा सकता है। १०)मनुष्य प्राचीन काल से गंगा नदी के तटों पर ... गया था। ११)भारत एशिया का एक विशाल .. है।

१२)संसार के लोग विचारकों की … से बाफी प्रभावित होते हैं। १३)भारी बोझ ऊपर … आसान काम नहीं है। १४)प्रत्येक व्यक्ति का अपना व्यक्तिगत … होता हैं। १५)यह … विचारों वाला राजनीतिज्ञ है। १६)कूप मंडल का दृष्टिकोण सदा … और … होता है। १७)… की दुनिया बहुत छोटी है, … में बैठे मेंढक दुनिया बिलकुल नहीं जानते। १८)जीवन का … बहुत महत्वपूर्ण होता हैं। १९)जो जहाज उड सकता है उसे … … कहलाता है। २०)शिक्षा ज्ञान प्राप्त करने का सब से प्रत्यक्ष … है। २१)अपनी … के लिए बहुत काम करना पडता है। २२)कृषि की … के बिना देश की … कैसे हो सकती है? २३)देश में निवासियों की … में एकता देश भ्रमण का महत्वपूर्ण परिणाम है। २४)जन्म से ही अनेक लोगों के हृदय में देश-विदेश भ्रमण की … पैदा होती है। २५)ज्ञान के …-… से लोगों में मित्रता पैदा होती है। २६)कुछ लोग अलग रहना चाहते हैं, इसलिए वे भिन्न-भिन्न … बनाते हैं। २७) कभी-कभी यह … का कारण हो सकता है। २८)२०वीं सदी एकमात्र सदी है जिसमें दो विश्व… हुए। २९)आज कल सब देश आर्थिक दृष्टि से एक दूसरे पर … होते हैं। ३०)यह संबंध इतना … है कि उसका विच्छेद की .. नहीं की जा सकती। ३१)प्रत्येक देश में ऐसे भी … है जो देश के विकास पर प्रत्यक्ष प्रभाव डालते हैं। ३२)मनुष्य समुदाय में एक दूसरे के बिना … कैसा हो सकता है? ३३)पराधीन देश … देश बनने की इच्छा रखता है। ३४)अनेक देशों की प्रबल इच्छा है कि वे आर्थिक … के पंजे से छूट जाएँ। ३४)संसार भर में काई ऐसा देश अथवा व्यक्ति नहीं है जो … की साँस लेना नहीं चाहता। ३५)युद्ध सदा … होता है क्योंकि इसमें हजारों-लाखों लोग मारे जाते हैं। ३६)अब तक दुनिया में कितने … और … लोग हैं जो पराधीनता से … के स्वप्न देखते हैं। ३७)प्रत्येक देश की इच्छा है कि वह अन्य देशों के साथ … और … मित्रता के संबंध कायम रखे। ३८)संकुचित दृष्टिकोण के बजाय … दृष्टिकोण कहीं अधिक लाभदायक है। ३९)लोगों के बीच जब

नाना प्रकार के ... पैदा होते हैं तो इससे किसी को लाभ नहीं मिलता। ४०)... कमाने के लिए कोई भी शिल्प अच्छी तरह जानना चाहिए। ४१)किसी भी देश की उन्नति का ... इसकी जनता को है। ४२)अनेक विचारक नये आर्थिक ढाँचे की ... रखने के स्वप्न देखते थे। ४३)जनता शक्ति के जोर से सुखी बनाना सब से बडी ... है। ४४)... भक्त असली स्थिति नहीं देखता। ४५)वह किसी विचार या वस्तु पर इतना ... हो जाता है कि त्रुटियों को नहीं देखता। ४६)समाज की सेवा करना जीवन का सब से महत्वपूर्ण ... है। ४७)परदेश ... का अंतर सदा अच्छी तरह देखना चाहिए। ४८)एक पुरानी ... है कि जो कमाता है वही खाता भी है। ४९)... जीवन की सब से बडी प्राप्ति है। ५०)जो ... जाता है वह कहीं दूर बढता है।

८. अनुवाद कीजिये।

Поездка за границу всегда расширяет наши знания о мире. Чем больше мы знаем друг друга, тем теснее наша дружба. Сегодня поездка за границу – обычное дело. Заработал деньги, купил билет и поехал туда, куда хотел. Любое путешествие можно считать как улучшение собственного образования. Больше видел – больше знаешь. Это как бы свидетельство о втором высшем образовании. В дороге ты изучаешь культуру и искусство других стран и народов, знакомишься с национальными ремеслами, приобретаешь новый опыт в понимании другой культуры, других обычаев и нравов, другого искусства, другой музыки.

Ты начинаешь понимать, что мир велик и прекрасен. И все люди, живущие в нем, достойны любви. Сегодня люди меньше говорят о мировоззрении и больше говорят о дружбе. И почти все люди хотят устанавливать тесные отношения дружбы.

Мы наслаждаемся прекрасными видами приморских курортов, поднимаемся высоко в горы, совершаем морские и воз-

душные путешествия. Это расширяет наши знания. Мы начинаем понимать, что незнание – наш общий недостаток. Человек должен мыслить широко и свободно. Только тогда он станет подлинно независимым. Мир постепенно освобождается от когтей зависимости. Все обездоленные и угнетенные хотят счастья, счастья для себя, для своих детей, для своей родины.

Сегодня практически никто не хочет войны. Война – бесчеловечна и жестока. Две мировые войны 20 века унесли миллионы жизней. Новая война может покончить с самой жизнью на земле. Различные блоки разделяют людей, которые хотят жить в дружбе и мире («мир» 'शांति *ж*). Вот почему цель всех народов планеты сохранить мир, избавить его от новой войны, где льется кровь и гибнет молодежь.

Поездки за границу помогают лучше узнать и свою страну, лучше узнать и понять ее культуру, ее историю, ее место в великой семье народов. Поездка за границу - это не только развлечение, это еще и стремление познать себя, сравнить себя с остальным миром. Как говорится в пословице: «чем больше знаешь, тем больше любишь». Так, давайте же будем хорошими друзьями со всем миром и давайте любить людей!

९. अनुवाद कीजिये।

देशभ्रमण से लाभ

यह मनुष्य प्रकृति है कि वह हर कामों में परिवर्त्तन चाहता है। एक स्थिति में रहते-रहते मनुष्य का मन ऊब जाता है, तब वह देश-विदेश घूमना चाहता है। वह दूसरे स्थानों से परिचित होना चाहता है। इस विशाल संसार में हम लोग छोटे जीव हैं। सीमित जीव के लिए इस विशाल संसार का अनुभव प्राप्त करना बहुत कठिन काम है।

आजकल विज्ञान ने रेल, जहाज, हवाई जहाज आदि भ्रमण के विभिन्न साधन बनाकर यात्रा को आसान बना दिया है। पहले समय में यात्रा करना काफी कठिन था। रास्ते में बडे-बडे वन,

नदी, पहाड आदि ने रास्ते को मुश्किल बना दिया था। लोगों के लिए दूर का भ्रमण कठिन था, कारण - सवारी नहीं थी। लेकिन आज ऐसी बात नहीं है।

यह सभी मानते हैं कि ज्ञानवृद्धि के लिए कल्पना की अपेक्षा प्रत्यक्ष अधिक महत्वपूर्ण होता है। पुस्तकों के अध्ययन से प्राप्त ज्ञान पर्याप्त नहीं होता और इसे अधूरा ज्ञान कहते हैं। वह हृदय में नहीं बसता, अत: देश भ्रमण के बिना शिक्षा अधूरी समझी जाती है। प्राचीन समय में भारत में भी शिक्षा समाप्त होने के बाद भ्रमण करने का प्रबंध किया जाता था। किसी देश की जलवायु, स्थिति, रहन-सहन, रीति-रिवाज की सही जानकारी बिना भ्रमण के प्राप्त हो ही नहीं सकती है। जो व्यक्ति भ्रमण करते हैं, उन्हें अनेक प्रकार के अनुभव प्राप्त होते हैं। वे समझने लगते हैं कि किस परिस्थिति में कैसे मनुष्य को रहना चाहिए।

भ्रमण से कूपमंडल समाप्त होता है। जो व्यक्ति देश-विदेश में भ्रमण करते हैं, उनका हृदय आम तोर पर संकुचित नहीं रहता। नाना देशों का जीवन देखकर उनका हृदय उन्नत हो जाता है। भ्रमण करने से मनुष्य के हृदय की त्रुटियाँ दूर हो जाती हैं।

भ्रमण से मनोविनोद भी होता है। हमें नयी नयी वस्तुएँ देखने को मिलती हैं। यात्री कहीं सुंदर म्यूजियम देखता है, तो कहीं सुंदर भवन, कहीं सुंदर पहाड देखता है, कहीं अनोखी मूर्त्ति को देखता है, कहीं चित्र-विचित्र दृश्य को। कहीं कहीं नये ढंग के पशु पक्षी उसके देखने में आ जाते हैं तो कहीं विचित्र प्रकृति के मनुष्य ही।

भ्रमण से स्वास्थ्य में भी सुधार आता है। मनोविनोद और स्वास्थ्य में घनिष्ठ संबंध है। मन सुखी रहने से स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। भ्रमण करने से भिन्न भिन्न स्थानों की जलवायु स्वास्थ्य को ठीक करती है। अत: बीमार होने पर लोग पर्वतीय स्थानों पर जलवायु परिवर्त्तन करने के लिए जाते हैं और देखा

गया है कि जो ऐसा करते हैं, उनका स्वास्थ्य अच्छा हो जाता है। शासन ने भी इसीलिए पहाडों में स्वास्थ्यवर्धक स्थानों का निर्माण कर दिया है कि भ्रमण करने वालों को ये सब सुविधाएँ मिद जाएँ।

उन्नति के लिए भ्रमण बहुत ही आवश्यक वस्तु है। यात्री दूसरे देशों का नाना प्रकार का जीवन देखकर अपने देश के समाज में फैली हुई त्रुटियों का अंत कर सकता है। दूसरे देश के कला-कौशल देखकर अपने यहाँ आर्थिक उन्नति कर सकता है। भ्रमण प्रेमी ही अपने देश को उन्नत कर सकते हैं। युरोप के देशों की उन्नति का प्रधान कारण भ्रमण प्रेम होता है।

तो आइये, भ्रमण कीजिये।

१)प्राफेसर वर्मा ने इतिहास पर एक रोचक व्याख्यान दिया। २)क्या समाचार है? ३)आपका पत्र प्राप्त हुआ। ४)गाँव बस गया। ५)ये जातियाँ यहाँ आयीं और बस गयीं। ६)यह लेखक की मुख्य विचारधारा है। ७)हमने इस दृश्य को देखने का आनंद उठायार ८)आप मेरा दृष्टिकाण नहीं समझते। ९)मैं इस पर अपने दृष्टिकोण से देखना चाहता हूँ। १०)यह राजनीतिज्ञ हर बात में उदार है। ११)मुझे इस कठिनाई का अनुभव होता है। १२)मुझे भाषा पढाने का कोई अनुभव नहीं है। १३)वह अपने व्यापार से अच्छा लाभ उठाता है। १४)हमको रहने का तरीका बदलना चाहिए। १५)पिछले महीने मंत्रालय में उसकी उन्नति हुई। १६)मेरी सब जिज्ञासाएँ पूरी हुईं। १७)हमारे दोनों विश्वविद्यालयों के बीच छात्रों का आदान-प्रदान होता रहता है। १८)उन दोनों में घनिष्ठ मित्रता है। १९)हम सभी देशों के साथ मित्रता करना चाहते हैं। २०)आपस में झगडा पैदा हो गया। २१)नौजवान युद्ध में कारा गया। २२)युद्ध समाप्त हुआ। २३)दोनों देशों के बीच युद्ध चला। २४)पिछली सदी में दो विश्वयुद्ध हुए। २५)राजा इस युद्ध में जीते। २६)मैं कल्पना कर सकता हूँ सक उसने क्या कहा था। २७)यह तुम्हारी कल्पना है कि तुम उस पहाड पर चढोगे। २८)कोई भी जनता पराधीनता में रहना नहीं चाहती। २९)१९४७

में भारत स्वतंत्र हो गया। ३०)स्वतंत्र विचार पराधीन देश में ही पैदा होते हैं। ३१)गाडी छूट चुकी है। ३२)जहाज छूटने वाला है। ३३)देश पराधीनता से छूट गया। ३४)वह शेर के पंजे में आ गया। ३५)चैन से रहना सब चाहते हैं। ३६)उसने अपने मित्र से झगडा किया। ३७)दो किला आम तौल दीजिये। ३८)वह अपने शब्द तौलकर बोलता है। ३९)अंधा क्या चाहे लो आँखें। ४०)इससे क्या उद्देश्य पूरा होगा? ४१)हमारा उद्देश्य था खेल जीतना। ४२)विचारक इस विचार पर पहुँच आये कि पराधीन देश में उन्नति नहीं हो सकती। ४३)उन्नति करने का श्रेय शासन को नहीं जनता को होता है। ४४)इस विचारक ने नयी विभाधारा की नींव रखी। ४५)उसने एक दिन में लो सौ रुपये कमाये।

१०. रूसी में प्रश्नों का अनुवाद करके उनका उत्तर दीजिये।

1)Совершали ли Вы путешествие за границу? 2)С какой целью люди должны путешествовать? 3)Как связаны поезки за границу и по родной стране с образованием? 4)Знаете ли Вы какое-нибудь ремесло? 5)Есть ли у Вас свидетельство о рождении? 6)Развиваете ли Вы свои способности? 7)Читают ли Вам лекции по языку хинди? 8)Смотрите ли Вы новости по телевизору? 9)Получаете ли Вы известия от своих друзей, живущих за границей? 10)Когда люди поселилсь на берегу Ганга? 11)Есть ли у Вас свое мировоззрение? 12)Как оно сформировалось? 13)Испытываете ли Вы радость от путешествий? 14)Какова Ваша точка зрения относительно путешествий? 15)Знаете ли Вы людей, которые имеют крайне узкую и ограниченную точку зрения? 16)Пытаетесь ли Вы широко мыслить или Вам ближе узкое, ограниченное мировоззрение? 17)Как человек приобретает опыт? 18)Есть ли у Вас жизненный опыт или Вы только учитесь жить? 19)Летали ли Вы когда-нибудь самолетом? 20)Признаете ли Вы дружбу между народами? 21)Правильны ли слова о том, что «дружба – превыше всего»? 22)С какими

странами, по Вашему мнению, наша страна поддерживет тесные отношения? 23)Может ли существовать «нерушимая дружба» между странами? А между людьми? 24)Можно ли назвать человеческое любопытство причиной поездок по своей стране и за границей? 25)Обменивается ли МГИМО студентами с вузами других стран? 26)Существует ли такой обмен между вузами России и Индии? 27)От чего зависит экономический подъем страны? 28)Являются ли войны обязательными, или война является неким «дефектом» в развитии общества? 29)Что Вы знаете о второй мировой войне? 30)Кто победил в ней? 31)Взвешиваете ли Вы свои слова, прежде чем сказать их? 32)Нравится ли Вам ссориться с друзьями или родителями? 33)Кому принадлежит заслуга развития Индии после того, как она стала свободной страной. 34)Совершали ли Вы поездки по родной стране? 35)Какое место в России Вам нравится больше всего? 36)Являетесь ли Вы слепым приверженцем западной культуры и цивилизации? 37)Чем для Вас является учеба, развлечением или тяжелой работой? 38)Какова Ваша цель в жизни? 39)Готовы ли Вы пожертвовать дружбой ради достижения цели? 40)Можете ли Вы очароваться красивой девушкой (красивым юношей)? 41)Знаете ли Вы свои недостатки? 42)Пытаетесь ли Вы преодолеть их? 43)Есть ли польза в неполных знаниях? 44)Труден ли путь от незнания к знанию? 45)Готовы ли Вы пройти по этому пути?

११. देश-विदेश के अपने भ्रमण का वर्णन कीजिये।

१२. भ्रमण और शिक्षा के बीच जो भी संबंध है उसके विषय में कुछ कहिये।

१३. बातचीत का अनुवाद करके उसको याद कीजिये।

सुबह साढे छः बजे कमरे के अंदर घंटी बजती है। मदन लाल घंटी सुनते ही उठते हैं और दरवाजा खोलते हैं। शंभु चाय

लेकर आ गया है। इतने में राम कुमार भी उठ जाते हैं। दोनों हाथ-मुँह धोते हैं।

शंभु: बाबू जी, अगर चाय या कुछ और चाहिए तो मुझे बुलाना।

राम कुमार: रात को खूब सोया। कल इतना थका हुआ था, पर अब सब ठीक है।

मदन लाल: हाँ, बात तो ठीक है। अच्छा आराम हुआ। चाय भी अच्छी है। नल (кран) में खूब गरम पानी आ रहा है।

राम कुमार: टायलेट आदि करके त्रिवेणी (место слияния Ганга, Джамна и Сарасвати; считается священным) स्नान चलें?

मदन लाल: हाँ, ठीक है।

थोडी देर में दोनों कमरा बंद करके त्रिवेणी स्नान को जाते हैं।

राम कुमार: (मैनेजर से) हम त्रिवेणी स्नान के लिए जा रहे हैं। स्नान करके और शहर में होकर दस-ग्यारह बजे तक आ जाएँगे।

मैनेजर: अच्छी बात है। आपका कमरा साफ हो गया?

राम कुमार: हाँ, जी, शंभु सुबह ही साफ कर गया।

मैनेजर: अच्छा, तो आप जाएँ।

मदन लाल और राम कुमार त्रिवेणी स्नान करके और शहर घूमकर पौने ग्यारह बजे वापस आ गये। कमरे में जाते हुए उन्हें शंभु मिल गया।

शंभु: बाबू जी, खाना लाऊँ?

राम कुमार: नहीं, हम अभी हाथ-मुँह धोकर खाने के कमरे में आते हैं। इस समय वहीं खाएँगे।

दोनों मुँह-हाथ धोकर खाने के कमरे में पहुँच जाते हैं।

शंभु: बाबू जी, खाना लाऊँ?

राम कुमार: हम तो अलग अलग प्लेट (тарелка; *зд.* порция) लेंगे।

शंभु: तो बताइये, क्या खाएँगे?

राम कुमार: एक एक प्लेट चावल। इसके बाद दाल। और बाद में बताएँगे।

शंभु प्लेटें लाता है। दोनों खाना शुरू करते हैं।

राम कुमार: (शंभु से) अभी कुछ मिठाइयाँ और चाय लाओ।

शंभु दोनों चीजें ले आता है। दोनों को मिठाइयाँ पसंद आयीं।

शंभु: और क्या लाऊँ?

राम कुमार: बहुत खा लिया। अब और कुछ नहीं चाहिए।

पानी पीकर दोनों अपने कमरे में चले गये। अखबार पढते-पढते वे सो गये

शंभु साढे तीन बजे चाय लेकर आता है और बाहर से आवाज देता है। मदन लाल कमरा खोलते हैं। शंभु चाय रखकर चला जाता है। दोनों हाग धोकर चाय पीते हैं।

राम कुमार: खाना तो खूब खाया था।

मदन लाल: हाँ, बात तो ठीक है। अब हम पाँच बजे की गाडी से वापस चलें।

राम कुमार: हाँ, ठीक है। सामान तो तैयार है।

वह शंभु बुलाता है।

शंभु: कहिये, बाबू जी, क्या काम है।

राम कुमार: अब जाना चाहते हैं। सामान नीचे ले चलो और एक गाडी ले आओ। हम मैनेजर के पास जाते हैं।

राम कुमार: (मैनेजर से) हमारा बिल (счет) कितना हुआ?

मैनेजर: आप जा रहे हैं। अच्छा, आपका कुल बिल डेढ हजार रुपये का है।

राम कुमार: रुपये लीजिये। टैक्सी गाडी आ गयी है। अब हम जा रहे हैं। आपके होटल में हमें अच्छा आराम मिला। बहुत धन्यवाद।

मैनेजर: इलाहाबाद में फिर आएँ तो इसी होटल में ठहरें। नमस्ते।

दोनों गाडी में बैठकर स्टेशन पर चले जाते हैं।

चुटकुले

१. "माँ, बडा अच्छा किया कि तुमने मेरा नाम अशोक रखा।"

"क्यों, पुत्र?"

"और सब लोग भी मुझे इसी नाम से बुलाते हैं।"

२. देहाती अस्पताल सुबह आठ बजे खुलता है। भीड इतनी हो जाती है कि दरवाजा खुलने से पहले ही "क्यू" (очередь) लग जाता है।

एक दिन सुबह आठ बजे तक क्यू काफी लंबा हो चुका था। एक छोटा सा आदमी आया और सीधे दरवाजे की ओर बढने लगा। क्यू में लगे दो-तीन आदमियों ने उसे उठाकर क्यू के अंत में पहुँचाया।

पर आदमी हाथों से छूटते ही फिर दरवाजे की ओर बढने लगा। फिर वही हुआ जो पहले हुआ था। आदमी ने कई प्रयत्न किये, पर दरवाजे तक पहुँच न सका। तब उसने पहली बार मुँह खोला, "अगर आप मुझे रोके रखोगे तो आज अस्पताल न खुलेगा क्योंकि मैं यहाँ का नया डाक्टर हूँ।"

३. आदमी: एक उपन्यास चाहिए मुझे।

दुकानदार: कोई हलका उपन्यास न?

आदमी: जो भी हो। मैं अपनी मोटर कार साथ लाया हूँ।

УРОК 13

व्याकरण

Сложносочиненные предложения

Данные предложения образуются сочетанием предложений на основе сочинительной грамматической связи. Хотя все составные предложения здесь формально самостоятельны, тем не менее здесь в большинстве случаев присутствует внутренняя обусловленность составные компонентов, что порождает их соответствующее структурное построение. Полностью самостоятельными являются лишь <u>«обратимые»</u> предложения, где возможна перестановка составных частей: उसकी आँखें बंद थीं और वह सो रहा था – वह सो रहा था और उसकी आँखें बंद थीं.

По характеру отношений сложносочиненные предложения делятся на следующие типы:

<u>Соединительные</u>, объединяемые союзом और (много реже – союзом तथा): घंटी बजती है और अध्यापक जी कमरे में आते हैं, शंभु घंटे भर आया हुआ है और अभी तक रुपये नहीं मिले, रात को तार दे दिया गया और दूसरे दिन डाक्टर सिंहा नौ बजते-बजते मोटर पर आ पहुँचा, मनुष्य की प्रकृति सब जगह प्राय: समान रूप से काम करती है और इसलिए अनेक भाषाओं में समान कहावतें पायी जाती हैं, फल अभी तक टोकरियों में पडे हुए थे तथा उन्हें बेचा नहीं गया था.

<u>Противительные</u>, присоединяемые с посощью союзов पर, लेकिन, परंतु: वह मरने को तैयार थे, परंतु मृत्यु उनके निकट न आती थी, बंसीलाल हिन्दुस्तान आ गया, परंतु अपना स्वास्थ्य वह वहीं छोड आया, इस तरह महीना गुजर गया, लेकिन कोई पत्र न आया, लडके के लिए थोडा दूध आता था, पर शीला के लिए फल-मिठाइयाँ - किसी चीज की कमी न थी.

Разделительные, объединяемые союзами या, अथवा: देवी माता की कृपा है, अथवा आपके देवता के प्रभाव का फल है, या तो वह किसी काम में व्यस्त है, या जो लोग सहायता देने पर सहमत थे कहीं चले गये थे.

Следственные, присоединяемые союзами अत:, इसलिए: समुद्र के निकट के स्थानों में सम जलवायु होती है, अत: गरमी-सरदी कम पडती है, वह सप्ताह में दो-तीन बार काम पर जाती है, इसलिए आम तौर पर वह गृहस्थी का काम करती है.

Градационные, объединяемые расчлененным союзом न केवल (केवल ही नहीं)… वरन् (बल्कि): इस गाँव में केवल कुत्ते और बकरियाँ ही नहीं बल्कि आपकी तरह के हाथ-मुँख वाले आदमी भी बसते हैं, कवि केवल वह नहीं जो कविता लिख सकता है, बल्कि हरेक आदमी जो कविता समझ सकता है, कवि है.

Пассивные санскритские причастия

В современном хинди широко используются пассивные причастия, заимствованные из древнеиндийского языка санскрита. Данные причастия образованы от различных частей речи главным образом с помощью суффикса इत. В предложении они могут выступать как в функции определения (घर से प्राप्त पत्र, सीमित शक्ति से काम करना, पीडित और शोषित जनता), так и являться частью именного предиката (सीमा सुरक्षित है, पत्र प्राप्त है, दृष्टिकोण संकुचित होता है).

Практически все эти причастия могут сочетаться с глаголами करना и होना, образуя соответствующие глагольные монолиты: सुरक्षित करना «охранять», सीमित करना «ограничивать», पीडित करना «причинять боль», शोषित करना «эксплуатировать», विस्तृत करना «расширять», प्राप्त करना «получать» и т.п.:

अपनी शक्तियाँ सीमित होने के कारण, स्थिति सुरक्षित करने के लिए, आम लागों को शोषित करने वाली शक्तियाँ, राजा का शासन सीमित किया गया है, मैंने दो पार्सल प्राप्त किये.

पाठ

ऐतिहासिक स्थान का वर्णन

पटना

पटना गंगा नदी के बायें तट पर सोन और गंडक के संगम पर बसा हुआ है। यह बहुत प्राचीन ऐतिहासिक नगर है। इसका प्राचीन नाम पाटलिपुत्र है। यहाँ पाटलि (गुलाब) के फूल बहुत उगते थे, अत: इसका नाम ऐसा हुआ।

पटना का शिलान्यास संस्कार राजा अजातशत्रु ने किया था। इन्होंने शत्रु की चढाई रोकने के लिए यहाँ एक किला बनवाया था। यही धीरे-धीरे गाँव के रूप में बदल गया। सर्वप्रथम उदयन नामक राजा अपनी राजधानी राजगृह से यहीं ले आये और कालक्रम से यही मगध की राजधानी हो गयी। इसके बाद सम्राट् चंद्रगुप्त मौर्य ने इसे अपने अधीन किया। गुप्त वंश के राजाओं ने यहाँ ५०० ई. तक अपनी राजधानी रखी थी। सम्राट् चंद्रगुप्त मौर्य के समय में पाटलिपुत्र ९ मील लंबा और डेढ मील चौडा था। चारों ओर शाल लकडी का घेरा था जिसमें ६४ फाटक और ५७० मंच बने थे। घेरे के चारों ओर ४०० हाथ चौडी और ३० हाथ गहरी खाई सोन के जल से सदा भरी रहती थी।

आधुनिक पटना तीन भागों में विभक्त है: पटना सिटी, बाँकीपुर और दानापुर।

पटना सिटी में गुरु गोविंद सिंह का जन्मस्थान है। यहाँ सारे हिन्दुस्तान से सिख लोग आते हैं और यह इनका एक पवित्र तीर्थस्थान है। गोल घर १७८६ में अँग्रेजों ने अन्न रखने

के लिए बनवाया था। यह गंगा के किनारे गांधी मैदान की बगल में है। खुदाबख्श का पुस्तकालय पटना मेडिकल कालेज की बगल में है। यह संपूर्ण भारत में मुसलमानी ग्रंथों का सब से बडा और उत्तम संग्रहालय है। पटना सिटी में पटन देवी का मंदिर है। यह हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थस्थान है। मीर कासिम का बनवाया हुआ किला जालान साहब की फुलवाडी के नाम से आज भी विख्यात है।

बाँकीपुर अंग्रेजी शासन का केंद्र था और आधुनिक स्वतंत्र बिहार सरकार का भी केंद्र यही है। यहाँ के दर्शनीय स्थानों में हाईकार्ट, सेक्रेटेरियट, लाट साहब की कोठी, पटना युनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग कालेज आदि प्रसिद्ध है। घोष अकादेमी यहाँ का अति प्राचीन स्कूल है। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डाक्टर राजेंद्र प्रसाद को प्राथमिक शिक्षा यहीं मिली थी।

इन स्थानों के अतिरिक्त और बहुत से दूसरे दर्शनीय स्थान हैं, जैसे म्यूजियम, पटना जंकशन, दरभंगा कोठी। यहाँ की गंगा का दृश्य भी अपूर्व है। इसके किनारे अनेक सुंदर घाट बने हुए हैं।

पटना कई बार उठा और कई बार गिरा, परन्तु अब इसके तारे चमक रहे हैं। बिहार की राजधानी होने के कारण दिनों-दिन इसकी उन्नति होती जा रही है। क्या शिक्षा, क्या शासन, क्या व्यापार सभी का यह केंद्र हो रहा है। विश्वविद्यालय के कारण यहाँ हजारों विद्यार्थियों का आना-जाना होता रहता है। बिहार में कानून, डाक्टरी, इंजीनियरिंग, एम. ए. की पढाई यहीं होती थी, पर अब डाक्टरों और ला की पढाई दरभंगे में भी प्रारंभ हुई, जो हो, यहाँ की जलवायु स्वास्थ्यकर है। आशा है, भगवान् इस शहर का कल्याण करेंगे।

नये शब्द

अँग्रेज **ӑгрез** *м* англичанин

अति **ати** *приставка, обозначающая чрезмерность*

अतिरिक्त **атирикт 1.** дополнительный **2.** के ~ сверх, кроме

अधीन **адhиин** зависимый, подчиненный

अपूर्व **апуурв** небывалый, невиданный

आधुनिक **аадhуник** современный

आशा **аашаа** *ж* надежда

इंजीनियरिंग **инджинийаринг** *ж* инженерное искусство

ईसवी **иисвии** христианский

उगना **угнаа** *нп.* расти

उत्तम **уттам** наилучший, превосходный

कानून **каануун** *м* 1)закон 2)право

किनारा **кинаараа** *м* **1.** 1)край, конец 2)берег **2.** के ~ на краю, на берегу

किला **<u>к</u>илаа** *м* форт, крепость

कोठी **kothии** *ж* 1)дом 2)резиденция

क्रम **крам** *м* последовательность, порядок

खाई **khааии** *ж* 1)ров 2)окоп

गहरा **гаhраа** глубокий

गिरना **гирнаа** *нп.* падать

गुलाब **гулааб** *м* роза

गोल **гол** круглый

ग्रंथ **грантh** *м* книга; фолиант

घाट **гhaat** *м* пристань, причал

घेरा **гhераа** *м* 1)окружность 2)ограда; стена

चढाई **чаrhааии** *ж* 1)подъем 2)нападение

चमकना **чамакнаа** *нп.* блестеть, сверкать

डाक्टरी **daaктарии 1.** врачебный **2.** *ж* профессия врача

तारा **таараа** *м* звезда (*тж. перен.*)

तीर्थ **тииртh** *м* паломничество

दर्शनीय **даршаниий** достопримечательный

देवी **девии** *ж* 1)богиня 2)госпожа (*обращение*)

नामक **наамак** по имени

पवित्र **павитр** священный

पुस्तकालय **пустакаалай** *м* библиотека

प्रथम **пратhам** первый

प्राथमिक **праатhамик** 1)первичный 2)начальный

फाटक **пhaatak** *м* ворота
फुलवाडी **пhулоaaгuи** *ж* цветник
फूल **пhуул** *м* цветок
बगल **багал** *ж* 1)подмышка 2)сторона, бок
बायाँ **баайăа** левый
भगवान **бhагваан** *м* бог, всевышний
मंच **манч** *м* 1)помост 2)вышка 3)сцена 4)арена
मंदिर **мандир** *м* храм
मील **миил** *м* миля
मुसलमानी **мусалмаании** мусульманский
मेडिकल **meдикал** медицинский
युनिवर्सिटी **йуниварсиtи** *ж* университет
लकडी **лакгuи** *ж* 1)древесина, дерево 2)дрова
ला **лаа** *м* право
लाट **лаat** *м* 1)лорд 2)губернатор
वंश **ванш** *м* род; династи
विख्यात **викhйаат** известный, знаменитый
शत्रु **шатру** *м* враг, противник
शिलान्यास **шилаанйаас** *м* закладка камня
संगम **сангам** *м* соединение; слияние
संपूर्ण **санпуур<u>н</u>** полный, весь, целый
सम्राट् **самраат** *м* императорसेक्रेटेरियट **секpeтeрийat** *м* секретериат
स्वास्थ्यकर **свааcтhйакар** здоровый, целебный
हाईकार्ट **haaиикaart** *м* высокий суд
हिंदू **hиндуу** *м* индус

भौगालिक नाम

गंडक р. Гандак (*приток Ганга*)

दरभंगा г. Дарбханга (*находится на севере ш. Бихар; некогда столица туземного княжества*)

पटना г. Патна (*столица штата Бихар*); состоит из трех больших исторических районов «Патна сити», «Банкипуру» и «Данапур»

पाटलिपुत्र г. Паталипутра (*древняя столица гос-ва Магадха*)

बिहार Бихар (*один из 28 штатов Индии*)

राजगृह (*букв.* «царский дом») Раджгрих (*одна из древних столиц гос-ва Магадха*; *теперь носит название Раджгир*)

सोन р. Сон (*приток Ганга*)

निजी नाम

अजातशत्रु Аджатшатру (*один из правителей гос-ва Магадха; 516-489 до н.э.*)

उदयन Удаян (*один из правителей гос-ва Магадха, внук Аджаташатру; 443-418 до н.э.*)

खुदबख्श Кхудабахш (Кхуда Бахш) (19 в н.э.), известный индийский библиофил; начал с молодых лет собирать библиотеку древних исламских рукописей. Библиотека его имени была открыта в 1891

गांधी, मोहनदास करमचंद (१८६९-१९४८), лидер национально-освободительного движения Индии, имеет официальный эпитет «отец индийской нации»

गुप्त वंश династия Гуптов (*правящая династия в Северной Индии с 320 по 510 гг н.э.*)

गुरु गोविंद सिंह (*букв.* учитель Говинд Синх, 1660-1708), десятый и последний вероучитель сикхов, возглавлял сикхскую общину в 1675-1708

घोष Гхош (*имя одного из местных филантропов, основавших училище; академией в Индии может называться и среднее специальное училище*)

चंद्रगुप्त मौर्य Чандрагупта из династии Маурьев (*основатель династии*; *жил в 4 в. до н.э.*)

पटन देवी имя одной из самых почитаемых в Патне богинь

मगध Магадха (*древнее государство, находившееся на территории современных штатов Бихар и Джхаркханд; возникло в 4 в. до н.э. и просуществовало до 12 в н.э.*)

मीर कासिम Мир Касым, правитель Бенгали в 1760-64

मौर्य Маурья (*правящая династия в гос-ве Магадха с 322 до 185 гг до н.э.*)

Лексико-грамматический комментарий

१. Именно-глагольное сочетание संस्कार करना имеет значение «совершать обряд», «проводить церемонию». शिलान्यास संस्कार करना «проводить церемонию закладки первого камня».

२. कालक्रम से «с течением времени».

३. अपने अधीन करना «подчинять своему влиянию», «захватывать». Данный глагольный монолит присоединяет зависимый компонент через послелог के: मगध के अधीन करना.

४. ई. сокращение от слова ईसवी; употребляясь вместе с датой, относит ее к нашей эре.

५. अपनी राजधानी रखना «продолжать сохранять как свою столицу».

६. शाल еще одно написание дерева साल.

७. हाथ – мера длины, равная примерно 46 см.

८. तीर्थस्थान «место паломничества».

९. गोल घर (*букв.* «круглый дом»), зернохранилище, высотой до 30 м; достопримечательность Патны.

१०. गांधी मैदान «площадь им. М.К.Ганди».

११. बगल में «рядом», «около».

१२. मेडिकल कालेज «медицинский колледж» (*обычно так в Индии называются медицинские институты и медицинские факультеты университетов*).

१३. Эпитет साहब обычно присоединяют к имени или званию высокопоставленных лиц. Таким образом, जालान साहब की फुलवाडी можно перевести как «цветник («сад») имени досточтимого Джалана» (*вероятно один из эпитетов Мир Касыма*), а लाट साहब की कोठी – как «резиденция Его Превосходительства губернатора».

१४. सेक्रेटेरियट «секретериат», этим словом обычно обозначали Дом правительства или комплекс правительственных зданий.

१५. इंजीनियरिंग कालेज «инженерный колледж» (*обычно так в Индии называли инженерные училища или институты*).

१६. प्राथमिक शिक्षा «начальное образование».

१७. दरभंगा कोठी «резиденция («дворец») махараджи Дарбханги.

१८. घाट *соб.* «гхаты», или спуск к реке в виде лестницы или набережной; на берегах Гагнга считаются священными.

१९. Идиоматическое выражение तारे चमक रहे हैं означает «восходить - о звезде», «улыбаеться - о счастье».

२०. आना-जाना «общаться», «посещать», «общение», «посещение»; *зд.* «наплыв».

२१. एम. ए. की पढाई «обучение до степени магистра искусств» (*от англ. M. A. - Master of Arts*).

२२. ला की पढाई «преподавание права».

२३. जो हो «как бы то ни было».

२४. Именно-глагольное сочетание कल्याण करना имеет значение «приносить счастье («процветание»)». Зависимый компонент присоединяется через послелог का: शहर का कल्याण करना.

पाठ के अभ्यास

१. पाठ को पढिये और रूसी में अनुवाद कीजिये।

२. हरेक नये शब्द दो बार लिखिये।

३. अनुवाद कीजिये।

левая нога (рука), левый берег (глаз, бок, ботинок), слияние рек (науки и искусства), красивый (красный, желтый, белый, лесной, тропический) цветок, гирлянда цветов, выращивать (рвать, покупать, продавать) цветы, расти в саду (в поле, в

горах), ярый (внешний, старый, открытый) противник, нападение врагов, задержать наступление противника, старый форт, Красный форт в Дели, прибыть самым первым, первый звонок, расставить книги по порядку, течение времени, течение мыслей, император Всея Руси, император Ашок (Чандрагупта), зависимая страна, зависимый человек, подчинять себе страну, быть зависимым от родителей, династия императоров Магадхи, династия Маурьев (Гуптов); стена, длинной в десять миль; деревянная стена (церковь, скульптура), главные ворота крепости, крепостной ров; ров, шириной в 400 ладоней; забираться на вышку, международная арена, показывать пьесу на сцене театра, глубокий ров (пруд, колодец), глубокая река, глубокое изучение предмета; ров, глубиной в 30 ладоней; современное искусство, современная наука (жизнь, культура), современный город (период), современное состояние (общество, мировоззрение), современные обычаи и нравы (взгляды), священный долг, священное место, священные книги, священное место паломничества, круглый стол, круглое лицо, край стола, берег реки, сидеть сбоку от стола, дом возле магазина, библиотека старинной книги, мусульманская культура (религия), личная библиотека, храм искусства, храмы древней цивилизации, индуистский храм, религия индусов, господин управляющий, господин Рам Кумар, известный во всей Индии, известный писатель, осматривать достопримечательности, здание высокого суда, здание секретариата, резеденция английского губернатора, учиться в университете, получить образование в медицинском институте, обучаться в инженерном колледже, получить начальное образование, учиться в начальной школе, дополнительная работа, дополнительные деньги, небывалый вид, небывалое событие, построить современную набережную, падать со стула, падать в реку, сверкать на солнце, новая звезда, утренняя звезда, суровый (действующий, государственный, федеральный) закон, нарушать (изменять, разъяснять) закон, целебное место, здоровый образ жизни, изучать право, вводить закон, единственная надежда, надежда на помощь (на счастливое будущее), приносить счастье людям.

४. अनुवाद कीजिये।

कला और विज्ञान का संगम, नदियों का संगम, जंगली (वन्य) फूल, फूल तोडना, शिलान्यास संस्कार करना, घोर शत्रु, शत्रु पर चढाई करना, शत्रु की चढाई रोकना, शत्रुओं को मार डालना, स्वास्थ्य का शत्रु, शत्रु देश, पहाड की चढाई, चढाई पर जाना, शत्रु की चढाई, किला तोडना (जीतना, बनाना), लाल किला, अशोत्र नामक सम्राट्, अलमारी में पुस्तकें क्रम से लगाना, विचारों का क्रम तोडना, भारत का सम्राट्, शत्रु के अधीन होना, देश को अपने अधीन करना, उच्च वंश का परिवार, वंश का नाम रोशन करना, गुप्त (मौर्य) वंश, ईसवी सन्, ईसवी पूर्व, आठ मील की दूरी पर, कडी (सूखी) लकडी, लकडी की कुरसी, बाँसों का घेरा, मैदान (बगीचे) का घेरा, दो मील के घेरे में, बंद (खुला, पश्चिमी, लकडी का) फाटक, फाटक खोलना (बंद करना), फाटक में से जाना, अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आना, मंच पर नाटक दिखाना, मंच के निकट बैठना, गहरा अध्ययन ((प्रभाव, विचार), गहरी नदी (खाई), खाई खोदना, विज्ञान और व्यवहार के बीच की खाई, आधुनिक इतिहास (काल, जीवन, कला, शिक्षा), तीर्थयात्रा करना, गोल मेज (चक्कर, खिडकी), समुद्र का किनारा, नदी के बायें किनारे पर फैलना, मेज के किनारे पर बैठना, पवित्र स्थान (कर्त्तव्य, ग्रंथ), चलता-फिरता पुस्तकालय, निजी (राजकीय) पुस्तकालय, मेडिकल कालेज (स्कूल), डाक्टरी सहायता (सलाह), प्रेम की देवी, देवी का मंदिर, विद्या मंदिर, मंदिर का घंटा, सूर्य मंदिर, बडा साहब, मैनेजर साहब, विख्यात कवि (ग्रंथ), उदार (संघीय, राज्य की) सरकार, सरकार बनाना, सरकार का गठन, दर्शनीय स्थान, बडी (छोटी) कोठी, चंद्रगुप्त प्रथम, प्रथक स्थान (प्रयत्न), प्रथम आना, प्राथमिक शिक्षा (संगठन, स्कूल), अतिरिक्त धन (सहायता), चमकता (ध्रुवीय, सवेरे का) तारा, धूप में चमकना, नया (कडा, संघीय) कानून, कानून तोडना (समझाना, बनाना), डाक्टरी प्रमाणपत्र (सहायता),

भगवान की इच्छा, थोडी (बडी) आशा, स्वास्थ्यकर जलवायु (स्थान), गाडियों का आना-जाना.

५. समानार्थक शब्द लिखिये।

पराधीन, नगर (२), तट, पूरा (२), किताब (२), शासन, पहला, सब से पहला, विश्वविद्यालय, प्रसिद्ध (२), अनोखा, देवता, सब से अच्छा, देखने योग्य, निवासस्थान.

६. निम्नलिखित विशेषणों के साथ सभी संभव सँज्ञाएँ जोडिये।

अधीन, गोल, गहरा, पवित्र, संपूर्ण, उत्तम, विख्यात, प्राथमिक, अतिरिक्त, अपूर्व, स्वास्थ्यकर.

७. रिक्त स्थानों को भरिये।

१)पटना गंगा के ... तट पर स्थित है। २)इस जगह तीन नदियों का ... है जिसको त्रिवेणी कहते हैं। ३)कहते हैं कि फूलों में ... राजा है। ४)इस फुलवाडी के ... विशेष रूप से सुंदर होते हैं। ५)क्या आपकी फुलवाडी में गुलाब के फूल ... हैं? ६)किसी भवन की नींव रखना ... कहते हैं। ७)मित्र ... में बदल सकता है। क्या ... मित्र में बदल सकता है? ८)इस चोटी की चढाई अति कठिन समझी जाती है। ९)राजा लोग नगर बनाने से पहले आम तौर पर ... बनवाते हैं। १०)उदयन ... राजा इस नगर को राजधानी बना चुका था। ११)सम्राट् ने इस भूखंड को अपने ... किया। १२)काल... से सब बदलता जाता है। १३)रोमानोव ... तीन सौ वर्षों तक रूस का शासन करता रहा। १४)एक ... में लगभग डेढ किलोमीटर है। १५)प्रत्येक किले में मुख्य ... होता हैं जिस में से राजा लोग आते हैं। १६)घेरे में

... इसलिए बनाये जाते हैं कि आने वाले शत्रु को दूर से देखा जा सके। १७)किले के चारों आम तौर पर एक गहरी ... खोदी जाती है जो सदा जल से भरी रहती है। १८)संपूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के लिए विषयों का ... अध्ययन करना बहुत आवश्यक होता है। १९)पुराने उपन्यासों की अपेक्षा ... उपन्यास कुछ हलका मालूम होता है॥ २०)प्रत्येक देश में अपने ...स्थान हैं जो वहाँ ... समझे जाते हैं। २१)हमारा भूगोल जैसे कि नाम से स्पष्ट होता है ... है। २२)मंदिर नदी के ... बनाया गया है। २३)मुसलमानों के बाद भारत में ... लोग आये हैं। २४)लाल मैदान की ... में मास्को होटल है। २५)इस ... में बीस लाख से ज्यादा ग्रंथ हैं। २६)मुसलमानों की मसजिदें होती हैं और हिन्दुओं के ... होते हैं। २७)इस ... में विशेष प्रकार के गुलाब उगते हैं। २८)मास्को में लाल मैदान और दिल्ली में लाल किला संपूर्ण संसार में ... हैं। २९)कुछ देशों में ... का गठन संसद ही करती है। ३०)संसार के अधिकतर देशों में ... शिक्षा अनिवार्य घोषित है। ३१)हिमालय पहाडों का दृश्य ... होता है। ३२)... सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जाता है और इसके बाद संसद इस पर विचार करता है। ३३)प्रत्येक व्यक्ति को समय समय पर ... सहायता लेनी पडती है। ३४)रात को ऊपर ... खूब चमकते हैं। ३५)कहते हैं कि हमारे संसार में सब कुछ ... की इच्छा से किया जाता है। ३६)वह जगह ... समझी जाती है जहाँ न अधिक गरमी, न अधिक सरदी होती हैं। ३७)धूप में सोना खूब ... है। ३८)यह चीज फर्श पर ... पडी। ३९)... आया, ... पाया। ४०)मुझे भारत जाने की बडी ... है।

८. अनुवाद कीजिये।

Индию называют самым большим музеем в мире. Здесь можно увидеть замечательные образцы индийской, мусульманской и европейской (английской) архитектуры. Если город был столицей индусского государства, то там обязательно будет

старая крепость, царская резиденция и множество храмов. Мусульмане принесли свой архитектуру крепостей, которые строились на месте деревянных крепостей индусских раджей, а на месте храмов порой возводились величественные мечети. Англичане, высадившись на индийские берега, начинали одновременно строить форт и церковь, позднее свои торговые помещения, здания высоких судов и правительственных резиденций, которые порой строились внутри крепостей, построенных мусульманами. Так родилась современная индийская архитектура, представляющая собой слияние трех мировых культур: индусской, мусульманской и христианской (ईसाई).

Патна – столица штата Бихар – также является местом, где можно наблюдать слияние этих культур. Мусульмане положили конец государству Магадха в 12 в. н.э. Они построили в Патне несколько красивых мечетей, самая старейшая из которых мечеть Шершахи (शेरशाही), построенная в 1545 году.

В Патне можно познакомиться с еще одной культурой – сикхской, поскольку здесь в 1660 году родился десятый гуру сикхов – Говинд Синх, и Патна, таким образом, стала местом поломничества сикхов.

Во времена англичан был построен район Банкипур, где среди достопримечательностей можно отметить резиденцию губернатора, здания Высокого суда шата и Секретариата, музей Патны, «Круглый дом», построенный англичанами для хранения зерна.

В Патне находится самая большая в Индии библиотека мусульманских книг, названная по имени Кхудабакша, который начал собирать эти книги в начале 19 века.

В Бихаре родился первый президент Индии Раджендра Прасад, который в Патне, в известной Академии Гхоша получил начальное образование.

В Патне много учебных заведений, среди которых наиболее известны Университет Патны, инженерный и медицинский колледжи. Поэтому Патну иногда называют «городом студентов». Здесь можно получить высшее образование, стать магистром искусств и даже доктором философии.

Некоторые ученые утверждают, что название города Патна происходит от слова «паттан» (पत्तन), что переводится как «город».

Древний город Паталипутра находится на расстоянии двух километров от современной Патны, которая раскинулась на левом берегу Ганга в месте его слияния с реками Сон и Гандхак. Это очень красивое место. Особенно впечатляет вид самой реки, широкой и глубокой.

Паталипутра была основана правителем Аджатшатру, который в 497 до н.э. построил крепость в деревне Патали. Вокруг крепости начал расти город, который в период правления императоров из династии Маурьев стал столицей государства Магдха. Особенное развитие город получил в период правления династии Гуптов (320-510). В это время он стал центром индийской культуры и цивилизации. После прихода в Индию мусульман Паталипутра стала обычным городом, а место столицы заняла Патна.

९. अनुवाद कीजिये।

भारत के प्राचीन नगर। प्राचीन काल में भारत सभ्यता और संस्कृति का केंद्र था और दूर-दूर के देशों में यहाँ की संस्कृति का प्रसार हुआ था। सिंध में मोहन जोदडो और हरप्पा का नाम विख्यात है। इनकी खुदाई से मालूम हो गया कि ईसवी ३२५०-२७५० वर्ष पूर्व भारत का निवासी कृषि करना जानते थे। वे ईंटों (ईंट *ж* кирпич) के मकान बनाते थे और उन्होंने नगरों का निर्माण किया था।

सिंधवासियों के साथ आर्यों का घोर युद्ध हुआ जिस में आर्य जीत गये। इस के बाद आर्य लोग पंजाब में निवास करने लगे। यहाँ उन्होंने कृषि करना सीखा और कपास से वस्त्र बनाने लगे। संसार की सब से प्राचीन पुस्तक ऋगवेद से पाठक को आर्यों के रीति-रिवाज और उनकी विचारधारा की विशेष जानकारी प्राप्त हो सकती है।

आर्य लोग क्रमश: पंजाब से गंगा मैदान की ओर बढे और कुरु, पांचाल, शूरसेन और मत्सय नामक प्रदेशों में फैल गये। यहाँ उन्हों ने कई नगरों का निर्माण किया। इस प्रदेश को ब्रह्मर्षि के नाम से कहा जाता था।

गंगा मैदान से आर्य लोग पूर्व की ओर चले, तथा कुछ प्रदेशों में पहुँच गये। इस समय वहाँ कुछ विख्यात देश ओर उनकी राजधानियाँ थीं। आइये, हम इन नगरों का कुछ परिचाय कराएँ।

कौशंबी यमुना नदी के किनारे बसी हुई थी। यह नगर अनेक बगीचों-फलवाडियों से काफी प्रसिद्ध था। बुद्ध और महावीर इन बगीचों में ठहरते थे। इलाहाबाद के निकट कोसम नामक गाँव को प्राचीन कौशंबी माना जाता है। यहाँ उत्तर प्रदेश की सरकार की ओर से खुदाई का काम चल रहा है।

आजकल काशी और वाराणसी (बनारस) एक माने जाते हैं। परंतु प्राचीन काल में दोनों अलग-अलग थे। बनारस में कपडे और चंदन का बडा व्यापार होता था। वहाँ दूर-दूर के विद्यार्थी विद्याध्ययन के लिए आते थे। आजकल भी काशी संस्कृत विद्या का केंद्र है।

राजगृह में राजा बिम्बिसार राज्य करता था। यह नगर व्यापार का बहुत बडा केंद्र था। यहाँ से अनेक नगरों को जाने के लिए रास्ते बने हुए थे। यह स्थान पटना के निकट है और वह राजगिर नाम से प्रसिद्ध है। पाटलिपुत्र भी व्यापार का बडा केंद्र था। इस नगर को पटना नाम से कहा जाता है।

आधुनिक काल में मुंबई, कलकोट, चेन्नै आदि नगर बडे नगरों में गिने जाते हैं। ये स्थान समुद्र के किनारे बसे हुइ हैं, इसलिए अँग्रेज सरकार को योरप से माल भेजने-मँगाने में बहुत सुविधा रहती थी। यही कारण है कि इन नगरों को उन्नत बनाने का प्रयत्न किया गया।

पटालिपुत्र। यह मगध के राओं की प्रसिद्ध राजधानी है। वह सोन और गंगा नदी के संगम पर आधुनिक पटना और बाँकीपुर

के निकट स्थित है। पाटलिपुत्र का किला राजा अजातशत्रु (लगभग ४९४-४६७ ई. पू.) ने बनवाया और उसके पौत्र (внук) उदयन (४४३-४१८ ई. पू.) ने पाटलिपुत्र किले की बगल में गंगा तट पर कुसुमपुर की स्थापना की। दोनों नगर शीघ्र मिलकर एक हो गये और मौर्य राजा चंद्रगुप्त के अधीन ाटिलिपुत्र नगर का राजधानी के रूप में विकास हुआ। नगर के चारों ओर लकडी का घेरा बना हुआ था, जिस में ५७० मंच और ६४ फाटक थे। घेरे के बाहर नगर को सुरक्षित रखने के लिए गहरी खाई थी, जिस में सोन नदी का पानी भरा रहता था। धेरे के भीतर राजा की कोठी थी। कोठी लकडी की बनी हुई थी।

पाटलिपुत्र शुंग और कण्व वंश के राजाओं की भी राजधानी रहा। यह गुप्त सम्राटों की राजधानी रहा, जिन्होंने ३२० ई. से ५१० ई. तक रान्य किया। उनका राज्यकाल भारतीय इतिहास का सोने का काल माना जाता है और पाटलिपुत्र उस काल में भारतीय संस्कृति और सभ्यता का उत्तम केंद्र था। गुप्त वंश के पतन (падение) के बाद इस नगर का महत्व कम होने लगा। मुसलमानी शासनकाल में पाटलिपुत्र का महत्व और कम हो गया और अब पटना नगर, जो प्राचीन पाटलिपुत्र के निकट स्थित है, बिहार राज्य की राजधानी है।

क. १)पेड पर फूल उगे हैं। २)बच्चे फूल तोडते हैं। ३)गेहूँ खेत में उगती है। ४)अपनी पुस्तकें औ कापियाँ क्रम से लगानी चाहिए। ५)राजा को सम्राट् घोषित किया गया। ६)खाई दो मीटर गहरी है। ७)सडक नदी के किनारे-किनारे जाती है। ८)लाखों सिख पटना की तीर्थयात्रा करते हैं। ९)बनारस में हर साल लाखों तीर्थयात्री जाते हैं। १०)वह मेरी बगल में बैठी है। ११)जहाज घाट पर उतरा। १२)यह तारा खूब चमकता है। १३)सोना चमकता है। १४)आँखें चमकती हैं। १५)उसका नाम चमक उठा। १६)पेड गिरता है। १७) लडकी गिर पडी। १८)दाम गिर रहे हैं। १९)मेरी किताब पानी में गिर गयी। २०)बच्चा फर्श पर गिर

पडा। २१)दीवार गिर रही है। २२)मैं आशा करता हूँ कि कल वर्षा समाप्त होगी। २३)मुझे कोई आशा न रही। २४)मैं आप से अगले हफ्ते मिलने की आशा करता हूँ। २५)नयी सरकार बनायी गयी है।

१०. रूसी में प्रश्नों का अनुवाद करके उनका उत्तर दीजिये।

1)Где расположен город Патна? 2)Как раньше назывался этот город? 3)Столицей какого государства был этот город? 4)Чьей столицей является сейчас город Патна? 5)Кто основал город Паталипутру? 6)Когда правила династия Маурьев? 7)Кто был самым известным из правителей Магдхи? 8)Когда правила династия Гуптов? 9)Какой была Паталипутра во время правления императора Чандрагупты из династии Гуптов? 10)Из каких частей состоит современная Патна? 11)Почему Патна стала местом паломничесва сикхов? 12)Кто и с какой целью построил «Круглый дом» в Патне? 13)Где находится это здание? 14)Где находится Библиотека Кхудабакша? 15)Какие книги собраны в этой библиотеке? 16)Как называется самый известный храм в Патне? 17)Что построил в Патне правитель Бенгалии Мир Касым? 18)Как теперь называется это место? 19)Чем являлся Банкипур во времена правления англичан? 20)Какие достопримечательности можно увидеть в Банкипуре? 21)Где учился первый президент Индии? 22)Какие учебные заведения (शिक्षालय) Патны Вы можете назвать? 23)Почему сейчас Патна может быстро развиваться? 24)Почему Патну можно назвать городом студентов? 25)Какую ученую степень можно получить в учебных заведениях Патны? 26)Какие предметы изучаются в учебных заведениях Патны и других городов? 27)Каков климат Патны? 28)Как называли на хинди английского губернатора? 29)Центром каких религий является Патна? 30)Хотели бы Вы жить в Патне? 31)Если – да, то почему? 32)Синтезом каких культур являются многие города Северной Индии? 33)Есть ли в России места паломничества? 34)Есть ли у Вас надежда на то,

что когда-нибудь «засверкает и Ваша звезда»? 35)Будете ли Вы для этого просить помощи у бога?

११. पटना की कहानी कहिये।

१२. रूस के किसी भी नगर का वर्णन कीजिये।

१३. अपने सामने आप क्या उद्देश्य रखते हैं? आप कौन बनना चाहते हैं?

१४. बातचीत का अनुवाद करके उसको याद कीजिये।

इवान: भाई साहब, तुम फिर मास्को आये हो, मैं हिन्दुस्तान कई बार गया था, तो क्या हम दोनों देशों के दर्शनीय स्थानों के विषय में बातें कर सकेंगे।

रमेश: क्यों नहीं, खुशी से। पर जहाँ तक मैं रूस का इतिहास जानता हूँ, यहाँ भारत जैसी पुरानी चीजें नहीं मिलतीं।

इवान: यह सही है। परंतु मेरे विचार में जो स्थान सुंदर है और किसी न किसी प्रकार इतिहास से जुडा हुआ होता है, इस के विषय में हम क्यों बातें न करें?

रमेश: सहमत हूँ। तो शुरू में क्या क्रेमलिन है? इसे किस ने बनवाया?

इवान: क्रमलिन का इतिहास काफी राचक है। वह कई बार उठा और कई बार गिरा। शुरू में इसकी दीवारें लकडी की थीं। यह बारहवीं सदी की बात है। वह क्रेमलिन जो अब हम देखते हैं पंद्रहवीं सदी में बनाया गया था। इसे रूसी राजा वासीलिय तीसरे ने बनवाया था। पर मंचों का निर्माण केवल सत्रहवीं सदी में समाप्त हुआ था।

रमेश: हम ऐसे मंचों को बुर्ज कहते हैं। मंच बुर्ज से छोटा होता है। तो ऐसे कितने बुर्ज हैं?

इवान: जहाँ तक मैं जानता हूँ, बीस बुर्ज हैं। पाँचों के ऊपर लाल तारे चमकते हैं जो रात को दूर से नजर आते हैं।

रमेश: तो भीतर क्या है?

इवान: सब से मुख्य हैं गिरजेघर। वे तीन हैं और सारे रूस में विख्यात हैं। इसके अतिरिक्त एक घटाघर है, जो रूस में सब से ऊंचा माना जाता है, और कुछ ऐतिहासिक कोठियाँ हैं जिन में रूसी राजा (हम उनको जार कहते हैं) रहते थे। पुरानी कोठियाँ हैं और नयी यानी उन्नीसवीं सदी की हैं।

रमेश: तो क्रेमलिन में आपके राष्ट्रपति की कोठी भी है?

इवान: नहीं, जी, नहीं। क्रेमलिन में वह काम ही करते हैं। उनका निवास स्थान अन्य जगह में है।

रमेश: तो और क्या है?

इवान: राष्ट्रपति प्रशासन के दो भवन हैं। एक में राष्ट्रपति काम करते हैं, दूसरे में उनके सहायक काम करते हैं। एक थियेटर है जिसको बडा क्रेमलिन भवन कहते हैं।

रमेश: मैंने सुना कि क्रेमलिन की दीवारे काफी मोटी हैं?

इवान: हाँ, जी, यह सही है। कहते हैं कि कुछ दीवारों के ऊपर मोटर गाडी चल सकती है।

रमेश: इतनी मोटी?

इवान: हाँ, इतनी। अच्छा, रमेश, तुम पटना के रहने वाले हो। तो आओ, पटना की बातें करें?

रमेश: बडी कृपा है तुम्हारी। पटना सदा मेरे सप्नों की चीज है।

इवान: मैं खुदाबख्श के पुस्तकालय से बहुत प्रभावित हूँ जो मुसलमानी ग्रंथ मैं ने वहाँ देखा है, वे अपूर्व हैं। विशेष रूप से कुरान के ग्रंथ।

रमेश: हम कुरान को कुरान शरीफ कहते हैं।

इवान: अच्छा? मैं जानता नहीं। तो वहाँ मैंने दुनिया के प्राचीनतम कुरान शरीफ देखे। हाथ से साफ-साफ लिखे हुए,

अरबी भाषा में। हिन्दी भाषा में लिखे हुए कुरान शरीफ को भी देखा।

रमेश: क्या रूसी भाषा में लिखे कुरान शरीफ भी हैं।

इवान: अब तो बहुत हैं। कई अच्छे अनुवाद भी किये गये हैं। पर खुदाबख्श के ग्रंथों की अपेक्षा वे कुछ नहीं हैं।

रमेश: तो और क्या पसंद आया पटना में?

इवान: गोल घर। उसकी वास्तुकला और बनावट। ऊपर से अनाज डाला जाता है जिससे भीतर के दरवाजे बंद हो जाते हैं अनाज के बोझ से, और दरवाजे तब खुलते हैं जब अनाज समाप्त होता है। इसके अतिरिक्त गंगा माता का दृश्य है, इतना सुंदर, इतना रोचक। वहाँ बैठे-बैठे आराम मिलता है। जी हलका हो जाता है। आशा है कि मैं वहाँ लौट सकूँगा।

रमेश: हाँ, पवित्र स्थान है और बडा स्वास्थ्यकर।

इवान: देर हो गयी है। क्या चाय पिएँ?

रमेश: खुशी से। रूस में भारतीय चाय।

इवान: हाँ, रमेश, रूस में चाय नहीं उगती। पर दूध रूसी होगा ही।

चुटकुले

१. "सोकर कब उठते हो?"

"जब सूर्य की किरणें मेरे कमरे में आती हैं।"

"इतनी जल्दी?"

मेरे कमरे का रुख पश्चिम की ओर है।"

२. मैनेजर: (कर्मचारी से) तो तुम अब वापस आये हो! पत्र डालने में तुम्हें तीन घंटे लगते हैं?

कर्मचारी: साहब, पत्र एक नहीं, तीन थे।

३. प्रसिद्ध लेखक मार्क ट्वेन एक बार बीमार पडे। अखबारों में उनकी मृत्यु का समाचार आया। दूसरे दिन ट्वेन ने

अखबारों में तार भेजा: "आप सब को यह जानकर दु:ख होगा कि मैं अभी मरा नहीं हूँ।"

УРОК 14

व्याकरण

Об употребление простых послелогов (обобщение)

Послелог का не имеет вещественного значения. Он указывает на принадлежность в широком смысле этого слова. Однако отношения принадлежности (посессивные отношения) могут иметь различные оттенки:

1)собственно посессивные отношения: किसान का घर, छात्र की किताब, स्त्री की टोकरी;

2)посессивно-агентивные отношения: शत्रु की चढाई, गाडियों का आना-जाना, सूर्य का उदय;

3)посессивные отношения носителя качества: लडकी की सुंदरता «красота девушки», शरीर की स्वच्छता «чистота тела»;

4)посессивные отношения части и целого: पहाड की चोटी, नगर का भाग, बच्चे का हाथ;

5)посессивно-локативные отношения: मगध का सम्राट्, पटना के घाट, मास्को का क्रेमलिन;

6)посесивно-темпоральные отношения: कल की यात्रा, जन्मदिन का त्यौहार, जनवरी की घटना;

7)посесивно-объектные отношения: कब्र की खुदाई, कमरे की सफाई, कहानी का अनुवाद, भाषा की पढाई;

8)посессивно-определительные отношения: लोगों की भीड, आम के फल, ३० हाथ की खाई.

Разумеется, данный послелог имеет большее количество оттенков (напр., субъектные отношения लेखक की लिखी किताब), но указанные выше являются основными.

Послелог के также не имеет вещественного значения. Употребляется для связи компонентов, между которыми суще-

ствуют субъектно-посессивные отношения: दादा जी के एक लडकी थी, हम लोगों के उतरते-उतरते दुभाषिया आ गया, इन लोगों के जाते ही वह खाना बनाने लगी.

Послелог को также не имеет вещественного значения. Он употребляется при выражении следующих отношений:

1)объектных, где данный послелог выступает как обязательный при косвенно-объектных отношениях, обозначая имя адресата: छात्र को किताब देना, बहन को पत्र भेजना, आने को कहना, जाने को तैयार, и как факультативный послелог при прямообъектных отношениях, где он выполняет функцию, аналогичной функции определенного артикля: भारत (बहन) [को] देखना, मैंने इस किताब को पढा (मैंने यह किताब पढी);

2)субъектных: भाई को जाना है, बहन को पत्र मिला, छात्र को समय नहीं है, सभी को यह बात मालूम है, माता जी को खुशी हुई, हमको संतोष है;

3)обстоятельственных: शाम को आना, खेत को जाना, किताब लेने को आना (следует помнить, что при глаголах движения и некоторых других данный послелог может не употребляться: घर जाना, भारत आना);

4)предикативных (только в сочетании косвенный инфинитив + глагол ह (होना): पक्षी उडने को है «птица вот-вот взлетит», भाई आने को है «брат вот-вот придет».

Послелог में обладает вещественным значением, аналогичным предлогу «в» русского языка, и выступает при выражении обстоятельственных и объектных отношений.

Обстоятельственные отношения: गाँव में रहना, कमरे में आना, बीच में चौडा, दो दिन में पूरा करना, साल में दो बार, छुट्टी में आना.

Объектные отношения: टोकरी में रखना, पानी में डालना, काम में व्यस्त, आँखों में प्रेम.

Послелог पर обладает вещественным значением, аналогичным предлогу «на» русского языка, и выступает при передаче обстоятельственных и объектных отношениях.

Обстоятельственные отношения: मैदान पर बहना, घोडे पर सवार, समय पर आना, यात्रा पर जाना, स्टेशन पर पहुँचना.

Объектные отношения: पेड पर मारना, गाडी पर जाना, घोडे पर घूमना, विचारों पर प्रभाव डालना, देश पर चढाई करना.

Послелог से обладает вещественным значнием, аналогичным предлогам «с», «из», «от», «у», и выступает при передаче обстоятельственных и объектных отношений, а также в чисто грамматической функции.

Обстоятельственные отношения: पहाड से उतरना, गाडी से उतरना, घर से निकलना, उस दिन से बंद, बहुत दिनों से सुनना «слышать в течение многих дней», कल से भेजने लगना, देखने से आनंद, मुश्किल से देखना, आराम से रहना.

Объектные отношения, среди которых особенно выделяются объектно-инструментальные, указывающие на орудие или средство действия: पेन से लिखना, आँखों से देखना, हवाई जहाज से आना, बर्फ से ढँका होना. В подобных конструкциях слово с этим послелогом переводится на русский язык существительным в творительном падеже: «писать ручкой», «видеть глазами», «прилететь самолетом», «быть покрытым снегом».

При употреблении каузативных глаголов слово с этим послелогом выделяет одного из инициаторов действия и выражает объектно-агентивные отношения. Послелог в этих случаях может переводиться на русский язык словами «с помощью», «посредством»: माता जी से बच्चे को दूध पिलवाना «напоить ребенка молоком с помощью мамы».

Среди остальных объектных отношений можно отметить объектно-отделительные (परिवार से अलग करना, नदी से निकालना) и объекто-соединительные (शत्रु से युद्ध करना, अध्यापक से पूछना, मित्र से कहना) отношения.

В пассивных и некоторых других предложениях слово с этим послелогом выступает для выражения субъектных отношений: किसान से खेत जोता गया «крестьянином поле обработано», शासन से घोषित किया गया «властью было объявлено», बच्चे से सोया नहीं जाता «ребенку не спится».

Послелог से может выполнять чисто грамматическую фукнцию, принимая участие в образовании аналитической сравнительной и превосходной степени сравнения: लडकों से अच्छा, अच्छे से अच्छा, छात्रों में सब से अच्छा.

व्याकरण के अभ्यास

१. अनुवाद कीजिये।

१)मैंने आपका पत्र पढा। २)हमने इस लेखक की लिखी किताब का अनुवाद किया। ३)मेरी बहन को हरे रंग के कपडे पसंद हैं। ४)भारत के किसान खेतों में काम करते हैं। ५)इस साद का अनाज ज्यादा अच्छा है। ६)बहन के तीन साल का बच्चा है। ७)यह ग्रंथ कितने का है? एक सौ रुपये का है। ८)मेरे मित्र के बगीचे में आम का पेड है। ९)शहर में कई तैरने के तालाब हैं। १०)हमने लिखने की नयी मेज खरीदी। ११)मुझे मित्र का पत्र मिला। १२)मेरे मन को आराम कहाँ मिला। १३)सोमवार को पढाई होगी, रविवार को छुट्टी। १४)शीला की इच्छा थी कि लडका चा जाए। १५)यात्रियों को अक्सर इसी होटल में भेजा जाता है। १६)मैं इस आदमी को खूब जानता हूँ। १७)यहाँ रविवार का भी काम होता है। १८)घर को आते हुए मैंने उससे यह सवाल किया। १९)दिन चढने को हो रहा है।

२०)हम अपनी यात्रा खुशी से समाप्त करने को हुए। २१)हम इस आदमी को मित्र समझते हैं। २२)मैं अपने दादा को पिता जैसे मानती हूँ। २३)मैं खा चुकने के बाद पढने को बैठा। २३)रास्ते में मैं दो मित्रों से मिला। २४)एक साहब से झगडा हुआ। २५)वह इस बात से सहमत था। २६)वे उसे गाँव से दूर वन की ओर ले चले। २७)मेरे जन्म के समय पिता जी की अवस्था साठ साल से कम न थी। २८)वह गाडी से उतरा। हम लोग चेन्नै से आये हैं। २९)शीला सुबह से वहाँ बैठी रही। ३०)पार्सल डाक से भेजा गया। ३१)रेडियो से यह समाचार सुनकर हमें बडी खुशी थी। ३२)चाय की दुकान सोमवार से बंद है। ३३)उसे आने से रोका नहीं जा सकता। ३४)उसके पैरों में जूते नहीं हैं। ३५)मेरे हाथों में शक्ति न रही। ३६)हम इस साद के अंत में भारत जाने वाले हैं। ३७)चाय में थोडा दूध डाल दीजिये। ३८)अनेक भारतीय गरमी में पहाडों को जाते हैं। ३९)मैंने एक ओी साँस में पत्र को पढा। ४०)सारा सामान चार भागों में बाँटा गया। ४१)उसनें दो सौ रुपये में एक ग्रंथ खरीदा। ४२)यह समाचार पिछले चार सालों से सुनने में आ रहा है। ४३)मैंने बच्चे को हाथों पर उठा लिया। ४४)यात्री भारत पर उड रहे हैं। ४५)किसान खेत पर चला गया। ४६)लडकियाँ एक गोल मेज पर बैठीं। ४७)मेज पर बैठकर वह पत्र लिखने लगा। ४८)गाडी लाट साहब की कोठी पर रुकी। ४९)हम छुट्टी पर जाने वाले हैं। ५०)देश पर शत्रु की चढाई हुई। ५१)उसके कंधे पर वही टोकरी रखी थी। ५२)फर्श पर भारी जूतों की आवाज सुनने में आयी। ५३)अध्यापक वी के आने पर सब बैठ गये। ५४)धूप निकलने पर हम घूमने निकले। ५५)वे समय पर आ गये।

२. अनुवाद कीजिये।

Дом друга моего отца, материя красного цвета, стена белого цвета, магазин готового платья, машина друга моего де-

душки, семилетний ребенок моего брата, стоимость одного метра материи, две карзины манго, самый большой торговый центр города, делать перевод с помощью друга моей сестры, делать попытку узнать вчерашние новости, попытаться сделать счастливым весь мир, переводить книгу, написанную известным писателем, попытаться перевести кпражнение по грамматике.

1)Мы послали брату две посылки. 2)Студентам понравился этот фильм на хинди. 3)Я всегда готов поехать в Индию. 4)Ребенок родился 1января 2002 года. 5)Я считаю его своим другом. 6)Я собрался выходить их дома, как пошел дождь. 7)Дайте девушке эту книгу. 8)Ребенку стало очень радостно. 9)Студентам приходится много читать. 10)Вам следует знать эту пословицу.

1)Мы изучаем хинди несколько месяцев. 2)Все начинать нужно с самого начала. 3)Я встречусь с ним в Индии. 4)Что написано пером… 5)До Индии все добираются самолетом. 6)Мост соединяет город с левым берегом реки. 7)Дедушка сделал стул своими руками. 8)Он сидит за столом с самого утра. 9)Поле вспахано крстьянами. 10)По этому вопросу следует посоветоваться с адвокатом.

1)Каникулы бывают два раза в году. 2)Город расположен в долине реки. 3)Новость распространилась среди всех студентов. 4)В начале своей речи президент поблагодарил присутствующих. 5)Имущество раздели на три части. 6)Я учусь в МГИМО. 7)Товар упал в реку. 8)На эту работу уйдет два часа. 9)В Индии много исторических памятников. 10)В комнату вошел врач.

1)Он положил книгу на стол. 2)Враги напали на страну. 3)Нужно всегда приходить вовремя. 4)Мы прибыли на станцию вовремя. 5)Эта книга оказала на меня большое лияние. 6)По прибытию в Индию он дал телеграмму. 7)Самолет летит над Индией. 8)Мальчик упал на пол. 9)Наш дом находится на главной улице. 10)Преподаватель прочитал интересную лекцию по истории Индии.

पाठ

वस्त्र, आभूषण और भोजन

कुछ विद्वानों का खयाल है कि प्राचीन भारत में सीने की कला का प्रचार नहीं हुआ था, पर उनका मत गलत है। भारत में सब प्रकार के शीत, उष्ण और शीतोष्ण प्रदेश होने के कारण भिन्न-भिन्न स्थानों में प्राचीन काल से आवश्यकता के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार के वस्त्र पहने जाते थे।

उस समय स्त्रियों का मामूली वस्त्र अन्तरीय अर्थात् साडी था जो आधी पहनी और आधी ओढी जाती थी। बाहर जाने के समय उसपर उत्तरीय (दुपट्टा) रहता था। स्त्रियाँ नाचने के समय लहँगे जैसे जरी के काम का वस्त्र पहनती थीं। मथुरा के कंकाली टीले से मिली हुई एक शिला पर रानी और उसकी दासियों के चित्र अंकित हैं। रानी लहँगा पहने और ऊपर उत्तरीय धारण किये हुए है। यह लहँगा आज के लहँगों के समान ही हैं। दक्षिण में, जहाँ लहँगे का रिवाज नहीं है, आज भी नाचते समय स्त्रियाँ लहँगा पहनती हैं। स्त्रियाँ छींट वाले कपडे भी पहनती थीं जैसा कि अजंता की गुफा में बच्चे को गोद में लिए हुए एक स्त्री के सुंदर चित्र से ज्ञात होता है। उसमें स्त्री कमर से नीचे तक आधी बाँह वाली सुंदर छींट की अँगिया पहने हुए है। व्यापारी लोग रूई के चोगे और कुरते पहनते थे। दक्षिण के लोग सामान्य रूप से दो धोतियों से काम चलाते थे। धोतियों के सुंदर किनारा भी होता था।

इन कपडों की विविधता, सुंदरता और सफाई की ओर भी बहुत ध्यान दिया जाता था। एक चीनी यात्री ने रेशमी तथा ऊनी वस्त्रों का वर्णन किया है। स्त्रियाँ प्राय: रंगीन कपडे पसंद करती थीं। बौद्ध साधु प्राय: लाल, हिन्दू सन्यासी भगवा और जैन (श्वेतांबर) साधु श्वेत या पीला कपडा पहनते थे। राजा लोग सिर पर मुकुट धारण करते थे। साधारण लोग पगडी बाँधते थे।

बालों के शृंगार की तरफ भी काफी ध्यान दिया जाता था। पुरुष बडे बडे बाल रखते थे। स्त्रियाँ भिन्न भिन्न प्रकार के अत्यंत सुंदर केश विन्यास करती थीं जिसका पता उस समय की मूर्त्तियों से लगता है। बालों का पीछे जूडा बाँधा जाता था, जिस पर सुगंधित फूल लगाये जाते थे। ब्राह्मण लोग सिर और दाढी के बाल कटवाते थे। क्षत्रिय लोग लंबी-लंबी दाढी रखते थे। बहुत से लोग पैरों में जूते नहीं पहनते थे।

शरीर को सजाने के लिए गहनों का भी प्रयोग होता था। पुरुष और स्त्रियाँ दोनों ही गहनों के शौकीन थे। चीनी यात्री लिखते थे कि राजा और धनी लोग विशेष आभूषण पहनते हैं। अमूल्य मणियाँ और रत्नों के हार, अँगूठियाँ, कडे और मालाएँ उनके आभूषण थे। पैरों में भी सादे या घुँघरू वाले जेवर पहने जाते थे। हाथों में कडे और शंख तथा हाथीदाँत की तरह तरह की चूडियाँ, बाहु पर भिन्न भिन्न प्रकार के भुजबंद, गले में बहुमूल्य हार और अँगुलियों में भिन्न भिन्न प्रकार की अँगूठियाँ पहनी जाती थीं। स्तन कहीं खुले, कहीं पट्टी से बंधे हुए और कहीं चोली से ढँके हुए रहते थे।

भोजन में शुद्धता और सफाई का बहुत खयाल रखा जाता था। भोजन के पूर्व भारतीय स्नान करते थे। भोजन के पात्र एक के बाद दूसरे को नहीं दिये जाते थे। मिट्टी और लकडी के बरतन एक बार के प्रयोग के बाद प्रयुक्त नहीं होते थे। सोने, चाँदी, ताँबे आदि के पात्र शुद्ध किये जाते थे।

भारतीयों का भोजन साधारणतया गेहूँ, चावल, ज्वार, बाजरा, दूध, घी, गुड और शक्कर था। महात्मा बुद्ध से पूर्व मांस का भी प्रचार बहुत था। पर जब बहुत से बौद्ध हिन्दू हुए, तो अहिंसा और शाकाहार का धर्म भी साथ लाये। हिन्दू धर्म में मांसाहार पाप समझा जाने लगा। कभी कभी मछली भी खायी जाती थी। प्याज, लहसुन का प्रयोग मना था और उनके खाने वाले प्रायश्चित के भागी समझे जाते थे।

मद्य पान का प्रचार भी प्राय: नहीं था। द्विजों को तो शराब बेचने की भी आज्ञा नहीं थी। ब्राह्मण तो मद्य बिलकुल नहीं पीते थे।

उस समय स्वच्छता का विचार अवश्य था, परन्तु परस्पर का भोजन मना न था। छूत-छात का विचार वैष्णव धर्म के प्रचार के साथ पीछे से बढा।

नये शब्द

अंकित **анкит** отмеченный; изображенный

अँगिया **ăгийаа** *ж* 1)лиф 2)блузка

अँगुली **ăгулии** *ж* палец

अँगूठी **ăгууthии** *ж* кольцо, перстень

अंतरीय **антариий** *м* домашняя одежда; дхоти

अमूल्य **амуулйа** бесценный

अर्थात् **арthаат** то есть

अवश्य **авашйа** непременно, обязательно

अहिंसा **аhинсаа** *ж* ахимса, ненасилие

आज्ञा **аагйаа** *ж* 1)приказ 2)позволение

आधा **ааdhаа 1.** половинный **2.** *м* половина

आभूषण **аабhуушан** *м* украшение

उत्तरीय **уттарий** *м* верхняяя одежда; накидка

ऊनी **уунии** шерстяной

ओढना **orhнаа** *п* покрывать, накидывать

कडा **каrаа** *м* браслет

काटना **кааtнаа** *п* резать; отрезать

केश **кеш** *м* волосы

क्षत्रिय **кшатрий** *м* кшатрий

खयाल **khайаал** *м* 1)мысль, идея 2)мнение 4)забота, внимание

गलत **галат** ошибочный, неправильный

गला **галаа** *м* 1)горло 2)шея

गहना **гаhнаа** *м* украшение

गुड **гуr** *м* патока

गुफा **гупhаа** *ж* пещера

गोद **год** *ж* место на коленях

घी **гhии** *м* топленое масло

घुँघरू **гhŭгhаруу** *м* колокольчик, бубенчик

चाँदी **чăадии** *ж* серебро

चीनी **чиинии** китайский
चूडी **чууrии** *ж* браслет
चोगा **чоr̲аа** *м* халат
चोली **чолии** *ж* лиф; короткая кофта
छींट **чhũит** *ж* ситец
छूतछात **чhуутчhаат** *ж* неприкасаемость
जरी **зарии** *ж* парча
जूडा **джууrаа** *м* коса, уложенная в пучок
जैन **джайн 1.** джайнистский **2.** *м* джайнист
ज्ञात **гйаат** 1)узнанный 2)известный
ज्वार **джваар** *м* джуар, просо
टीला **tиилаа** *м* холм, возвышенность
तरफ **тараф** *ж* **1.** *ж* сторона, направление **2.** की ~ в сторону
ताँबा **тăабаа** *м* медь
दाढी **даarhии** *ж* борода
दासी **даасии** *ж* 1)рабыня 2)служанка
दुपट्टा **дупаttаа** *м* 1)шарф 2)накидка
द्विज **двидж** *м* дважды рожденный
धनी **дhании** богатый
धारण **дhааран̲** надевание, ношение
ध्यान **дhйаан** *м* внимание
नाचना **наачнаа** *нп.* танцевать, плясать
पगडी **пагrии** *ж* тюрбан; чалма
पट्टी **паttии** *ж* 1)полоса материи 2)бинт, повязка
पता **патаа** *м* 1)адрес 2)весть, известие
पात्र **паатр** *м* 1)сосуд 2)действующее лицо, персонаж
पाप **паап** *м* грех
पीछे **пичhе 1.** позади, сзади; назад **2.** के ~ сзади; после
पुरुष **пуруш̲** *м* мужчина; человек
प्याज **пйааз** *м* лук
प्रयुक्त **прайукт** употребленный, примененный
प्रयोग **прайог** *м* 1)использование 2)опыт, эксперимент
प्रायश्चित **праайашчит** *м* покаяние; искупление
बरतन **бартан** *м* посуда
बँधना **бăдhнаа** *нп.* быть связанным, привязанным
बहुमूल्य **баhумуулйа** драгоценный
बाँधना **бăадhнаа** *п* связывать, завязывать
बाँह **бăаh** *ж* рука (*от плеча до кисти*)

बाजरा **бааджраа** *м* баджра, просо

बाल **баал** *м* волос; шерсть

बाहु **бааhу** *ж* рука (*от плеча до кисти*)

बौद्ध **бауддh 1.** буддийский **2.** *м* буддист

ब्राह्मण **браahман** *м* брахман

भगवा **бhагваа** цвета красной охры

भागी **бhаагии** *м* участник

भुजबंद **бhуджбанд** *м* браслет

मणि **мани** *м/ж* 1)драгоценный камень 2)жемчуг

मद्य **мадйа** *м* вино

मद्यपान **мадйапаан** *м* употребление спиртного

मना **манаа** запрещенный

महात्मा **маhаатмаа** *м* махатма, великий человек

मांसाहार **маансааhаар** *м* употребление мяса

मामूली **маамуулии** обычный, обыкновенный

मुकुट **мукуt** *м* корона

रंगीन **рангиин** 1)цветной 2)красочный, живописный

रत्न **ратн** *м* драгоценный камень

रानी **раании** *ж* рани, царица

रूई **рууии** *ж* 1)хлопок 2)вата

रेशमी **решмии** шелковый

लहँगा **лаhãга** *м* юбка

लहसुन **лаhсун** *м* чеснок

विन्यास **винйаас** *м* приведение в порядок

विविधता **вивидhтаа** *ж* разнообразие

वैष्णव **вайшнав 1.** вишнуитский **2.** *м* вишнуит

शंख **шанкh** *м* раковина

शक्कर **шаккар** *ж* сахар

शराब **шарааб** *ж* вино

शाकाहार **шаакааhаар** *м* вегетарианство

शिला **шилаа** *ж* скала

शीतोष्ण **шитошн** умеренный (*о климате*)

शुद्ध **шуддh** 1)чистый 2)точный, правильный

शुद्धता **шуддhтаа** *ж* 1)чистота 2)точность, правильность

शृंगार **шрингаар** *м* украшение

शौकीन **шаукиин** *м* любитель

श्वेत **швет** белый

सजाना **саджаанаа** *п* украшать; наряжать

सन्यासी **санйаасии** *м* саньяси, отшельник

साडी **саагии** *ж* сари

साधारणतया **саадhаарантайаа** обычно, обыкновенно

साधु **саадhу** *м* садху, аскет; *зд.* монах
सिर **сир** *м* голова
सीना **сиинаа** *п* шить
सुंदरता **сундартаа** *ж* красота
सुगंधित **сугандhит** ароматный, душистый
स्तन **стан** *м* женская грудь
स्वच्छता **сваччhтаа** *ж* чистота
हाथीदाँत **hатhиидăат** *м* слоновая кость
हार **hаар** *м* ожерелье

भौगोलिक नाम

अजंता – название места, где находятся знаменитые пещерные храмы

मथुरा – г. Матхура (*ш. Уттар Прадеш*), место рождения бога Кришны

निजी नाम

कंकाली – один из эпитетов богини Дурги

बुद्ध - (*букв.* «просветленный) *соб.* Будда

Лексико-грамматический комментарий

१. जरी के काम का «золототканный».

२. Глагольный монолит धारण करना имеет значение «носить», «надевать».

३. ПНВ в сочетании со словами समय (वक्त) «время» образует обстоятельственный оборот времени, который может переводиться на русский язык как субстантивным словосочетанием, так и придаточным времени: नाचते समय «во время танца», «когда танцуешь»; किताब पढते समय «во время чтения книги», «когда читаешь книгу» и т.п.

४. Союзное слово जैसा कि «подобно тому, как», «как» вводит придаточное дополнительное предложение с присоединительным оттенком.

५. गोद में लेना «брать на руки», «сажать на колени».

६. आधी बाँह वाली अँगिया «блузка с короткими рукавами» (*букв.* «до половины руки»).

७. Идиоматическое выражение काम चलाना означает «довольствоваться», «удовлетворять потребности».

८. ध्यान देना «обращать внимание» (*на кого-л., что-л. की ओर*).

९. श्वेतांबर (*букв.* «покрытый белым») – название одной из двух сект джайнизма. Другая секта называется दिगंबर (*букв.* «покрытый небом»), и поэтому ее последователи ходят полностью обнаженными.

१०. बाल (दाढी) रखना «носить или отпускать волосы («бороду»)».

११. केश विन्यास करना «делать прическу», «укладывать волосы».

१२. Идиоматическое выражение पता लगना (चलना) означает «выясняться», «обнаруживаться».

१३. बालों के पीछे जूडा बाँधना «завязывать волосы узлом (пучком) на затылке».

१४. फूल लगाना «вставлять («вплетать») цветы».

१५. ब्राह्मण «брахман», представитель первой касты, касты жрецов в кастовой системе индусов. क्षत्रिय «кшатрий», представитеь второй касты, касты воинов. Вместе с третьей кастой, кастой торговцев (वैश्य) считались дважды рожденными (द्विज), поскольку только они могли совершать определенный жертвенный обряд, который приравнивался ко второму рождению.

१६. दाढी के बाल कटवाना «брить бороду» (*с чьей-л. помощью*).

१७. घुँघरू वाले जेवर «украшения в виде браслетов для ног с колокольчиками» (*обычно надеваются во время исполнения классических и фольклорных индийских танцев*).

१८. भुजबंद – вид браслета, который обычно надевается выше локтя.

१९. Идиоматическое выражение खयाल रखना означает «заботиться», «уделять внимание».

२०. Глагольный монолит शुद्ध करना имеет следующие значения: «чистить», «очищать» и «исправлять».

२१. वैष्णव धर्म «вишнуизм», одно из течений индуизма.

पाठ के अभ्यास

१. पाठ को पढ़िये और रूसी में अनुवाद कीजिये।

२. हरेक नये शब्द दो बार लिखिये।

३. अनुवाद कीजिये।

шить юбку (блузку, рубашку, халат), искусство шитья, ошибочное мнение, ошибочная мысль, умеренный климат, обычное явление (положение), обычные люди, обычный вопрос (ответ), парчевые одежды, юбка для танца, высокий холм, церковь на холме, царица ночи, покупать рабыню, носить национальные одежды, быть нарисованным на картине (на скале), шить одежду из ситца, знаменитые пещеры Аджанты, пещерный храм, брать ребенка на руки, кофточка с короткими рукавами, носить ватный халат, обходиться одним лишь дхоти, разнообразие культур (цветов, мыслей, сари), удивительная (необычная) красота, красота природа (человека, девушки, одежды, украшений), обращать внимание на развитие событий, уделять внимание изучению языка, китайские шелковые одежды, покрывать шерстяной тканью, цветной кинофильм, красочная одежда, буддийский монах, индусский отшельник, носить бе-

лые одежды, одежда цвета красной охры, носить корону на голове, повязывать тюрбан, царская корона, связывать руки и ноги, обращать внимание на украшение волос, красивая (круглая, маленькая) голова, осмотреть с ног до головы, сиять над головой, носить длинные волосы, делать прическу на голове, послать письмо по индийскому адресу, завязывать волосы узлом на затылке, пахучая роза, ароматные вещества, брить бороду, отпускать бороду, украшать одежду цветами, использовать для украшения, любитель дорогих украшений, богатый крестьянин (торговец), бесценный драгоценный камень, носить на шее золотое урашение, покупать в Индии серебрянные и медные браслеты, украшения из раковин и слоновой кости, статуэтка из слоновой кости, носить кольца на всех пальцах, носить повязку на голове, повязывать повязку на руку, покупать китайскую посуду, мыть посуду после еды, использование медной посуды, сосуд для вина, класть сахар в чай, употребление патоки вместо сахара, готовить еду на топленом масле, пропаганда ненасилия, считать употребление мяса грехом, обряд очищения, совершать обряд очищения от греха, употреблять в пищу лук и чеснок, чистота мыслей (тела, комнаты), получать (отдавать) приказ, получать разрешение на торговлю спиртными напитками, быть участником национального праздника.

४. अनुवाद कीजिये।

सिर (गले, सोने) के आभूषण, देश का आभूषण, अजीब खयाल, कमीज (चोगा) सीना, गलत काम (तरीका, रास्ता), गलत समझना, शीतोष्ण जलवायु, आधा घंटा (हिस्सा), आधी दुकान (रात), आधे लोग, आधा-आधा बाँटना, रेशमी साडी, साडियों की प्रदर्शनी, साडी पहनना (ओढना), सिर पर दुपट्टा ओढना, खुशी से नाचना, मंच पर नाचना और गाना, कडी (पर्वतीय) शिला, घर (फूलों, पहाडों) की रानी, रानी की दासी, बच्चे को गोद में उठाना, बायीं (लंबी, मोटी) बाँह, बाँहों में लेना (भरना), बाँह में बाँह डाले चलना, कमीज की बाँह, रूई का चोगा, अनुभव (

रंगों, विचारों, साडियों, मतों) की विविधता, शरीर (प्रकृति, भावना, रूप, विचारों) की सुंदरता, बच्चे का ध्यान (खयाल) रखना, रंगीन दुपट्टा (कपडे, जीवन, फिल्म, आदमी), भगवा (श्वेत) वस्त्र, काले (खुले, नरम, घने, मोटे, लंबे, सफेद) बाल, पगडी (हाथ-पैर, टाँगें, पट्टी, सामान, पुल) बाँधना, केवल पुरुषों के लिए, घर की तरफ जाना, पढाई की तरफ ध्यान देना, दोनों तरफ लिखना, काले (सफेद, लंबे) केश, केश विन्यास करना, स्थायी (अस्थायी, घर का) पता, अपना नाम और पता लिखना, पते पर भेजना, जूडे पर फूल लगाना, जूडा बाँधना, काली (सफेद, लंबी) दाढी, दाढी रखना, बाल काटना (कटवाना), पेड (अँगुली, गला) काटना, कमरा फूलों से सजाना, सडक झंडों से सजाना, शरीर को गहनों से सजाना, जाडे मं गरम कपडों का प्रयोग, शब्दों (भाषा, कहावत) का शुद्ध प्रयोग, नये तरीके प्रयुक्त करना, सिर पर मुकुट धारण करना, गले पर हार पहनना, अँगुली में अँगूठी पहनना, फूलों की माला, साने का हार, भारथ रत्न, असली रत्न, बहुमूल्य मत (समय, सलाह, वस्तु), सोने की चूडियाँ, कपडे (लोहे, लकडी, सिर, बाँह) की पट्टी, बाहु पर पट्टी बाँधना, जीवन (मन, समाचारों, भाषा) की शुद्धता, शुद्ध जल (वायु, विचार, भाषा, लाभ), सोने (चाँदी, ताँके) का पात्र, नाटक के पात्र, मिट्टी (ताँबे, पीने, खाने, धोने, लकडी) का बरतन, चाय में शक्कर डालना, घोर पाप, पाप का प्रायश्चित करना, प्रदर्शनी के भागी, राजा की आज्ञा से, आज्ञा मानना, आज्ञा लेना (देना, प्राप्त करना), शरीर (घर, गाँव, मन) की स्वच्छता.

५. समानार्थक शब्ल लिखिये।

आभूषण (२), विचार, सामान्य (२), मालूम, सफेद, ओर, चूडी, बाल, सफाई, साफ, आम तौर पर, शराब, आदमी.

६. निम्नलिखित विशेषणों के साथ सभीसंभव सँज्ञाएँ जोडिये।

गलत, शीतोष्ण, मामूली, ज्ञात, आधा, रेशमी, ऊनी, श्वेत, बौद्ध, धनी, अमूल्य, बहुमूल्य, शुद्ध.

७. लिंग (род) और अनुवाद के साथ वस्त्रों, आभूषणों तथा भोजन के पदार्थों संबंधी सब नाम अलग अलग लिखिये।

८. रिक्त स्थानों को भरिये।

१)भारत में शीत, उष्ण और ... प्रदेश हैं। २)... की कला प्राचीनतम काल से लागों को ज्ञात था। ३)... प्रश्न का सही उत्तर कैसे दिया जा सकता है। ४)प्रत्येक देश में जनसंख्या का अधिकतर भाग ... लोग हैं। ५)भारत में प्राय: सब स्त्रियाँ ... पहनती हैं। ६)साडी के ऊपर ... पहना जाता है। ७)नाचने के लिए स्त्रियाँ विशेष ... पहनती हैं। ८)भारत में अनेक ऐसी ... हैं जिन पर रंगीन चित्र ... होते हैं। ९)रानी की सेवा करने के लिए अनेक ... थीं, १०)बनारसी साडियाँ ... के काम के कारण बहुत प्रसिद्ध हैं। ११)घुँघरू वाले जेवर ... समय पहने जाते हैं। १२)अजंता की ... अपने रंगीन चित्रों के कारण प्रसिद्ध हैं। १३)संसार भर में बच्चे को ... में लिए हुए कितनी स्त्रियों के चित्र बनाये गये हैं। १४)यह आधी ... वाली अँगिया है। १५)हिमालय में रूई का ... सब से उचित वस्त्र है। १६)हिन्दुस्तानी बाजारों पर कपडों की ... आकर्षण की वस्तु है। १७)गंगा के दृश्य की ... से सब लोग प्रभावित होते हैं। १८)पढाई की तरफ ... देना आवश्यक होता है। १९)प्रत्येक धर्म के साधु-सन्यासी अपने रंग के वस्त्र पहनते थे: बौद्ध ... प्राय: लाल, हिन्दू सन्यासी ... और जैन साधु ... या पीला कपडा पहनते थे। २०)राजा लोग सिर पर ... धारण करते थे। २१)मामूली लोग ... बाँधते थे। २१)बालों के ... की तरफ बडा ध्यान दिया जाता था। २२)ब्राह्मण लोग ... और ... के बाल कटवाते थे। २३)क्षत्रिय लोग लंबी ... रखते थे। २४)सफेद वस्त्र

धारण करने वाले जैनों को ... कहते हैं। २५)पगडी ... एक कला है। २६)जिस ... पर मुकुट है वही राजा है। २७)रेबमस कपडे ... लोग पहनते थे। २८)ठंडे प्रदेशों में ... वस्त्रों को ही पहनना पडता है। २९)अब सब फिल्में ... होती हैं। ३०)शिला पर कुछ शब्द ... हैं। ३१)छोटी पहाडी को ... कहते हैं। ३२)सिख लोग अपने ... नहीं कटवाते। ३३)प्राय: सब स्त्रियाँ अपने बालों के ... की तरफ ध्यान देती हैं। ३४)आप मेरी इ मेल का ... लिख लीजिये। ३५)इस स्त्री के बालों के पीछे ... बँधा है। ३६)सब स्त्रियाँ ... का प्रयोग जानती हैं। ३७) गले में ..., बाँहों पर ..., अँगुलियों पर ..., यही भारतीय स्त्री का चित्र है। ३८)गहने सोने के होते हैं और ... के होते हैं। ३९)बडे-बडे ... अमूल्य होते हैं। ४०)नाचते समय लगभग सब स्त्रियाँ ... वाले जेवर पहनती हैं। ४१)हाथ में पाँच ... हैं। ४२)... शरीर का वही अंग है जिससे बच्चा दूध पीता है। ४३)प्राचीन काल में स्तन ... से बँधे हुए थे। ४४)साडी के साथ ... पहनना मुसलमानी संस्कृति के प्रभाव का कारण है। ४५)जैन धर्म विचारों की ... और शरीर की ... पर आधारित है। ४६)पहले भोजन के ... सोने, चाँदी और ताँबे के थे। ४७)प्रत्येक भोजन के बाद ... शुद्ध किये जाते थे। ४८)... का धर्म हिन्दुओं का है और ... का रिवाज मुसलमानों का है। ४९)हिन्दुओं के लिए मांस खाना ... समझा जाता है जिसका ... करना आवश्यक है। ५०)भारत के गाँवों में लोग शक्कर कम खाते हैं, वे अधिकतर ... खाते हैं। ५१)प्राचीन भारत में ... और ... स्वास्थ्यकर नहीं समझे जाते थे। ५२)चाहे हिन्दुओं के लिए, चाहे मुसलमानों के लिए ... पीना मना है। ५३)ब्राह्मण और क्षत्रिय ... समझे जाते थे। ५४)इनको शराब बेचने की ... नहीं थी। ५५)संविधान के अनुसार छूतछात और उसका प्रचार मना है।

९. अनुवाद कीजिये।

Как говорят в Индии, «все мы индийцы, но все мы разные». Это разнообразие внешнего вида, одежды, питания, обычаев и обрядов можно видеть в каждом индийском штате.

На севере Индии, в Гималайских горах нельзя жить без теплых шерстяных вещей. Кроме этого, там носят толстые ватные халаты. Под халат надевают рубашку-камиз и длинные шаровары (शलवार *м*). Женщины здесь носят массивные украшения, сделанные в основном их серебра.

Жители Панджаба (पंजाब), среди которых много сикхов, также носят рубашки и шаровары. Женщины сверху носят шарф-дупатта. Иногда все эти три вещи шьются из одной ткани. Мужчины сикхи повязывают тюрбан. Они никогда не стригут волосы ни головы, ни бороды. Кроме этого, сикх может носить рубашку-курта.

Индусы Севрной Индии вместо шаровар носят дхоти разной длины или штаны-паджама (पाजामा *м*). И дхоти, и штаны-паджама бывают белого цвета.

В штате Раджастхан женщины носят длинную юбку-гхагхра (घाघरा *м*) и корткую кофточку-чоли. С одеждой, которая здесь бывает красного цвета и очень часто расшита золотом, носят много украшений. Женщины нанизывают на руки (иногда по самое плечо) множество браслетов, число которых может достигать двадцати на каждой руке. Раньше такие браслеты делались из слоновой кости. Помимо браслетов, женщины носят много украшений из серебра.

В других штатах Северной Индии женщины носят сари, которые разнятся длиной и манерой повязывания. Есть сари, длинной в 4-5 метров и есть сари, длина которых достигает 9 метров. Под сари зимой надевают нижнюю юбку (साया *м*, छोटा लहँगा) и всегда надевают блузку-чоли. Последние два предмета – результат воздействия мусуьманской культуры. В деревнях и особенно на юге Индии женщины и сейчас носят только сари.

Короткое сари часто называют дхоти. Его обычно носят в деревнях.

Наибольшей известностью в Индии пользуются бенаресские (बनारसी) сари, кайма которых выткана золотым шитьем. Встречаются очень дорогие сари, на кайму кторых используют до 200 грамм золота.

В Южной Индии носят длинные сари. Мужчины часто носят только одно дхоти.

Наряду с национальной одеждой в Индии носят и европейскую, которая ничем не отличается от той, что носят в России.

Продовольственная карзина в Индии подразделяется на индусскую, мусульманскую и христианскую.

Большинство индусов не ест мяса, хотя это не запрещено религией. Некоторые индусы не едят даже яйца и не пьют чай. Но некоторые индусы употребляют в пищу рыбу, едят яйца пьют чай и кофе (काफी *ж*). Почти все индусы, особенно брахманы не пьют вина. В вегетарианскую пищу входят изделия из бобовых и просяных, рис и различные лепешки («лепешка» रोटी *ж*). Много употребляется в пище пряностей. Чаще всего для приготовления пищи используют топленое и растительное масло («растительное масло» वनस्पति तेल *м*).

Кухню мусульман отличает употребление мяса. Мусульмане готовят различные пловы («плов» पुलाव *м*) и кебабы («кебаб» कबाब *м*).

Христиане в Индии едят европейскую еду.

В Индии растут все фрукты мира и много таких, которые встречаются только в Индии. Царем индийских фруктов считается манго. Повсеместно встречаются бананы («банан» केला *м*). Говорят, что в Индии растет более ста сортов бананов.

Индийцы обычно едят не более трех раз в день. Завтрак, обед и ужин у индусов мало отличаются друг от друга. Мусульмане обычно едят мясо вечером. Христинская еда очень близка к английской.

१०. अनुवाद कीजिये।

सुपर बाजार

यह दिल्ली का सुपर बाजार है। अभी तक इससे बडा बाजार शहर में नहीं है। यह देश का सम से बडा सुपर बाजार है। यह बाजार नगर के केंद्र में एक बहुत बडे भवन में है। इसमें छः मंजिलें हैं और हर एक मंजिल पर कई विभाग हैं। पहली मंजिल पर घरेलू सामान, तरकारी आदि मिलती है।

दूसरी और तीसरी मंजिल प। वस्त्र विभाग हैं। इन विभागों में रेशमी, ऊनी और छींट के कपडे बिकते हैं। इन्हीं विभागों में तैयार कपडे, साडियाँ, साडी-चोली के सेट, कुरते तथा कमीजें, लहँगे तथा अँगियाँ भी मिलती हैं। एक खाने का कमरा भी है तीसरी मंजिल पर। यहाँ लोग बैठकर नाश्ता या भोजन करते हैं। अगली मंजिल पर किराना विभाग (бакалейный отдел) है। यहाँ सभी प्रकार की दालें, वनस्पति घी, मसाले और अन्य आवश्यक सामान मिलता है। सुपर बाजार से बिक्री में बहुत सुविधा मिलती है। इससे समय की बचत होती है और अच्छी साफ सुथरी चीजें उचित दाम पर मिलती हैं।

इसी प्रकार के बाजार दूसरे बडे नगरों में खुले हैं। इन बाजारों से जनता को काफी लाभ मिलता है।

किसान और दर्जी

किसी गाँव में एक किसान रहता था। एक बार की बात है, किसान की टोपी फट गयी, वह बाजार से आधा गज कपडा लाया और दर्जी की दुकान पर गया।

किसान ने दर्जी से कहा, “मियाँ दर्जी, मुझे एक टोपी सिलानी है। मेरे पास आधा गज कपडा है, क्या तुम इसमें मेरी टोपी सी दोगे?”

दर्जी: हाँ, सी दूँगा। कल आकर ले जाना।

किसान ने दर्जी को कपडा दे दिया और अपने घर चल दिया। रास्ते में जाते-जाते किसान सोचने लगा, “मैंने दर्जी से इक टोपी सीने को कहा था। वह जल्दी में तैयार हो गया। अवश्य इसमें दर्जी की चालाकी है। मालूम होता है वह कुछ कपडा बचाना चाहता है।”

किसान दोटा और दर्जी के पास जाकर बोला, “क्यों मियाँ दर्जी, तुम उस कपडे में दो टापियाँ न सी दोगे?”

दर्जी: क्यों नहीं? दो सी दूँगा।

किसान चला गया। लेकिन उसके मन में फिर संदेह हुआ। वह फिर लौटकर आया और दर्जी से कहने लगा, “देखो भाई, दो नहीं, तुम उस कपडे की तीन टोपियाँ सी देना।”

दर्जी: अच्छी बात है, तीन सी दूँगा।

किसान बडे चक्कर में आया। वह सोचने लगा कि यह बात क्या है? अब की बार किसान ने दर्जी से चार टोपियाँ सीने को कहा। दर्जी ने कहा, “अच्छी बात है।”

किसान को चैन कहाँ। वह फिर लौटा और दर्जी से कहने लगा, “देखो दर्जी, मुझे पाँच टोपियों की आवश्यकता है। तुम पाँच टोपियाँ सी देना। मैं कद आकर ले जाऊँगा। देखो, ठीक सीना।”

यह कहकर किसान अपने घर चला गया।

किसान अपनी समझदारी से बहुत संतुष्ट था। सबेरा होते ही किसान मुँह-हाथ धोकर और नाशता करके दर्जी की दुकान पर जा पहुँचा। किसान ने टापियाँ माँगीं। दर्जी ने पाँच टापियाँ निकालीं और किसान की पाँचों अँगुलियों पर एक एक करके रख दीं।

नये शब्द: दर्जी *м* портной; टोपी *ж* шапка; मियाँ *м зд.* уважаемый; सोचना *п* думать; चालाकी *ж* хитрость; संदेह *м* сомнение

हिन्दुस्तान हमारा

अब भारत एक बडा भारी देश है। आप लोगों में से कुछ शायद भारत की यात्रा पर गये हों। उत्तर में हिमालय पहाड है, दक्षिण में बडी दूर जाइये, तो वहाँ रामेश्वर है। हमारा इतना लंबा-चौडा देश है, इसमें इतने राज्य हैं। हम यहाँ उत्तरप्रदेश में हैं, हम से मिला हुआ बिहार राज्य है। आगे बढो तो बंगाल है। उस तरफ बंबई है। मद्रास है, पंजाब है... कितने नाम मैं लेता जाऊँ? ये हमारे देश के बडे-बडे राज्य हैं। इन में अनगिनत लोग रहते हैं, उनके अलग-अलग धर्म हैं। बहुत से हिन्दू रहते हैं, हिन्दुओं में भी बहुत सी जातियाँ हैं। फिर, यहाँ मुलिमान रहते हैं, ईसाई रहते हैं, जैन, सिख, बौद्ध, सब लोग रहते हैं। अब ये सब धर्म हमारे देश के धर्म हो गये हैं। सब लोग अपने-अपने धर्म पर चलें। लेकिन देश के काम में तो सब एक हैं। हमें आपस में प्रेम से मिलकर रहना चाहिए। यह बहुत जरूरी है।

आप हिन्दुस्तान के पुराने इतिहास को देखें। मैं राजा-महाराजा और बडे सम्राटों के इतिहास की बात नहीं कहता, जो आप पढते हैं। पर जो असल में इतिहास होता है, उसको आप देखें कि हिन्दुस्तान के दिमाग (ум) ने क्या-क्या किया। आप देखेंगे कि आज से कई हजार साल पहले कितनी चीजें हिन्दुस्तान के दिमाग से निकलीं, जिन्होंने दुनिया पर प्रभाव डाला। मैं सब बातें नहीं कहता, लेकिन दो-एक चीजों की तरफ आपका ध्यान दिलाता हूँ जो आजकल से संबंध रखती हैं।

एक तो यह कि हिन्दुस्तान के लोग प्राचीन काल से अपने देश से बाहर जाते थे। यहाँ का ज्ञान लेकर, यहाँ का धर्म लेकर, यहाँ की कलाएँ लेकर। आप एशिया में जाइये, पूर्वी एशिया, इंडोनेशिया, चीन, जापान, मंगोलिया, तिब्बत, कहीं भी जाएँ, पुराने हिन्दुस्तान के दिमाग से बनी चीजें आपको मिलेंगी। हिन्दुस्तान ने इन देशों पर चढाई नहीं की, जैसे और देश करते हैं। वहाँ हिन्दुस्तान का दिमाग पहुँचा, उसकी भवन निर्माण कला वहाँ पहुँची और उसकी संस्कृति वहाँ पहुँची। अगर आप

हिन्दुस्तान की पुरानी इमारतें आप देखना चाहते हैं, तो हिन्दस्तान में आपको शायद ही उतनी बडी मिलें, जितनी बडी कम्बोडिया में मिलेंगी, जो आपको अफगानिस्तान औरु इंडोनेशिया में किलेंगी। भारत की कितनी अी किताबें चीन में हैं, संस्कृत का चीनी भाषा में उनका अनुवाद है। हमारे यहाँ की असली चीन का उन्होंने उसी काल में अनुवाद किया था, जो आज फिर हमें एस अनुवाद से पढना पडता है।

(जवाहरलाल नेहरू के भाषण पर आधारित).

११. रूसी में प्रश्नों का अनुवाद करके उनका उत्तर दीजिये।

1)Существовало ли в Древней Индии искусство шитья. 2)Есть ли в Индии районы с холодным и умеренным климатом? 3)Почему ошибочно мнение о том, что индийцам не нужна теплая одежда? 4)Как надевают женщины сари? 5)Что одевали женщины в Древней Индии во время танца? 6)Что было нарисовано на одном из камней Канкалийского холма? 7)Что носили индийские женщины в древние времена? 8)Где в Индии носят ватные халаты? 9)Почему древние люди жили в пещерах? 10)Как Вы понимаете слова «единство в многообразии»? 11)Можно ли словами описать красоту природы? 12)Уделяете ли Вы внимание международному положению? 13)Брали ли Вас ребенком на руки? 14)Берете ли Вы на руки свою кошку? 15)Какими предметами одежды Вы обходитесь? 16)Когда Вы носите шелковые рубашки, а когда шерстяные? 17)Посещали ли китайские путешественники Россию? 18)Видели ли Вы когда-нибудь буддийского монаха или индусского отшельника? 19)Чем различается их одежда? 20)Кого в Индии называют «одетыми небом»? 21)Можно ли назвать Шапку Мономаха короной? 22)есть ли России народности, которые носят тюрбан? 23)Носили ли Вы когда-нибудь ватный халат? 24)Стригли ли волосы и бороды индийские кшатрии? 25)Как носят волосы индийские женщины? 26)Знаете ли Вы электронный адрес

МГИМО? 27)Какую общую одежду носят в Индии мужчины и женщины? 28)Если Вы мужчина, то носите ли Вы бороду? 29)Носят ли бороду индийские брахманы? 30)Когда примерно появился в нашей стране первый цветной кинофильм. 31)Какие украшения Вы носите? 32)Из чего они сделаны? 33)Помогают ли здоровью медные браслеты? 34)Любите ли Вы драгоценные камни? 35)Есть ли в Вашем доме изделия из слоновой кости? 36)Есть ли у Вас дома морские раковины? 37)Что такое кофточка чоли? 38)Носят ли такие кофточки у нас в России? 39)Видели ли Вы когда-нибудь браслеты для ног, которые надевают для танцев? 40)Употребляете ли Вы мясо в пищу? 41)Почему почти все индусы не едят мяса. 42)Нравится ли Вам вегетарианство? 43)Обладают ли целебными свойствами лук и чеснок? 44)Приходилось ли Вам когда-нибудь искупать свои грехи? 45)Что считается одним из грезов в Индии? 46)Ели ли Вы когда-нибудь патоку из сахарного тростника? 47)Готовят ли у Вас в доме еду на топленом масле? 48)Кто в Индии не пьет вино? 49)Позволено ли в Индии торговать вином дважды рожденным? 50)Какую из индийских одежд Вы могли бы носить?

१२. भारतीय वस्त्रों की कहानी कहिये।

१३. भातरीय आभूषणों की कहानी कहिये।

१४. भारतीय भोजन संबंधी कहानी कहिये।

१५. रूसी में बातचीत का अनुवाद करके उसको याद कीजिये।

दुकानदार: आइये, आइये, कहिये।
मदनलाल: सूट का कपडा दिखाइये।
दुकानदार: बैठिये। हमारे यहाँ कई प्रकार का कपडा मिलेगा। आपको कैसा कपडा चाहिए?
मदनलाल: कोई अच्छा सा दिखाइये।

दुकानदार: सुनो, रमेश, ऊपर के तीन थान निकालो। लीजिये, साहब, यह सब से अच्छे कारखाने का कपडा है। आजकल बहुत चलता है।

मदनलाल: इसका दाम क्या है?

दुकानदार: दाम कोई ज्यादा नहीं है। आपके लिए नव्वे रुपये मीटर।

मदनलाल: यह तो बहुत महँगा है, कोई सस्ता दिखाइये।

दुकानदार: अरे साहब, इस दाम में आपको ऐसा कपडा नहीं मिलेगा। हमारी बात मानिये औरु इसका सूट बनवा लीजिये। थोडा ही कपडा रहा है इसीलिए इस दाम में मिल रहा है।

मदनलाल: इसमें कोई और रैग मिलेगा?

दुकानदार: इसमें दो शेड आते हैं। सब से ऊपर से दूसरा थान, हाँ, हाँ, उसको खोलो।

मदनलाल: नहीं, मत खोलिये। यह नहीं, वह जो नीचे से चौथा, नहीं, पाँचवाँ थान निकालिये।

दुकानदार: यह देखिये, बहुत अच्छा कपडा है, विदेशी है। शेड भी बहुत अच्छा है।

मदनलाल: यह किस दाम का है?

दुकानदार: यह कुछ महँगा है। एक सौ चालीस रुपये मीटर।

मदनलाल: कुछ कम कीजिये न?

दुकानदार: माफ कीजिये, यहाँ मोलभाव नहीं होता। थान के अंदर हर मीटर पर दाम अंकित है।

मदनलाल: ठीक है। सवा तीन मीटर दीजिये। यह लीजिये, पाँच सौ रुपये।

दुकानदार: धन्यवाद, यह लीजिये शेष रुपये। इन्हें गिन लीजिये।

मदनलाल: ठीक है, धन्यवाद।

नये शब्द: सूट *м* костюм; थान *м* рулон ткани; महँगा дорогой; शेड *м* оттенок; माफ कीजिये прошу прощения.

चुटकुले

१. वन में काम करने वाले दो आदमी घर पर आराम कर रहे अपने एक मित्र के घर आकर पूछने लगे, “ठीक तो हो न?”

“हाँ, सब ठीक है।”

“भाई, अभी-अभी हमने वन में एक आदमी को मरा हुआ पाया। हमारा खयाल हुआ, कहीं तुम न हो”

“वह देखने में कैसा लगता था?”

“हाँ, तुम्हारे ही जैसा।”

“पीली कमीज पहने था?”

“हाँ।”

“और लाल रंग का शलवार?”

“नहीं, शलवार सफेद था।”

“तो फिर मैं वह नहीं था।” मित्र ने उन्हें दरवाजा दिखाते हुइ कहा।

२. “जब तुम देर से घर पहुँचते हो तो अपनी स्त्री से क्या कहते हो?” एक ने अपने मित्र से पूछा।

उसने कहा, “तब मुझे कुछ कहने की आवश्यकता ही नहीं पडती। वही सब कुछ कह लेती है।”

३. माँ: पुत्र, यह क्या कर रहा है?

पुत्र: भाई को पत्र लिख रहा हूँ।

माँ: लेकिन तुझे अभी तक लिखना नहीं आता है।

पुत्र: तो माँ, भाई को पढना ही नहीं आता।